जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, रविवार 2 जून, 2024

GROW WITH INDIA
INVEST WITH KEDIA

4 जून से देश में होगी स्वर्णिम युग की शुरुआत
3 दिन में कमाओ
10 लाख

इस ऐतिहासिक दिन पर केडिया अपने सभी प्रोजेक्ट्स में एक साथ कीमतों में 10 लाख तक की वृद्धि करके एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस सुनहरे भविष्य का हिस्सा बनिए केडिया के साथ !



FIXED PRICE GUARANTEED
ASSET GROWTH GUARANTEED
NO MIDDLE-MEN

ONGOING VILLAS & APARTMENTS PROJECTS

KEDIA सेजस्थान — KOTHI & WALK-UP APARTMENT — अजमेर रोड़, जयपुर — Ajmer Road, Jaipur — 2 लाख कीमत बढ़ेगी
Kedia's THE KOTHI — Sirsi Road, Vaishali Extension, Jaipur — 5 लाख कीमत बढ़ेगी
THE KUNBA — Near MPS, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur — 10 लाख कीमत बढ़ेगी
Kedia's THE PALM — A RETREAT FOR THE ELITE — Vaishali Nagar Extension, Jaipur — 10 लाख कीमत बढ़ेगी
KEDIA'S THE OXYGEN — Rhythmic Blend of Nature & Architecture — Vaishali Nagar Extension, Jaipur — 5 लाख कीमत बढ़ेगी
KEDIA'S Corporate Club — RESIDENTIAL APARTMENTS — Vaishali Extension, Jaipur — 7 लाख कीमत बढ़ेगी

ONGOING PLOTTED PROJECTS

| Project | Location | आज की रेट (प्रति वर्ग गज़) | 4 जून की रेट (प्रति वर्ग गज़) |
|---|---|---|---|
| KEDIA'S CORRIDOR | Ring Road, Tonk Road, Jaipur | 15000 | 18000 |
| Ganesh Vihar EXTENSION | Ring Road, Tonk Road, Jaipur | 15000 | 16000 |
| KEDIA'S KINGDOM | Ring Road, Tonk Road, Jaipur | 12000 | 15000 |
| KEDIA'S CAPITAL — An Integrated Township | Ring Road, Tonk Road, Jaipur | 12000 | 15000 |

4 जून तक हमारे सभी ऑफिस रात 10 बजे तक खुले रहेंगे।

KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RAJ/P/2023/2387 | RAJ/P/2021/1523 | RAJ/P/2021/1526
RAJ/P/2022/1900 | RAJ/P/2020/1274 | RAJ/P/2019/1075
RAJ/P/2019/1132 | RAJ/P/2017/178 | RAJ/P/2017/165

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**शिष्य के ज्ञान पर सही करना यही गुरु का काम है, बाकी के लिए शिष्य स्वावलंबी है। –विनोबा**

# आयुर्वेद की ग्रीष्म ऋतुचर्या

ऋतुचर्या प्राकृतिक कारणों से उत्पन्न जोखिम को कम करने की रणनीति है। ग्रीष्म ऋतु आने वाली है, अतः स्वास्थ्य रक्षण के लिये हर ऋतु की तरह ग्रीष्म ऋतु में भी जीवन-शैली में कुछ बदलाव लाने आवश्यक होंगे। आइये सबसे पहले यह देखते हैं कि यह बदलाव क्यों आवश्यक है और आयुर्वेद में ऋतुचर्या किन सिद्धांतों को ध्यान में रखकर तय की गयी है। लगभग 5000 साल पहले तय की गयी ऋतुचर्या क्या आज भी उपयोगी है? संक्षेप में देखें तो पहली बात यह है आयुर्वेद का लोक-पुरुष-साम्य सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि पुरुष लोक के समान है (च.शा.5.3:पुरुषोऽयं लोकसम्मितः) इस सिद्धांत के प्रकाश में देखने पर लोक या पृथ्वी के वातावरण का सीधा-सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर पडता है क्योंकि लोक और पुरुष में समानता (च.शा.5.3:लोकपुरुषयोः सामान्यम्) होने से सामान्य-विशेष का सिद्धांत कार्य करता है। अर्थात सामान भावों को सामान भावों से मिलाने पर उस भाव की वृद्धि और असमान भावों को मिलाने पर ह्रास होता है। सत्य बुद्धि तभी प्रकट होती है या अकल तभी आती है जब स्वयं के अंदर प्रकृति को व प्रकृति के अंदर स्वयं को देखा जाये (च.शा.5.7): सर्वलोकमात्मन्यात्मानं च सर्वलोके सममनुपश्यतः सत्या बुद्धिः समुत्पद्यते। यहाँ पर लोक से तात्पर्य पूरी दुनिया के वातावरण से है जिसमें छः धातुयें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तथा आत्मा शामिल हैं (च.शा.5.7): षड्धातुसमुदायो हि सामान्यतः सर्वलोकः। इस सूची में आत्मा का शामिल होना आश्चर्यजनक नहीं मानना चाहिये क्योंकि पौधे, प्राणी और सम्पूर्ण जीवन भी लोक में शामिल है।

इन आयुर्वेदिक सिद्धांतों को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाये तो पर्यावरण और पारिस्थिक तंत्र के साथ मानव के रिश्तों की अनवरत सार-संभाल या अनुकूलन ही ऋतुचर्या है। इसे साधारण शब्दों में यों समझें कि यदि हवा, पानी, तापक्रम, मिट्टी, पेड़-पौधों में ऋतु के अनुसार परिवर्तन होते हैं तो हमें भी उसके अनुसार जीवन-शैली और खान-पान और पहनावे में परिवर्तन करना पड़ता है। यह परिवर्तन या अनुकूलन ही धातुसाम्य रखता है। यही अनागत रोगों का प्रतिकार या विकार-अनुत्पत्ति में सहायक है।

आज की चर्चा मई-मध्य से जुलाई-मध्य के ग्रीष्मकाल पर है, जिसके मुख्य शास्त्रीय स्त्रोत चरकसंहिता (च.सू.6.27-32), सुश्रुतसंहिता (सु.उ.64.40-45)एवं अष्टांगहृदय (अ.हृ.सू.3.26-41) हैं। प्रकाशित समकालीन वैज्ञानिक शोध औरआयुर्वेदाचार्यों का अनुभवजन्य ज्ञान भी यहाँ समाहित है (च.सू.6.27-32): मयूखैर्जगतः स्नेहं ग्रीष्मे पेपीयते रविः। स्वादु शीतं द्रवं स्निग्धमन्नपानं तदा हितम्।। शीतं सशर्करं मन्थं जाङ्गलान्मृगपक्षिणः। घृतं पयः सशाल्यन्नं भजन् ग्रीष्मे न सीदति।। मद्यमल्पं न वा पेयमथवा सुबहूदकम्। लवणाम्लकटूष्णानि व्यायामं च विवर्जयेत् ।। दिवा शीतगृहे निद्रां निशि चन्द्रांशुशीतले। भजेच्चन्दनदिग्धाङ्गः प्रवाते हर्म्यमस्तके।। व्यजनैः पाणिसंस्पर्शैश्चन्दनोदकशीतलैः। सेव्यमानो भजेदास्यां मुक्तामणिविभूषितः।। काननानि च शीतानि जलानि कुसुमानि च। ग्रीष्मकाले निषेवेत मैथुनाद्विरतो नरः।।

ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की किरणें अत्यन्त तीक्ष्ण होने से वातावरण के तापमान को बढ़ा देती हैं, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण और द्रव्यों से जल का अंश धीरे-धीरे कम होने लगता है। यही कारण है कि इस ऋतु में कफ का क्षय तथा वात की वृद्धि होती जाती है। बल में कमी तथा अग्नि सामान्य रहती है। यहाँ यह बताना उपयोगी होगा कि विश्व के 245 शहरों के आँकड़े बताते हैं कि हीटवेव या लू के कारण प्रतिवर्ष 12000 से अधिक लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। अर्बन हीट आइलैंड इफ़ेक्ट के कारण प्रायः आसपास के क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में तापमान 3.5 से 12 डिग्री सेंटीग्रेड तक अधिक होने लगता है। इसके कारण लगभग 3 मिलियन लोगों की मृत्यु प्रतिवर्ष होती है। भारत में मई 1998 की ऐतिहासिक हीट वेव जिसमें देश ने दो सप्ताह तक गंभीर गर्मी की लहर का अनुभव किया, वह तत्समय में पिछले 50 वर्षों में सबसे खतरनाक थी। जलवायु परिवर्तन की दशा में भारत सहित पूरी दुनिया में हीट वेव की आवृत्ति, तीव्रता और अवधि में बढ़ोत्तरी, और परिणामस्वरूप मृत्यु बढ़ने की आशंका है। भारत में वर्ष 2009-2010 का सूखा और गर्मी की लहर रूस की रिकार्ड-तोड़ गर्मी के टक्कर की थी। भारत के 640 जिलों में से हीट वेव के सन्दर्भ में 10 बहुत अधिक और 97 बहुत जोखिम वाले जिलों की श्रेणी में आते हैं। सामान्य जोखिम तो देश भर में है। शोध से ज्ञात होता है कि किसी दिन तापमान में 10 डिग्री फैरेनहीट की बढ़त उसी दिन हृदय रोगों, स्ट्रोक, श्वसन रोग, निमोनिया, निर्जलीकरण, गर्मी से स्ट्रोक, मधुमेह और गुर्दे की विफलता सहित कई बीमारियों के लिये अस्पताल में भर्ती होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्मी की बढ़त से वर्ष 2100 तक वैश्विक जी.डी.पी. के 20 प्रतिशत तक हानि की आशंका है।

**ग्रीष्म ऋतु में शरीर में चन्दन का लेप करना, सूक्ष्म व लघुवस्त्र पहनना व माला धारण करना लाभकारी रहता है। शीतल घरों में निवास, विशेषकर ऐसे कक्ष जिनमें जलधारा प्रवाहित हो रही हो, ऐसी शिल्प कलाकृतियों से सज्जित कक्ष जिनमें से मंद जलधारा प्रवाहित हो रही हो, में विश्राम करने का ग्रीष्मकालीन आनन्द अवर्णनीय है। रात्रि में सोने हेतु चन्द्रमा की शीतल किरणों से ठंडी हुई घर की छत पर सोने का आनन्द भी लिया जा सकता है।**

ग्रीष्म ऋतु में कठोर शारीरिक श्रम, व्यायाम व सहवास आदि की अति से बचना चाहिये। धूप में अधिक देर तक समय नहीं गुजारना चाहिये। लवण, कटु एवं अम्ल रसों की प्रधानता वाले द्रव्य, शुष्कताकारक व उष्ण पदार्थों का उपयोग छोड देना श्रेयस्कर है। अल्कोहल का प्रयोग भी नहीं करना चाहिये, यदि करें तो बहुत कम मात्रा में, और उसमें भी बहुत पानी मिलाकर ही उपयोग करें। अन्यथा शोथ, शिथिलता, दुर्बलता, दाह व मोह जैसी समस्यायें उत्पन्न होती हैं।

पेय पदार्थों में रायता एवं खाण्ड (खट्टे, मीठे, नमकीन द्रव्यों का घोल) इक्षुशर्करा या खाण्ड मिला हुआ सुंगधित एवं शीतल पानक या पन्ना लाभकारी है। मंथ अर्थात घी-युक्त सत्तू का शीतल जल में बनाया गया हल्का गाढ़ा घोल जिसमें इक्षुशर्करा, खाण्ड या शहद भी मिलाई जा सकती है, लिया जा सकता है। ठंडा होने के लिये केला या महुआ के पत्तों से ढके हुये मिट्टी के नये बर्तन में अम्ल-रसयुक्त पन्ना या शर्बत भी कुछ समय रखकर पिया जा सकता है। मधु, द्राक्षा (दाख या मुनक्का), फालसा, आमलकी (आँवला) खण्ड (खांड) को शीतल जल में मथ कर पंचसार बनाया जाता है। इसे मिट्टी के सकोरे में पीने का आनंद लीजिये। स्वाद हालाँकि व्यक्तिगत मामला है, पर पंचसार में यदि एक चुटकी सैन्धव लवण डाल दें तो इससे स्वादिष्ट, तृप्तिकर, पौष्टिक और शीतल पेय दुनियाभर में उपलब्ध नहीं है। यह उच्चकोटि का एंटीऑक्सीडेंट होने के कारण ऑक्सीडेटिव-स्ट्रेस को कम करने वाला स्वादिष्ट रसायन भी है। पाढ़ल के पुष्पों से सुगंधित, पुदीना या कर्पूरयुक्त शीतल जल पिया जा सकता है। रात में भैंस के दूध में खाण्ड मिलाकर ठंडा कर पिया जा सकता है। बाजारू कृत्रिम शीतल पेय से छुटकारा पाना ही श्रेयस्कर है।

खाद्य पदार्थों में ग्रीष्म ऋतु में मधुर रस प्रधान, स्वादिष्ट, शीतल और स्निग्ध अन्नपान हितकारी होता है। उदाहरण के लिये, शालि-चावल के भातमें घी या दूध में मिलाकर खाना बहुत स्वादिष्ट लगता है। यह ध्यान देना आवश्यक है कि किसी भी ऋतु में प्रत्येक भोजन में सभी छः रसों का होना आवश्यक है। ग्रीष्म ऋतु में शीतल, स्निग्ध और मधुर रस प्रधान स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों को प्रधानता देते हुये अन्य रसों को भी थोड़ी मात्रा में ग्रहण करना चाहिये।

ग्रीष्म ऋतु में शरीर में चन्दन का लेप करना, सूक्ष्म व लघुवस्त्र पहनना व माला धारण करना लाभकारी रहता है। शीतल घरों में निवास, विशेषकर ऐसे कक्ष जिनमें जलधारा प्रवाहित हो रही हो, ऐसी शिल्प कलाकृतियों से सज्जित कक्ष जिनमें से मंद जलधारा प्रवाहित हो रही हो, में विश्राम करने का ग्रीष्मकालीन आनन्द अवर्णनीय है। रात्रि में सोने हेतु चन्द्रमा की शीतल किरणों से ठंडी हुई घर की छत पर सोने का आनन्द भी लिया जा सकता है। हालाँकि शहरों में औद्योगिक व यातायातीय वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या है। प्रदूषित वायु में निलंबित श्वसनीय विविक्त कणों की मात्रा भारत की परिवेशी वायु गुणवत्ता को हानिकारक स्तर पर ले जा रही है। अतः खुले स्थान पर वहीं सोयें जहाँ प्रदूषण मानक स्तरों के अंदर हो। ऐसी आशंका है कि वायु प्रदूषण वर्ष 2050 तक लगभग 6.6 मिलियन समय पूर्व मृत्यु के लिये उत्तरदायी होगा। प्रदूषित वायु में पीएम-2.5 कणों के कारण विश्वभर में 33लाख लोगों की मृत्यु होती है, इनमें से अधिकाँश एशिया महाद्वीप में हैं। भारत में विश्व की 24 प्रतिशत वार्षिक बाल मृत्य दर मुख्य रूप से श्वसन तंत्र में संकमण के कारण होती है। वर्ष 2010 में घरों के अन्दर वायु प्रदूषण के कारण 3.9 मिलियन लोगों की मृत्यु होने का आकलन किया गया है। वर्ष 2015 में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण शोध में यह पाया गया है कि लगभग 66करोड़ भारतीय, जो भारत की आधी जनसंख्या है, उन क्षेत्रों में निवास करती है जहाँ निलंबित विविक्त कणों के कारण प्रदूषण का स्तर राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों से अधिक है। वायु प्रदूषण के कारण कार्डियोपल्मोनरी रोग, फेफड़ों के कैंसर आदि अनेक रोग होते हैं। अतः हमें अपनी दिनचर्या को इस प्रकार ढालना चाहिये कि प्रदूषणकारी तत्वों के संपर्क में कम से कम आयें।

ग्रीष्म ऋतु में हालाँकि कठोर शारीरिक श्रम व व्यायाम वर्जित हैं, परंतु तालाबों, नदियों अैर वापी या बावड़ियों के समीप रह कर शीतलता का लाभ लिया जा सकता है। दोपहर की तेज धूप में सघन वितान वाले विशालकाय शाल, तमाल, ताल आदि प्रजातियों के वृक्षों की छाया में, जहां सूर्य की किरणें न पहुंच पायें, रहा जा सकता है। प्रातः उपवन में घूमते हुये फूलों एवं जलाशयों का आनन्द लिया जा सकता है। मनोहारी उपवन में पक्षियों के कलरव के मध्य मीठी व तोतली बोली बोलने वाले बाल-बच्चे धमा-चौकड़ी कर रहे हों तो आनंद ही आनंद है। परिवार के प्रिय सदस्यों और अन्तरंग मित्रों का साथ सुखद रहता है। चन्दन के पानी से शीतल किये हुये कमल या ताड़ के पत्तों से बने पंखों की मंद शीतल हवा और उनसे गिरते हुये जल के कणों का आनंद अवश्य लेना चाहिये। गर्मी आने वाली है। इन सब बातों का ध्यान रखकर ग्रीष्म ऋतु में स्वयं को दोष संचय से बचाते हुये को स्वस्थ व सुखी रखा जा सकता है।

**–अतिथि संपादक**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# क्या कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत होनी चाहिए?



अशोक कुमार

किसी देश के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। इसे समय की जरूरतों और दुनिया के बदलते परिदृश्य के साथ बदलना चाहिए। यह मानवता के सामने आने वाले सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक और आध्यात्मिक मुद्दों पर गंभीर रूप से प्रतिबिंबित करने का अवसर प्रदान करता है। पिछले 30 वर्षों में, भारत में उच्च शिक्षा में तेजी से और प्रभावशाली वृद्धि देखी गई है। तथापि, संस्थानों की संख्या में वृद्धि, प्रसारित की जा रही शिक्षा गुणवत्ता के अनुपात में नहीं है। अनियोजित अति-विस्तार भारतीय उच्च शिक्षा की अक्सर की सबसे बड़ी गिरावट के रूप में आलोचना की जाती है।

कक्षाओं में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति निरन्तर घट रही है। केवल कहने मात्र के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति का नियम रह गया है। कक्षाओं मे छात्र छात्राओ की बढ़ रही अनुपस्थिति दर, चिन्तनीय और विचारणीय विषय है ! क्लास उपस्थिति की बात छोड़ अब प्रायोगिक परीक्षाओ में बिना उपस्थिति के ही पास किया जा रहा है। कुछ महाविद्यालय तो बिना परीक्षा में उपस्थिति के पास होने की भी गारंटी दे रहे हैं। प्रशासन बायोमेट्रिक्स केवल शिक्षकों, कर्मचारियों के लिए लागू करना चाहता है लेकिन किसी ने भी यह प्रस्ताव नहीं रखा की छात्रों की भी बायोमेट्रिक्स होनी चाहिए!

अधिकांश विश्वविद्यालय, महाविद्यालय इस समस्या से जूझ रहे हैं। वर्तमान शिक्षा-प्रणाली भी इस समस्या के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार है। नीति-नियामकों द्वारा समय-समय पर जो अव्यावहारिक नीति निर्धारित किया जा रहा है, वह इस समस्या को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। बिना पढ़ाए, बिना पाठ्यक्रम पूरा किये विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में केवल परीक्षा ही परीक्षा का बोलबाला है। सारा सिस्टम केवल परीक्षा और परिणाम निकालने में ही लगातार लगा रह रहा है। छात्र/छात्राओं की अनुपस्थिति के महत्वपूर्ण कारणों में से एक यह भी है। परीक्षा की वस्तुनिष्ठता तो पूरे शिक्षा-व्यवस्था में मट्ठे डालने का कार्य कर रही है। नीति-नियामक समय रहते यदि इन समस्याओं के प्रति सचेत नहीं हुए तो समाज साक्षर तो होगा लेकिन शिक्षित नहीं। शिक्षा लक्षोन्मुख नहीं है इसीलिए बच्चों का भविष्य अन्धकारमय है यही कारण है कि शिक्षा के प्रति उनकी रूची समाप्त हो रही है। मोटिवेशन कम है। आज का छात्र बहका हुआ है स्ट्रेस बढ़ रहा है पाठ्यक्रम भी प्रासंगिक नही कहा जा सकता, बिना नीव की ईमारत तैयार करने जैसा पाठ्यक्रम है। ऐसी स्थिति परिस्थित में उसका संज्ञान पक्ष कुपोषण का शिकार है और भाव पक्ष अति उद्दीप्त है।

विश्वविद्यालय में छात्रों के कक्षा में अनुपस्थित रहने और प्राइवेट कोचिंग क्लास जाने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं:–

**विश्वविद्यालय में अनुपस्थिति के कारण:–**

**अप्रभावी शिक्षण:** कई छात्रों का मानना है कि विश्वविद्यालय में शिक्षण अप्रभावी या उबाऊ है। वे यह भी महसूस कर सकते हैं कि उन्हें कक्षा में पर्याप्त व्यक्तिगत ध्यान नहीं मिलता है।

**असंगठित पाठ्यक्रम:** कुछ छात्रों को ऐसा लगता है कि विश्वविद्यालय का पाठ्यक्रम अव्यवस्थित या उनके हितों और भविष्य के लक्ष्यों से अप्रासंगिक है।

**बड़ी कक्षाएं:** बड़ी कक्षाओं में, छात्रों को व्यक्तिगत ध्यान देना मुश्किल हो सकता है और वे खोए हुए या अलग-थलग महसूस कर सकते हैं।

**असुरक्षित कक्षा वातावरण:** यदि कक्षा का वातावरण असुरक्षित या अप्रिय है, तो छात्र भाग लेने से डर सकते हैं।

**समय प्रबंधन की कमी:** कुछ छात्रों के पास समय प्रबंधन कौशल की कमी होती है, जिसके परिणामस्वरूप वे कक्षाओं के लिए अध्ययन करने या तैयारी करने के लिए पर्याप्त समय नहीं निकाल पाते हैं।

**बाहरी दायित्व:** छात्रों को पारिवारिक या व्यक्तिगत दायित्वों को पूरा करने के लिए कक्षाओं को छोड़ना पड़ सकता है, जैसे कि नौकरी करना या परिवार के सदस्यों की देखभाल करना।

**प्राइवेट कोचिंग क्लास में जाने के कारण:–**

**व्यक्तिगत ध्यान:** प्राइवेट कोचिंग क्लास छात्रों को व्यक्तिगत ध्यान और समर्थन प्रदान करते हैं, जो उन्हें विश्वविद्यालय में प्राप्त करने की तुलना में अधिक प्रभावी ढंग से सीखने में मदद कर सकता है।

**केंद्रित पाठ्यक्रम:** प्राइवेट कोचिंग क्लास अक्सर प्रवेश परीक्षा या नौकरी के लिए आवश्यक विशिष्ट पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**लचीलापन:** प्राइवेट कोचिंग क्लास अक्सर लचीले समय और स्थान विकल्प प्रदान करते हैं जो छात्रों के लिए अधिक सुविधाजनक हो सकते हैं।

**अनुभवी शिक्षक:** प्राइवेट कोचिंग क्लास में अक्सर अनुभवी शिक्षक होते हैं जो विशेष रूप से प्रवेश परीक्षा या नौकरी की तैयारी के लिए प्रशिक्षित होते हैं।

**प्रतिस्पर्धात्मक माहौल:** प्राइवेट कोचिंग क्लास एक प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान कर सकते हैं जो छात्रों को प्रेरित और प्रेरित रहने में मदद कर सकता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी छात्र प्राइवेट कोचिंग क्लास से लाभ नहीं उठाते हैं। कुछ छात्र विश्वविद्यालय के वातावरण में बेहतर प्रदर्शन करते हैं और व्यक्तिगत ध्यान या लचीलेपन की आवश्यकता नहीं होती है। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि प्राइवेट कोचिंग क्लास महंगे हो सकते हैं और सभी छात्रों के लिए सस्ती नहीं हो सकते हैं।

**निष्कर्ष:–**

हमें एक ऐसी प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है जहां छात्र कक्षाओं में भाग लेने की अनिवार्यता महसूस करेंगे और महसूस करेंगे कि यदि वे कक्षाओं में भाग नहीं लेते हैं तो उनका नुकसान हो रहा है। प्रतिशत की गणना के लिए उपस्थिति का कोई मतलब नहीं है। दुर्भाग्य से कक्षा शिक्षण और मूल्यांकन के बीच शायद ही कोई संबंध है।

छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थित का नियम या तो लागू किया जाये अन्यथा यह नियम हटा दिया जाए।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति, गोरखपुर विश्वविद्यालय, कानपुर विश्वविद्यालय**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय**

# भीषण गर्मी और हीटवेव में आम आदमी के लिये राहत का आंचल

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आमजन को भीषण गर्मी और हीटवेव से राहत देने के लिये नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय



महेंद्र जोशी

राजस्थान इन दिनों भीषण गर्मी के दौर से गुजर रहा है, हालांकि मौसम विभाग के अनुसार 1-2 जून से इन भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है लेकिन इस भीषण गर्मी के संकट भरे दौर में आमजन की उम्मीदों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खरे उतरे हैं। चुनावी प्रचार के व्यस्ततम समय में मुख्यमंत्री ने खुद फील्ड में उतर कर पेयजल प्रबंधन को देखा और आमजन को राहत देने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है, जो कि सराहनीय कदम है। इसके साथ ही नगरीय निकाय भी मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप आमजन को इस भीषण गर्मी से राहत देने का प्रयास कर रहे हैं।

इसी कड़ी में संवेदनशीलता का परिचय देते हुए राज्य के समस्त नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के कार्य समय में भी परिवर्तन किया गया है, जिसके अन्तर्गत दो पारियों के स्थान पर 30 जून 2024 तक एक पारी में प्रातः 5 बजे से 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा खुद फील्ड में उतर कर आमजन के लिये पेयजल प्रबंधन, हीटवेव से आमजन को बचाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी के साथ नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज द्वारा आमजन को राहत देने के भी लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप ही नगर निगम ग्रेटर द्वारा सर्वप्रथम प्रमुख चौराहों पर गर्मी से बचाव हेतु ग्रीन शेड नेट लगाई गई, जिसे आमजन द्वारा सराहा गया। यह एक नवाचार था जिसनें लोगों के दिलों को छुआ, रेड लाईट सिग्नल पर धूप में खड़े हर उस व्यक्ति के दिल से मुख्यमंत्री के प्रति दिल से दुआ निकली, जिसने ग्रीन शेड नेट पर खड़े होकर ग्रीन लाईट होने का कई सैकण्डों इंतजार किया होगा। नगर निगम ग्रेटर द्वारा इतना ही नहीं बेजुबान जानवरों, पशु-पक्षियों को भी भीषण गर्मी से राहत देने के लिये प्रयास किये गये हैं। शहर के विभिन्न पार्कों में महापौर एवं अधिकारियों द्वारा परिण्डे व चुग्गा पात्र लगाये गये, साथ ही विकास समितियों, व्यापार मंडलों को भी इस नेक कार्य के लिये आगे आने की अपील की।

800 बीघा में फैली हिंगौनिया गौशाला में गौमाता को भी राहत का आंचल ओढाया गया है, जहां वर्तमान में 18 हजार 95 गौवंश मौजूद है। इसके साथ ही शहर की निराश्रित गायों को भी पकड़ कर लाया जाता है। हिंगौनिया गौशाला में भी गायों के लिये ग्रीन शेड नेट लगाये गये हैं। जिससे भीषण गर्मी से गायों को राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त हजारों गायों पर पानी की ठंडी फुहारों की बौछार की जा रही है।

इतना ही नहीं नगर निगम ग्रेटर द्वारा निःशुल्क रूप से संचालित 6 स्थायी आश्रय स्थलों में भी भीषण गर्मी में राहत देने के लिये प्रयास किये गये हैं। गरीब, बेसहारा, आश्रयविहीन परिवार, वृद्ध महिला-पुरूष बच्चों के लिये इन आश्रय स्थलों पर कूलर, पंखे, पेयजल व्यवस्था, ओआरएस के पैकेट भी रखे गये है। मालवीय नगर जोन के अन्तर्गत गांधी घर, बांगड़ अस्पताल परिसर जेएलएन रोड़, लालकोठी महिला छात्रावास के पीछे, पुलिस मुख्यालय के पास सांगानेर जोन में स्टेडियम रोड़ पर स्थित है इसके अतिरिक्त जगतपुरा जोन के जगतपुरा रेलवे स्टेशन, मानसरोवर जोन का पुराना पंचायत भवन, भांकरोटा में निःशुल्क संचालित है।

नगर निगम ग्रेटर और हैरिटेज द्वारा आमजन को भीषण गर्मी से राहत देने के लिये वायु प्रदूषण को कम करने के लिये प्रयोग किये जा रही एन्टी स्मॉग गन द्वारा पानी की नन्ही फुहारों से राहत देने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे भी लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। जहां कही भी एंटी स्मॉग गन दिखती है, वहीं पर आमजन को एंटी स्मॉग गन द्वारा छोड़ी जा रही ठंडी बौछारों का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है।

हीटवेव और भीषण गर्मी के इस दौर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ये सतत् प्रयास वाकई सराहनीय कदम है। उन्होंने अधिकारियों को साफ कहा है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में आमजन को पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो। पशु-पक्षियों के लिए भी दाना-पानी का इंतजाम किया जाए।

**–महेंद्र जोशी,**
**दिवराला, ( सीकर )।**


# माचिया सफारी पार्क में घुसा पैंथर अभी तक पकड़ में नहीं आया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के माचिया सफारी पार्क में घुसा पैंथर अभी तक वन विभाग की पकड़ में नहीं आया है। वन विभाग का कहना है कि वह माचिया सफारी पार्क की सीमा से बाहर निकल गया है। इसको देखते हुए पार्क को आमजन के लिए शनिवार को वापस खोल दिया गया। पार्क में पर्यटकों का तीन दिन तक प्रवेश बंद था। माचिया सफारी पार्क में पैंथर ने पिछले तीन दिन से कोई शिकार नहीं किया है। पिंजरे लगाने के बावजूद पैंथर पकड़ में नहीं आया है। पैंथर की गतिविधियां नहीं होने के कारण शनिवार से निर्धारित समय अनुसार सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक पार्क खोल दिया गया। इस दौरान पर्यटकों को विशेष दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा के लिए अतिरिक्त वनकर्मियों को बुलाकर तैनात किया गया। वन विभाग ने पार्क की घनी झाड़ियों को हटाया है।

**■ वन विभाग का कहना है कि पैंथर माचिया सफारी पार्क की सीमा से बाहर निकल गया है, इसको देखते हुए पार्क को आमजन के लिए शनिवार को वापस खोल दिया गया**

लेपर्ड को पार्क में ट्रैक करने के लिए 20 कैमरे और तीन पिंजरे लगाए गए हैं। हालांकि चार दिन से लेपर्ड की कोई सूचना नहीं होने से उसे पार्क से बाहर चले जाना भी माना जा रहा है। वन विभाग ने लेपर्ड को ढूंढ़ने के लिए थर्मल इमेजिंग कैमरे मंगवाने की तैयारी की जा रही है ताकि गहरी झाड़ियां और रात के समय भी लेपर्ड को ढूंढ़ा जा सके। उसके कायलाना की पहाड़ियों में जाने की संभावना के चलते अब वहां पर तलाश की जा रही है।

## राशिफल रविवार 2 जून, 2024



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, रेवती एकादशी रात्रि 1:40 तक, आयुष्मान योग दिन 12:11 तक, बव करण दिन 3:33 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 1:40 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-वृष, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 1:40 से सूर्योदय तक है। आज अपरा एकादशी व्रत, जल क्रीड़ा एकादशी है। पंचक रात्रि 1:40 पर समाप्त होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:14 से 9:01 तक, लाभ-अमृत 9:01 से 12:29 तक, शुभ 2:06 से 3:48 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:12

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात होगी और मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**मिथुन**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कन्या**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है।

**तुला**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन का भय दूर होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। पारिवारिक परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। घर-परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से मनोबल बढ़ेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 301 प्रभात जयपुर, रविवार 2 जून, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Either We Of Flamingoes**

Fishing nets, that seem harmless, stuck on two bamboo poles erected on the water body, are actually the death traps for birds. They get caught in them. Once caught, they are either killed or their wings and legs are broken.

**Avoid eye stroke, dry eye syndrome or allergies in summer**

# एग्ज़िट पोल्स बंगाल में तृणमूल को 13 से 17 तथा भाजपा को 21-27 सीटें दे रहे हैं

## एग्ज़िट पोल का आंकलन सही सा इसलिये लगता है, क्योंकि ''ग्राउण्ड लैवल'' पर साधारण जनता का मूक विरोध, सरकार व शक्तिशाली और सक्षम व्यक्तियों की गुण्डई व आतंक पर भारी पड़ता नज़र आ रहा था

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जून। सभी एग्ज़िट पोल्स पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की संभावनाओं में भारी कमी और साथ ही भाजपा की सीटों में चौंकाने वाली वृद्धि की भविष्यवाणी कर रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस का सीट शेयर 13 से 17 रह सकता है। भाजपा के लिए 21 से 27 सीटें बतायी गई हैं। कांग्रेस और माकपा को 1 से 3 सीटें मिलने की संभावना बतायी जा रही है। पश्चिम बंगाल में देश में तीसरी सर्वाधिक 42 लोकसभा सीटें हैं।

बंगाल में भाजपा के संभावित अच्छे प्रदर्शन का कारण जमीनी स्तर पर हुए घटनाक्रम है जिनमें तृणमूल कांग्रेस की मनमानी एवं राज्य की जनता के शोषण ने आम लोगों को सरकार के खिलाफ सक्रिय कर दिया। जबकि इसी जनता ने वाम मोर्चा के 30 साल के शासन और उसकी गुंडागर्दी के खिलाफ

- **एग्ज़िट पोल का निष्कर्ष अगर सही उतरता है, 4 जून को, तो भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं का जमीन पर संगठन को ताकतवर बनाने का कार्य वाकई प्रशंसनीय है और वे बधाई के हकदार हैं, जो उन्हें अब भरपूर मिल रही है, सभी जगह से।**
- **जिस तरह से भाजपा ने बंगाल में सालों की मेहनत से अपना संगठन खड़ा किया, तथा कार्यकर्ता का मनोबल गिरने नहीं दिया और लगातार कार्यकर्ताओं की पार्टी के प्रति वफादारी बरकरार रखी यह तथ्य अविश्वसनीय लगता है।**
- **तृणमूल कांग्रेस के बाहुबलियों ने हर स्तर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं को आतंकित करने व डराने का प्रयास किया, घरों पर कब्जा, भाजपा कार्यकर्ता को बेघर करने, उनके परिवारों से रोज मारपीट तथा केन्द्रीय सरकर द्वारा दी जाने वाली सामान्य मानवीय सुविधाओं से वंचित रखने जैसा हथकंडा अपनाया भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ।**
- **क्या यह संभावित रिज़ल्ट, सभी राजनीतिक पार्टियों के लिये सबक है कि, भ्रष्ट व अमानवीय तरीकों के सहारे सरकारें नहीं चल सकतीं, आम जनता द्वारा उस सरकार को रिजैक्ट किया जा सकता है।**

ममता बनर्जी में भरोसा जताया था।

सत्तारूढ़ तृणमूल और उसके प्रवक्ताओं ने अपने कृत्यों और त्रुटियों को न्यायोचित ठहराने के लिए हर तरह के कुतर्क का प्रयोग यह सोचकर किया कि शक्तिशाली जो भी बात कहेगा, लोग उसे स्वीकार कर लेंगे, फिर भी, यदि परिणाम उम्मीद के मुताबिक रहे तो सत्तारूढ़ पार्टी की धारणा को झुठला देंगे। चूंकि सभी एग्ज़िट पोल्स एक जैसी बात कर रहे है, इसलिए लगता है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 13 दल शामिल हुए इंडिया ब्लॉक की मीटिंग में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जून। आगामी 4 जून को होने जा रही मतगणना की तैयारी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 10, राजाजी मार्ग स्थित आवास पर शनिवार को 13 राजनीतिक पार्टियों के करीब 24 नेताओं ने इण्डिया

- **कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर हुई इस बैठक में राहुल, प्रियंका व सोनिया भी शामिल हुईं। मीटिंग में ममता बनर्जी के अलावा गठबंधन के सभी दलों के नेता शामिल हुए।**

गठबंधन की एक औपचारिक मीटिंग में भाग लिया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ही मीटिंग से अनुपस्थित रहीं क्योंकि वह पश्चिम बंगाल में चल रहे मतदान में व्यस्त थीं।

कांग्रेस की तरफ से खड़गे के अलावा सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका और के.सी. वेणुगोपाल थे, जबकि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने चाचा राम गोपाल यादव के साथ मीटिंग में भाग लिया। नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) प्रमुख शरद पवार जितेन्द्र अव्हाड़ के साथ मौजूद थे।

आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलुगू भाषी आंध्र व तेलंगाना में भाजपा को 25 सीटें जीतता दिखा रहे हैं एग्ज़िट पोल

## इसके अलावा आंध्र के एन.डी.ए. गठबंधन के साथी, चंद्रबाबू नायडू की पार्टी को भी 10-15 सीटें और मिलने के संकेत दिख रहे हैं

-लक्ष्मण कुंची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जून। तेलगु भाषी राज्य तेलंगाना और उसके साथ ही आंध्र प्रदेश से, भाजपा के लिए शुभ समाचार आ रहे हैं। इन राज्यों में, भाजपा की लोकसभा सीटों में वृद्धि होने जा रही है, साथ ही एक और राज्य सरकार, नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) के दायरे में आने वाली है।

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से प्राप्त एग्ज़िट पोल्स के अनुसार इन दोनों राज्यों से भाजपा नीत गठबंधन एन.डी.ए. को 25 सीटें मिल सकती हैं। आंध्र में भाजपा अपने मजबूत घटक दल के साथ चुनाव मैदान में है, यहां से इसे 20 सीटें मिलने का अनुमान है और संकेत हैं कि तेलंगाना में इसकी सीटों की संख्या तीन या चार बढ़ सकती है।

इतना ही नहीं एन.डी.ए. आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी शानदार जीत हासिल कर सकता है। अनुमान है कि विधानसभा की 175 में से 100 सीटें एन.डी.ए. को मिलेगी। एग्ज़िट पोल्स के अनुसार मौजूदा मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी सत्ता से बेदखल हो जाएंगे।

तेलगूदेशम पार्टी के नेताओं ने कहा कि इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है। तेलगुदेशम के नेताओं का मानना है कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि होने का मतलब है कि जनता ने परिवर्तन के लिए वोट दिया है। चंद्रबाबू नायडू के लिए बढ़ती उम्र की वजह से यह संभवतया अंतिम चुनाव हो इसलिए उन्होंने इसमें जान डाल दी और भाजपा के साथ गठबंधन करने में उन्होंने कोई कसर नही छोड़ी।

प्रदेश की दोनों पार्टियां चाहे वह तेलुगूदेशम हो या जगन मोहन की पार्टी वाय.एस.आर. सी.पी, दोनों ही इसके सहयोगी है जो भी जीतेगी वही इसका समर्थन करगी। पर अब तेलुगूदेशम भाजपा और पवन कल्याण की जनसेना का गठबंधन संभवतया आंध्र प्रदेश में आसानी से जीतने जा रहा है और चार जून को सत्ता से बाहर होने के साथ ही जगनमोहन के मुश्किल भरे दिन शुरु हो जाएंगे उनके खिलाफ कई मामले है तथा भ्रष्टाचार के एक केस में तो वे जमानत पर है। उनके राजनैतिक भविष्य में परिवर्तन से उनके खिलाफ मामले आगे बढ़ाए जा सकते हैं। खासकर इसलिए भी कि उन्होंने भ्रष्टाचार के एक केस में चंद्रबाबू नायडू को जेल भेजा था। नायडू को 6 सप्ताह जेल में रहना पड़ा था बाद में उन्हें जमानत मिली थी।

- **इसके अलावा, आंध्र से भाजपा के लिये इसमें खुशी की संभावना यह भी है कि, एन.डी.ए. विधानसभा की कुल 175 सीटों में से 100 पर जीतती दिख रही हैं एग्ज़िट पोल के अनुसार।**
- **मु.मंत्री जगन मोहन रेड्डी के लिये हारने के अलावा मुश्किल भी है कि, उनके खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के आरोपों में, उनके खिलाफ जजमैंट आ सकता है।**
- **तेलुगू देशम के नेता अब यह भी कह रहे हैं कि, चुनाव में भारी मतदान (80 प्रतिशत से ज्यादा) इस बात का संदेश था कि, जनता सरकार का तख्ता पलटने को आतुर थी।**

# इंडिया गठबंधन की बैठक हुई मल्लिकार्जुन खड़गे के निवास पर

## ममता बनर्जी, एम.के. स्टालिन के अलावा इंडिया गठबंधन के सभी घटकों के शीर्ष नेताओं ने बैठक में भाग लिया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जून। वर्ष 1952 के बाद, सबसे लंबे चले लोकसभा चुनाव के बाद, चार जून को होने वाली मतगणना के पहले, इंडिया गठबंधन ने एकता का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक की।

कांग्रेस अध्यक्ष, मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली आवास पर आयोजित इस बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेताओं, अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह, माकपा के सीताराम येचुरी, नैशनल कॉन्फ्रैंस के फारूख अब्दुल्ला शामिल हुए।

अन्य विपक्षी नेता, शरद पवार, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, अनिल देसाई, भगवंत मान, राघव चड्ढा, चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, टी.आर. बालू, डी. राजा और मुकेश सहनी भी इस बैठक में शामिल हुए।

इस सप्ताह के शुरू में बंगाल में आए चक्रवाती तूफान रेमल के बाद किए जा रहे राहत कार्यों और लोकसभा चुनावों के अंतिम चरण के चलते ममता बनर्जी ने इस बैठक में हिस्सा नहीं लिया।

- **क्या बैठक का मकसद इंडिया गठबंधन के घटकों को साथ रखना था, चुनावी नतीजे आने के उपरांत अगर अस्पष्ट सी बनती है।**

पीपल्स डैमोक्रेटिक पार्टी (पी.डी.पी.) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती निज़ी कारणों की वजह से बैठक में शामिल नहीं हुई। उन्होंने कहा, मेरी माँ की आँख का ऑपरेशन हुआ है इसलिए हो सकता है, मैं नहीं जा पाऊँ।

इस बैठक का आधिकारिक कारण राज्य और जिला स्तर पर सुचारू मतगणना सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाना, बताया गया था। पर सूत्रों के अनुसार, इस बैठक का लक्ष्य सभी सहयोगियों को एकजुट रखने का था। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास में लेकर बताया, अगर एन.डी.ए. कम मार्जिन से जीतता है तो यह मुद्दा महत्वपूर्ण होगा। पार्टी आशा कर रही है कि एन.डी.ए. को 260-270 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेगी और वह बहुमत से कुछ सीटें पीछे रह जायेगी।

स्वराज इंडिया के अध्यक्ष, योगेन्द्र यादव ने एन.डी.ए. के ज्यादा से ज्यादा 270 सीटें जीतने की भविष्यवाणी की है, जिससे वह बहुमत प्राप्त करने से मात्र 2 सीटें पीछे रह जायेगी।

बहुमत के लिए आवश्यक सीटें नहीं भी आती हैं फिर भी विपक्षी गठबंधन एकजुट रहना चाहता है।

बैठक से पहले, एक्स (ट्विटर) पर लिखे एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, ''लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और सभी पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता अत्यधिक सजग हैं। हमने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों को अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ा है और हमें पूर्ण विश्वास है कि सकारात्मक परिणाम आयेंगे क्योंकि भारत की जनता ने हमारा समर्थन किया है।''

एग्ज़िट पोल्स के नतीजों के पहले, खड़गे ने कहा कि, 'इण्डिया'' 295 से ज्यादा सीटें जीतने जा रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'गृह मंत्री शाह कलैक्टर्स को धमका रहे हैं'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जून। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को गृहमंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया कि वो जिला न्यायाधीशों /जिलाधीशों को लगातार फोन कर रहे हैं और अब तक वो उनमें से करीब 150 को फोन कर चुके हैं। सोशल मीडिया एक्स पर भेजे संदेश में उन्होंने कहा: ''यह जबरदस्त और निर्लज्जतापूर्ण धमकी है इससे यह पता चलता है कि भाजपा कितनी हताश हो चुकी है।''

- **कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि, शाह ने 150 जिला कलैक्टर्स व मजिस्ट्रेट्स को फोन कर धमकी दी है, यह भाजपा की हताशा को दर्शाता है।**

उन्होंने यह भी कहा ''अधिकारियों को किसी भी दबाव में नहीं आना चाहिए और उन्हें संविधान का अवश्य पालन करना चाहिए। उन पर निगरानी रखी जा रही है।''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'राजस्थान में भाजपा को 22, कांग्रेस को दो व अन्य को एक सीट मिलेगी'

## न्यूज़ 24-टुडेज़ चाणक्य के एग्ज़िट पोल ने भविष्यवाणी की

नई दिल्ली/ जयपुर, 1 जून। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान खत्म होने के साथ ही टीवी चैनलों पर एग्ज़िट पोल्स नतीजे आने शुरु हो गए। अधिकांश एग्ज़िट पोल्स ने है, पर 2014 व 2019 के चुनावों के मुकाबले कांग्रेस के प्रदर्शन में मामूली सुधार बताया गया है।

टुडेज़ चाणक्य के एग्ज़िट पोल में राजस्थान में 22 सीटें भाजपा के खाते

- **न्यूज़ 24-टुडेज़ चाणक्य के अनुसार बाड़मेर -जैसलमेर सीट निर्दलीय रविन्द्र सिंह भाटी को मिलेगी। ए.बी.पी. न्यूज़ ने अपने सर्वे में राजस्थान में भाजपा को 21 से 23 व कांग्रेस को 2 से 4 सीटें मिलने की बात कही।**
- **टीवी -9 - भारतवर्ष का सर्वे अवश्य कांग्रेस को राहत दे सकता है। इसके अनुसार भाजपा को 19, कांग्रेस को 5 व अन्य को एक सीट मिलेगी।**
- **फलौदी सट्टा बाजार के अनुसार भाजपा देशभर में 300-302 तथा राजस्थान में 19-20 सीटें जीतेगी, वहीं, कांग्रेस देशभर में 55-65 व राज्य में 5-6 सीटें जीत सकती है।**

राजस्थान में भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की है हालांकि इनमें दो-तीन सीटें कांग्रेस को मिलने की बात भी कही गई है। न्यूज़ 24-टुडेज़ चाणक्य, ए.बी.पी. न्यूज, टीवी9- भारत वर्ष और न्यूज 18 के एग्ज़िट पोल्स के अनुसार राजस्थान में भाजपा की विजय सुनिश्चित में जाने की बात कही जा रही है साथ ही कांग्रेस को दो व एक सीट अन्य को मिलने की भविष्यवाणी की गई है। एग्ज़िट पोल्स ने बाड़मेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के चुनाव जीतने की भविष्यवाणी की है।

ए.बी.पी. न्यूज़ ने अपने सर्वे में भाजपा को 21-23 सीटें व कांग्रेस को 2 से 4 सीटें मिलने की बात कही है।

टी.वी-9 -भारतवर्ष ने अपने सर्वे में भाजपा को 19 सीटें, कांग्रेस को 5 सीटें तथा एक सीट अन्य को दी है। न्यूज़-18 ने भी भाजपा को 21 से 24 सीटें मिलने की तथा कांग्रेस को दो से चार सीटें मिलने की संभावना जताई है।

लोकसभा चुनाव नतीजों के संदर्भ में देश के विभिन्न स्थानों के सट्टा बाजार अपने दावों को लेकर चर्चा में हैं। राजस्थान के फलौदी सट्टा बाजार ने भी महत्वपूर्ण भविष्यवाणी की है। उसने देश में भाजपा के लिए 300-302 सीटों की जीत का अनुमान लगाया है, साथ ही कांग्रेस को 55 से 65 सीटें मिलने का आंकलन किया है।

फलौदी सट्टा बाजार के अनुसार, राजस्थान में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर होने की संभावना है। इसके साथ ही, इसने दावा किया है कि भाजपा 19-20 सीटें जीतेगी, और 5-6 सीटें कांग्रेस या इंडिया गठबंधन के खाते में जा सकती हैं।

| राजस्थान एग्ज़िट पोल कुल सीट 25 | | | |
|---|---|---|---|
| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
| टुडेज़ चाणक्य | 22 | 2 | 1 |
| ए.बी.पी. न्यूज | 21-23 | 2-4 | 0 |
| टी वी 9 भारतवर्ष | 19 | 05 | 01 |
| न्यूज 18 | 21-24 | 2-4 | 00 |

# प्रधानमंत्री मोदी की 45 घंटे की ध्यान साधना पूरी हुई

नई दिल्ली, 1 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की। ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद

- **साधना पूरी करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने संत कवि तिरुवल्लुवर की प्रतिमा को पुष्पांजलि दी।**

वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका सेवा द्वारा प्रतिमा परिसर पहुंचे और बाद में नौका सेवा का इस्तेमाल करते हुए तट पर पहुंचे।

स्मारक पर अपने प्रवास के दौरान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एग्ज़िट पोल के आंकलन कितने खरे उतरे हैं, अब तक

## उदाहरण के लिये कोई भी एग्ज़िट पोल दिल्ली में 2015 में आप की भारी जीत के संकेत नहीं दे पाया था

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जून। सभी एग्ज़िट पोल्स द्वारा भाजपा और एन.डी.ए. के लिए स्पष्ट बहुमत बताए जाने के बाद यह समय यह परीक्षण करने का है कि चुनावी सर्वेक्षक पिछले चुनावों में कितने सटीक रहे हैं। इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने वर्ष 2019 में भविष्यवाणी की थी कि एन.डी.ए. को 339 से 365 सीटें मिलेंगी और यू.पी.ए. को 77 से 108 सीटें प्राप्त होंगी। न्यूज़ 24 टुडेज़ चाणक्य ने वर्ष 2019 में एन.डी.ए. को 350 से अधिक और यू.पी.ए. को करीब 95 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की थी। सी.एन.एन.-आई.बी.एन.-सी.एस.डी.एस. लोकनीति ने वर्ष 2014 में एन.डी.ए. के लिए 276 सीटों और यू.पी.ए. के लिए 97 सीटों की भविष्यवाणी की थी और 148 सीटें अन्य पार्टियों के लिए बतायीं थीं। एन.डी.टी.वी.- हंसा रिसर्च ने वर्ष 2014 में कहा था कि एन.डी.ए. 297 और यू.पी.ए. 103 सीटें जीतेगा और अन्य को 161 सीटें प्राप्त होंगी। जब अंतिम परिणाम घोषित हुए तब अधिकांश एग्ज़िट पोल्स के पूर्वानुमान करीब-करीब सही साबित हुए।

लेकिन पहले कुछ ऐसे भी अवसर रहे हैं, जब एग्ज़िट पोल्स की भविष्यवाणियाँ पूरी तरह से गलत साबित हुईं। उदाहरण के लिए वर्ष 2015 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में कोई भी चुनावी सर्वेक्षक आम आदमी पार्टी (आप) की एकतरफा जीत की भविष्यवाणी नहीं कर सका। इसी वर्ष बिहार विधानसभा चुनावों के परिणाम की भविष्यवाणी करने में सभी चुनाव अनुसंधान एजेंसियां उस वक्त गलत साबित हो गईं, जब राजद और जदयू वाले महागठबंधन ने एकतरफा जीत हासिल कर भाजपा का सूपड़ा साफ कर दिया था।

लोकसभा चुनावों के अंतिम परिणाम जहाँ 4 जून को आएंगे, वहीं यह विश्वास करने के भी कारण हैं कि अधिकांश चुनावी सर्वेक्षक पूर्णतया सही साबित नहीं होंगे। पाँच चुनावी सर्वेक्षकों ने भाजपा नेतृत्व वाले एन.डी.ए. के लिए 350 से अधिक सीटों की बात कहते हुए कई राज्यों में चौंकाने वाले परिणामों की भविष्यवाणी की है। उदाहरण के लिए न्यूज़ 24 चाणक्य ने दक्षिणी राज्यों- केरल और तमिलनाडू में भाजपा के लिए चुनावी बढ़त की भविष्यवाणी करते हुए कहा है कि तमिलनाडू में भाजपा को 10 सीटें मिलेंगी और केरल में वह वोट प्रतिशत के हिसाब से दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। इस तरह सभी एग्ज़िट पोल्स ने भविष्यवाणी की है कि कर्नाटक में भाजपा की ज्यादा बड़ी हार नहीं होगी क्योंकि उसे वहां कम से कम 24 सीटें मिल रही हैं। भाजपा का गढ़ माने जाने वाले उत्तरी और पश्चिमी राज्यों के लिए चुनावी सर्वेक्षकों का कहना है कि इनमें भाजपा को सीटों का मामूली नुकसान होगा।

- **इसी प्रकार, 2015 के बिहार के विधानसभा चुनाव में किसी भी एग्ज़िट पोल ने यह नहीं कहा था कि, जद (यू) व आर.जे.डी. को महागठबंधन की इतनी भारी सफलता मिलेगी और भाजपा का एकदम सफाया हो जायेगा।**
- **इसी प्रकार 2019 व 2014 के लोकसभा चुनाव में लगभग सभी एग्ज़िट पोल का सीटों की हार-जीत का आंकड़ा काफी हद तक सही उतरा था।**
- **इस बार चुनाव का रिज़ल्ट चार जून को आयेगा, पर, शायद इस बार, एग्ज़िट पोल, ज्यादा ''इनैक्युरेट'' साबित नहीं होंगे, क्योंकि चुनाव बहुत लम्बे समय तक चला, और एग्ज़िट पोल के आंकलन, सर्वेक्षण कराने वाले की भावना व वफादारी से ज्यादा प्रभावित नहीं हुए होंगे।**

# मायावती का खाता भी नहीं खुलेगा?

नई दिल्ली, 1 जून। उत्तर प्रदेश के चुनावी सर्वेक्षणों में 10 साल बाद एक बार फिर बहुजन समाज पार्टी के सामने उत्तर प्रदेश में शून्य पर सिमटने जैसी नौबत बनती दिख रही है।

- **सभी एग्ज़िट पोल्स ने मायावती की पार्टी बसपा के शून्य सीटें जीतने की भविष्यवाणी की है। इसे दलित राजनीति के अंत के तौर पर देखा जा रहा है।**

लोकसभा चुनाव 2014 में बसपा खाता भी नहीं खोल पाई थी। मोदी लहर में यूपी की 80 में से 73 सीटों पर एन.डी.ए. को जीत मिली थी। वहीं, सपा 5 और कांग्रेस 2 सीटों पर जीती थी। यूपी विधानसभा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने देशभर में अमिट छाप छोड़ी : भजनलाल शर्मा




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक ली। निसमे आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, केबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर मौजूद रही।

- **भाजपा के सभी चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय और प्रशंसनीय : सी.पी. जोशी**
- **पी.एम.मोदी की नीतियों के बदौलत देशभर में भाजपा के कार्यकर्ताओं के प्रति बढ़ा आत्मविश्वास : गजेंद्र सिंह शेखावत**

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर, लोकसभा चुनाव प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल मंच पर उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय तथा प्रशंसनीय है। पहले प्रदेश में चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में अच्छा मतदान करवाया और फिर देशभर में विभिन्न दूर दराज के गांव, ढ़ाणी में जाकर चुनाव की कमान संभाली। ऐसे में लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं को भाषा, खानपान और निवास तक की परेशानी का सामना करना पड़ा लेकिन इन सबके बावजूद सभी कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम के साथ प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देशभर में ऐतिहासिक कार्य किया। इसकी बदौलत आज जिस भी प्रांत, जिला या मंडल स्तर पर भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता पहुंचे वहां से एक ही आवाज आई "अबकी बार 400 पार"। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि पार्टी इस बार 4 जून को अपने ध्येय वाक्य को पूरा करेगी। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी ने सामूहिक प्रयास किए है। लोकसभा प्रवासी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार का अनुभव, स्मृतियां और नवाचार सभी के लिए कारगर साबित होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान देशभर में राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा, जोश और जुनून के साथ कार्य करते हुए अपनी छाप छोड़ी है। राजस्थान से देशभर में प्रचार के लिए जाने वाले कार्यकर्ताओं का योगदान प्रशंसनीय है फिर चाहे पंजाब, हरिणाणा, दिल्ली, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, हैदराबाद ही क्यों ना हो। राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार तो किया ही, साथ में स्थानीय प्रवासियों से भाईचारे का संबंध भी बनाया है। राजस्थान के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद की भावना के साथ काम किया है ये ही हमारी पूंजी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को सीख देते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि घर से निकलने पर पार्टी का काम तो होता है साथ में व्यक्ति का नाम भी होता है।

भाजपा प्रदेश की संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भाजपा ऐसा संगठन है जहां कार्यकर्ताओं को निरंतर आगे बढ़ने का मौका दिया जाता है। आज प्रवासी कार्यकर्ता बैठक में सभी ने अपने अनुभव साझा किए है। हर कार्य, हर बार हमें कुछ नया सिखाता हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहतन का ही परिणाम है कि दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत, पूर्वोत्तर में भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। देशभर में राजस्थानी हर क्षेत्र, हर जिले में बसा हुआ है और इस बार भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ताओं ने हर राजस्थानी मतदाता से संपर्क कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के साथ जुड़ना चाहता है। प्रवासी कार्यकर्ताओं ने सूदूर प्रांतों में जाकर अपने प्रदेश का मान-सम्मान बढ़ाया है।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब, दलित, वंचित और महिलाओं की जनकल्याणकारी नीतियों के बदौलत देशभर में भाजपा के प्रति और भाजपा के कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मविश्वास एंव आत्मसम्मान बढ़ा है। देशभर में आज भाजपा के अनुकूल स्थिति में प्रवासी कार्यकर्ताओं ने प्रचार-प्रसार किया है। पंजाब लोकसभा चुनावों के अनुभव साझा करते हुए शेखावत ने कहा कि भाजपा ने पंजाब में हिन्दू-सिख सामांजस्य बना रहे इस का ध्यान रखते हुए बूथ स्तर पर काम किया। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कैलाश चौधरी ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को हर बार कुछ नया सिखने को मिलेगा। लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ता जहां-जहां गए वहां से अब यह सुनने को मिल रहा है कि प्रवासी राजस्थानी कार्यकर्ताओं ने चुनाव में माहौल बना दिया।

# पेपर लीक मामले के आरोपी ट्रेनी एस.आई. को कोर्ट से मिली जमानत

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर मेट्रो-द्वितीय की एडीजे कोर्ट ने प्रदेश के चर्चित एसआई भर्ती: 2021 पेपर लीक मामले के आरोपी एसआई हरिओम पाटीदार को 50 हजार रुपए के मुचलके व 25-25 हजार रुपए की दो जमानतों पर रिहा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया है और तथ्यात्मक रिपोर्ट में उसके खिलाफ कोई अन्य केस भी दर्ज नहीं है। मामले की एफएसएल रिपोर्ट भी उसके पक्ष में आई है और ऐसे में उसे जमानत का लाभ देना उचित होगा।

इस मामले में एसओजी ने एसआई की ट्रेनिंग ले रहे आरोपी के खिलाफ भी परीक्षा में पास होने के लिए अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने का मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी की। आरोपी के अधिवक्ता दीपक चौहान ने कोर्ट को बताया कि आरोपी को मामले में झूठा फंसाया है और उसके खिलाफ कोई भी साक्ष्य प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर सामने नहीं आई है। उसने खुद ही परीक्षा दी थी और अपनी योग्यता के आधार पर ही पास हुआ है और ट्रेनिंग ले रहा है। वह पूर्व में एलडीसी के पद पर भी था। उससे किसी भी तरह की बरामदगी नहीं हुई है। अनुसंधान अधिकारी ने भी उसके खिलाफ किसी तरह की साक्ष्य नहीं मानी है। निचली कोर्ट ने गलत आधार पर उसके जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज किया है। इसलिए उसे जमानत का लाभ दिया जाए। कोर्ट ने बहस सुनकर कहा कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं व राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1992 व आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत आरोप हैं। उस पर ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फॉर्म व उपस्थिति पत्र पर किए हस्ताक्षर की भिन्नता एवं पुराने फोटोग्राफ के संदेह के आधार पर खुद की जगह दूसरे व्यक्ति को परीक्षा दिलवाने का आरोप है, लेकिन एफएसएल रिपोर्ट में विवादित लिखावट व हस्ताक्षर आरोपी के समान ही पाए हैं और आईओ ने भी उन पर कोई आरोप प्रमाणित नहीं माने हैं। ऐसे में उसे जमानत का लाभ दिया जाना उचित होगा।

## दिलावर आज गंगापुरसिटी व हिंडोनसिटी के दौर पर

**जयपुर**। शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर 2 मई को गंगापुरसिटी और हिंडोनसिटी के दौरे पर रहेंगे।

मंत्री रविवार को सुबह 10 बजे गंगापुरसिटी के बामनवास पहुचेंगे। जहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा। प्रातः 11 बजे स्कूल शिक्षा परिवार होटल पर्ल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1:30 बजे भाजपा सहित शहर के विभिन्न संगठनों की बैठक लेंगे। दोपहर 2:30 बजे वेदांत शिक्षा समिति, उदईमोड़ द्वारा अभिनंदन कार्यक्रम, 3:30 बजे व्यापार महासंघ के नेतृत्व मे विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं के साथ अमृत पर्यावरण महोत्सव की चर्चा करेंगे।

# देश की जनता भाजपा को प्रचंड बहुमत से बना रही विजयी : शेखावत

**जयपुर**। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और देश को विकसित भारत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने जा रही है। शनिवार शाम भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा, जब चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब ही हम आश्वस्त थे कि नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण से लेकर देश का सम्मान बढ़ाने तक पिछले 10 साल तक जो काम किया है, उससे जनता का भाजपा को प्रचंड समर्थन मिलेगा। इसी काम की बदौलत जनता ने भाजपा के नेताओं को अब की बार 400 पार का नारा दिया और अब वही संकल्प पूरा होने जा रहा है।

शेखावत ने अप्रत्यक्ष रूप से राहुल पर निशाना साधते हुए कहा, जब देश में पांचवें चरण का चुनाव होने वाला था, उस समय एक नैरेटिव आया था कि 1 तारीख को क्या होगा? 2 तारीख को क्या होगा? 4 तारीख को क्या होगा? 6 तारीख को क्या होगा? उसमें यह तय किया था कि वह 1 तारीख को एग्जिट पोल से भागेंगे, 4 तारीख को नतीजे आएंगे, 5 को ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे और 6 को देश की जनता को दोष देंगे और 7 को विदेश घूमने जाएंगे, यह तय है, उसी फार्मूले से काम होगा।

# सतीश मेहता भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के अध्यक्ष मनोनीत



सतीश मेहता

**जयपुर**, (का.सं.)। विकलांगों के पुर्नवास के लिए विश्व की अग्रणी और विश्व प्रसिद्व जयपुर की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के सतीश महे ता नये अध्यक्ष मनोनीत किये गये हैं। बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक डी.आर. मेहता मुख्य संरक्षक बने रहेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जी.एस. सिंघवी सह-मुख्य संरक्षक, सुधीर मेहता सह-मुख्य संरक्षक तथा विजय चौरडिया तथा पारस कुहाड़ को संरक्षक मनोनीत किया गया है। पूर्व राजनायिक और कुवैत में भारत के राजदूत रहे सतीश मेहता अब तक बी.एम.वी.एस.एस. के कार्यकारी अध्यक्ष और अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के निर्देशक पद पर रहे।

मुख्य सरंक्षक डी.आर. मेहता ने बताया कि सतीश मेहता ने अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक के रूप में भारत सरकार के विदेश मत्रांलय और बी.एम.वी.एस.एस. के सयुंक्त तत्वावधान में महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ति पर भारत सरकार "इण्डिया फाॅर ह्यूमिनिटीज." कार्यक्रम के अन्तर्गत 22 देशों में 28 विशेष विकलांग पुर्नवास शिविर का आयोजन अपने सफल नेतृत्व में किया, जिसमें कुल एशिया, अफ्रीका आदि दशे ों के लगभग 15 हजार विकलांगों का पुर्नवास किया गया। वर्तमान में लंका और इथियोपिया में बी.एम.वी.एस.एस. के शिविर संचालित हा रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाएंगे

**जयपुर**, (का.सं.)। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अलख जगाने और प्रदेश को हराभरा बनाने के उद्देश्य से राजस्थान एनवायरनमेंट एंड एनर्जी कंजर्वेशन सेंटर (आरईईसीसी) की ओर से वर्ल्ड एनवायरमेंट डे के अवसर पर 3 से 5 जून को तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आरईईसीसी के डायरेक्टर वैभव भारद्वाज ने बताया कि प्लांटेशन व एनवायरनमेंट कंजर्वेशन के लिए संस्था कार्यरत है। इस कार्य में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।

3 जून को वर्ल्ड साइकिल डे पर आरईईसीसी और इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ लाइफ साइंसेज (आईएसएलएस) के सहयोग से वूमन साइक्लोथॉन होगा।

# तम्बाकू का छल विज्ञापन करने वाले एक्टर व खिलाड़ी समाज के लिए 'विलेन' हैं : रमेश गांधी

- **विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जे.एन.यू. मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सी.एस.ओ. कमीशन की सदस्य संस्था गाँधी फाउंडेशन के द्वारा तंबाकू उन्मूलन करने के लिये प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई**

**जयपुर**। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में जे.एन.यू. मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सीएसओ. कमीशन की सदस्य संस्था गाँधी फाउंडेशन के द्वारा तंबाकू उन्मूलन करने हेतु प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जे.एन.यू. मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एवं कन्ट्रोलर लेप्टिनेंट जनरल डॉ. बी. के. चौपड़ा द्वारा की गई। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता गाँधी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रमेश गाँधी का स्वागत किया।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024 "थीम" बच्चों को तंबाकू उद्योग की दखलअंदाजी से बचाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.गाँधी द्वारा तंबाकू उद्योग व माफिया द्वारा कपटपूर्ण तरीके से किए जा रहे गुटखा, जर्दा, पान-मसाला व ई-सिगरेट, आदि के विज्ञापनों के षडयंत्र का पर्दाफाश करने वाली प्रभावशाली फिल्मों के द्वारा प्रस्तुति दी गई।

गाँधी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रमेश गाँधी ने बताया कि जो फिल्मी एक्टर व क्रिकेट खिलाडी तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, पान-मसाला के ब्राण्ड जैसे विमल, जुबां केसरी, कमला पसंद, सिगनेचर, दिलबाग आदि का छल विज्ञापन कर रहे हैं, वे लोग रूपयों के लालच में करोड़ों युवाओं को नशे की लत में धकेल रहे हैं। ऐसे व्यक्ति समाज के लिए हीरों नहीं विलेन है। ऐसे छल विज्ञापनों को तुरन्त प्रभाव से प्रतिबंधित कर दोषियों को कठोर सजा दी जानी चाहिए।

इस अवसर पर जे.एन.यू. हॉस्पीटल के मेडिकल अधीक्षक ब्रिगेडियर डॉ. एस.बी. महाजन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, फेकल्टी, डॉक्टर्स और मेडिकल छात्र-छात्राओं को आजीवन तंबाकू मुक्त रहने तथा समाज को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ दिलायी। इस कार्यकम का संचालन कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के ग्रुप कैप्टन डॉ. मुदित शर्मा द्वारा किया गया।

## मुख्यमंत्री ने पूँछरी का लौठा मंदिर में दर्शन किए

**जयपुर/भरतपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को डीग के पूँछरी का लौठा एवं गिरिराज जी तलहटी मंदिर में दर्शन किए। साथ ही उन्होंने श्रीनाथ जी मंदिर में पंचामृत अभिषेक के साथ ही विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश की ख़ुशहाली और समृद्धि के साथ ही प्रदेश में अच्छी बारिश की कामना की।

## शीतल पेय पिलाया

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ के नेतृत्व में आज टोंक रोड स्थित जयपुरिया अस्पताल के सामने आमजन की सेवार्थ शीतल पेय पिलाया गया। भाजपा के सामाजिक सरोकार अभियान के तहत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए राहगीरों को शीतल पेय पिलाया।


# आरोपी डॉक्टर्स के खिलाफ एफ.आई.आर.रद्द करने से इनकार

- **आर्गन ट्रांसप्लांट मामला**

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने फर्जी एनओसी के जरिए आर्गन ट्रांसप्लांट से जुड़े मामले में फोर्टिस हॉस्पिटल की डॉक्टर ज्योति बंसल व डॉ. जितेन्द्र गोस्वामी के खिलाफ जवाहर सर्किल पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर रद्द करने से इंकार कर दिया। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश आरोपी डॉक्टर्स की आपराधिक याचिका को खारिज करते हुए दिया।

याचिका में आरोपियों ने कहा कि उनकी आर्गन ट्रांसप्लांट केस में कोई भूमिका नहीं है और उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया भी अपराध नहीं बनना पाया है। इसलिए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द किया जाए। इसके जवाब में राज्य के एएजी घनश्याम सिंह राठौड़ ने कहा कि केस डायरी से साबित है कि अनुसंधान में यह मामला आर्गन ट्रांसप्लांट के इंटरनेशनल रैकेट से जुड़ा हुआ है। आरोपियों ने दलालों से मिली भगत कर अवैध तरीके से आर्गन ट्रांसप्लांट किया है और इस अपराध में हॉस्पिटल मैनेजमेंट भी मिला हुआ था। इसी के चलते आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा सहित ट्रांसप्लांटेशन ऑफ हूमन आर्गन एंड टिश्यू एक्ट 1994 के तहत केस दर्ज कराया है। वहीं मामले की प्रगति रिपोर्ट से भी साबित है कि इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की प्रारंभिक जांच में भी सामने आया है कि टेलीफोनिक तौर पर उनके संबंध दलालों से थे और उनके बीच किडनी ट्रांसप्लांट को लेकर रुपए का लेन-देन भी हुआ है। ऐसे में आरोपियों की एफआईआर रद्द नहीं की जाए। अदालत ने राज्य सरकार की दलीलों से सहमत होकर आरोपी डॉक्टर्स के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से मना करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी।

## दीपक कुमार ने कांस्य पदक जीता



**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान के विद्युत निगमों की कुश्ती टीम ने पहली बार अखिल भारतीय विद्युत प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है।

# राठौड़ ने सभी मतदाताओं का जताया आभार

**जयपुर**। कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण के मतदान बाद देशभर के समस्त सम्मानित मतदाताओं एवं नव मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा, मतदाताओं ने जिस उत्साह एवं धैर्य के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक सहभागिता की, वह सराहनीय है। हमारी यही सहभागिता लोकतंत्र को महान बनाती है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, आपकी सहभागिता से ही चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। मतदान की प्रक्रिया शांति और निष्पक्षता से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग, स्थानीय प्रशासन, पुलिस कर्मियों, समस्त मतदान टीमों व निष्ठावान कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत आभार।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती समीना बानो एवं श्री मोहम्मद इरफान निवासी- 22-ए, गणपति गार्डन रोहन विहार, गंगापोल, जयपुर, का पुत्र मोहम्मद वसी व बहु समरीन फातिमा मेरे मुवक्किलान के कहे में नही है और मेरे मुवक्किलान व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उनके पुत्र व बहु छोटी- छोटी बातो को लेकर गाली गलोच व झगड़ा करते है तथा जिस कारण मेरे मुवक्किलान ने अपने उक्त पुत्र मो0 वसी व बहु समरीन फातिमा को अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया हैं और मेरे मुवक्किलान के पुत्र व बहु से सभी संबंध समाप्त कर दिये है, जो कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किलान के पुत्र मो0 वसी व बहु समरीन फातिमा से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।
दिनांक-1/6/24 (इमरान अहमद) एडवोकेट, मो.-9828087883

**वसीयत निरस्तीकरण पत्र**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2009 को जो वसीयतनामा मेरे अभिभाष्यगण नन्दकिशोर अग्रवाल पुत्र स्व. श्री गंगासहाय अग्रवाल व श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल पत्नी श्री नन्दकिशोर अग्रवाल निवासीयान मकान नम्बर 1-ट-11, नन्द निकेतन, जवाहर नगर, जयपुर ने अपनी चल व अचल सम्पत्तियों के बाबत् तहरीर किया था उसको अब तुरन्त प्रभाव से निरस्त कर रहे है। सूचित रहे।
जयपुर रवि सक्सैना एडवोकेट
दिनांक-1.6.2024 मो.-9414051581

**वसीयत निरस्तीकरण पत्र**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.05.2009 को जो वसीयतनामा मैंनें व मेरी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल ने अपनी चल व अचल सम्पत्तियों के बाबत् तहरीर किया था जो कि अब हम नन्दकिशोर अग्रवाल पुत्र स्व. श्री गंगासहाय अग्रवाल व श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल पत्नी श्री नन्दकिशोर अग्रवाल निवासीयान मकान नम्बर 1-ट-11, नन्द निकेतन, जवाहर नगर, जयपुर उसको तुरन्त प्रभाव से निरस्त कर रहे है। सूचित रहे।
जयपुर निष्पादनकर्तागण
दिनांक : 1.6.2024 1.नन्दकिशोर अग्रवाल
2.श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल, मो.9414769852

**NAME CHANGE**

I No. 15737398W Rank Sigmn Rahul Kumar R/o- Village- Gadua, Nawada, Bihar have changed my Father's name from Birendra Singh to Virendra Singh and his DOB from 05-05-1966 to 01-01-1966 in all my service records for all future purposes.

I 15703321F Rank Hav. Tahsildar Tiwari R/o- Village- Tipakkabad, Mau, Uttar Pradesh have changed my Mother's name from Esharwati Tiwari to Israwati Devi and her DOB from 01-07-1966 to 01-01-1959 in all my service records for all future purposes.

I JC- 389376M Rank Sub. Jiwan Jyoti R/o- Village- Masahariyan, Buxar, Bihar have changed my Mother's name from Sitapati Devi to Satipati Devi and her DOB from 1-07-1947 to 1-01-1948 in all my service records for all future purposes.

I army no 15475463W Ex DFR Dharmendra Singh Rathore S/O Bahadur Singh R/O B- 94 vinoba bhave nagar vaishali nagar jaipur that have changed my daughter name from BHOOMIKA is wrong entered in service record As to BHOOMIKA RATHORE vide affidavit dated 29 may 2024 before district notary Jaipur

**खोया पाया**
मेरा मकान संख्या 3-G-15 रामाकृष्णापुरम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोटपूतली का भौतिक कब्ज़ा पत्र दिनांक 17.01.2016 को कहीं गिर गया / खो गया है अगर किसी मिले तो इसकी सूचना मुझे सुचित करें। किशन लाल मोबाइल 6375158341 पर करें

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान सम्पत्ति 3/378, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, मालवीय नगर, जयपुर कॉर्नर का पूर्व व दक्षिणमुखी देखती हुई है जो कि स्वर्गीय इन्द्रजीत कौर पत्नि स्व. करनैल सिंह के नाम से राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवंटित की गई थी, जिसे बिना अधिकारों के निरस्त वसीयत के आधार पर महेन्द्र खेला द्वारा डाक्टर राजेन्द्र कुमार शर्मा को दिनांक 24.12.2020 को जरिये पंजीकृत विक्य पत्र के माध्यम से बेचान कर दिया, जिसके संदर्भ में मूल वसीयत के आधार पर श्रीमती अनुमीत कौर व उनकी नाबालिग तीन पुत्रीया दलजीत कौर, ईमनजोत कौर, हरजीत कौर उक्त सम्पत्ति के वास्तविक मालिक हुए। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वाद पत्र न्यायालय अति. सिविल न्यायाधीश क्रम-17 जयपुर महानगर प्रथम सांगानेर में प्रकरण संख्या 205/2023 विचाराधीन है जिसमें अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 09.04.2024 से डाक्टर राजेन्द्र कुमार शर्मा को पाबन्द कर उक्त वादग्रस्त सम्पत्ति की मौके व रिकार्ड की यथास्थिति बनाये रखे जाने के आदेश पारित किये हुए है एवं साथ ही न्यायालय अपीलीय किराया अधिकरण जयपुर महानगर प्रथम द्वारा दिनांक 21.06.2023 को डाक्टर राजेन्द्र कुमार शर्मा के विरूद्ध आदेश पारित किया है एवं साथ ही एक अन्य वाद में न्यायालय अति. सिविल न्यायाधीश क्रम-17 सांगानेर द्वारा दिनांक 04.08.2021 को भी मूल दस्तावेज ता-वाद फैसला अन्य दीगर व्यक्ति के नहीं लौटाने के आदेश पारित हुए है एवं साथ ही पुलिस थाना मालवीय नगर जयपुर द्वारा न्यायालय वरिष्ठ मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम 4 जयपुर महानगर प्रथम द्वारा धारा 202 सीआरपीसी के तहत पुलिस थाना मालवीय नगर जयपुर से अभियुक्तगण महेन्द्र खेला व श्रीमती सोनिका कौर शर्मा एवं डाक्टर राजेन्द्र कुमार शर्मा को दोषी मानते हुए अपनी रिपोर्ट दिनांक 19.02.2024 को न्यायालय में प्रस्तुत की है जो कि विचाराधीन है। उक्त समस्त परिस्थिति व वस्तुस्थिति को देखते हुए डाक्टर राजेन्द्र कुमार शर्मा उक्त सम्पत्ति को विक्रय करने पर आमादा है जो कोई आम खास उक्त सम्पत्ति को क्रय करता है जो कि विधि विरुद्ध होगा। उक्त विक्रय पत्र की कोई विधिक मान्यता नहीं होगी, कानून की नजर में उक्त विक्रय पत्र विधि विरूद्ध व शून्य होगा, जिससे उत्पन्न होने वाले समस्त हर्जे खर्चे व निकलने वाले परिणामों का क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा, सूचित रहे।
भवदीय (मनोज शर्मा) एडवोकेट, मो. -9887566756

# अंधड़ के बाद जयपुर में बरसी राहत की हल्की बारिश

## सात दिन लगातार चली हीटवेव से लोगों को मिली राहत

- **मौसम विभाग ने शनिवार रात 10 बजे बुलेटिन जारी करके जयपुर, दौसा, झुंझुनूं, सीकर और अलवर के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात के साथ अंधड़ व मध्यम बारिश की संभावना जताई**



जयपुर में शनिवार को तेज अंधड़ के बाद हल्की बारिश हुई जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । 'नौतपा' के 8वें दिन जयपुर में तेज अंधड़ के बाद राहत की हल्की बारिश हुई। लगातार 7 दिन चली हीटवेव से कुछ राहत मिली। हालांकि सुबह से ही शहर के आसमां पर बादलों ने डेरा डाल रखा था। दिनभर की घटाघोंट के बाद शाम को बूंदाबांदी शुरू हुई। इससे दिन का तापमान 3.4 डिग्री गिरकर 42.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मौसम के बदलाव के साथ जयपुर में अगले कुछ दिन लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने शनिवार रात 10 बजे बुलेटिन जारी करके जयपुर, दौसा, झुंझुनूं, सीकर और अलवर के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात के साथ अंधड़ व मध्यम बारिश की संभावना जताई। इसमें हवा की गति 40 से 50 कि.मी. प्रति घंटे रहने की बात कही गई।


इसके अलावा अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, सवाईमाधोपुर, करौली, चूरू, नागौर, जैसलमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और टोंक जिले के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कुछ-कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई।

देखा जातए तो जयपुर में पिछले 7 दिनों से दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हो रहा है। जो आज 3.4 डिग्री गिरकर नीचे आया। अब 3 जून तक जयपुर का तापमान 42 या उससे नीचे जाने की संभावना है। हालांकि 5-6 जून से वापस गर्मी बढ़ने लगेगी और तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होगी। नौतपा के बीते 7 दिनों में जयपुर में दिन में हीटवेव का दौर भी रहा। जयपुर मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट के मुताबिक इस पूरे महीन जयपुर में 7 दिन हीटवेव के रहे, जब यहां का तापमान सामान्य से 4 से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हुआ।

बताया जा रहा है कि जयपुर के आमेर कुंडा के अलावा दिल्ली रोड के आसपास शाम 4 से 5 बजे के बीच अच्छी बारिश हुई। वहीं जयपुर परकोटे समेत बाकी स्थानों पर हल्की बारिश तो कहीं-कहीं सिर्फ बूंदाबांदी हुई।

मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान अलवर और पिलानी में 46.5, श्रीगंगानगर में 46.2 और कोटा में 46.1 डिग्री रहा। इसी प्रकार फलौदी में 45.2, सीकर और भीलवाड़ा में 44, चितौड़गढ़ में 43.7, चूरू और बीकानेर में 43.4, जैसलमेर में 43, पाली में 42.9, अजमेर और बाड़मेर में 42, जयपुर में 42.6 और जोधपुर में 41.3 डिग्री रहा।

**तीये की बैठक**



**श्रीमती प्रेम देवी** धर्मपत्नी स्व. श्री गोविन्द नारायण जी यादव का स्वर्गवास 31.05.24 को हो गया। जिनकी तीये की बैठक 02.06.24 को सायं 5 से 6 बजे बी-44, श्री गोविन्द रेजीडेंसी, ग्राम भूतावाली, मुकन्दपुरा रोड, बिन्दायका, जयपुर पर होगी। एवं शीशी पूजन 11.06.24 को है।
**शोकाकुल**- राजकुमार, किशन, सुनील, कमल, परविन्द, विजय, रवि, मनोज, गौरव, राहुल, आदित्य, अक्षत, करण, हर्ष समस्त सेलंग्या परिवार 9828377402

**नम्बर मिलाइए 9587884433**
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक: जविप्रा/उपा/जोन-14/2024/डी-831 **आम सूचना** दिनांक : 31.05.2024
निम्न आवेदक द्वारा निम्नांकित भूखण्ड के फ्री होल्ड पट्टा हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री जगदीश चौधरी पुत्र श्री रामनाथ जाट | श्री जगदीश चौधरी पुत्र श्री रामनाथ जाट | 73 | 168.33 व.ग. | बदनपुरा (फकीरो की डूँगरी) गृ.नि.स.स.लि. | अवनी प्राईम | फ्री होल्ड लीजडीड हेतु। | स्वघोषणा पत्र, क्षतिपूर्ति बन्ध पत्र, समिति द्वारा जारी आवंटन पत्र, साइट प्लान, रसीद, मूल दस्तावेज खोने की गुमशुदगी रिपोर्ट, खोया-पाया विज्ञप्ति की प्रति, शपथ पत्र, मौके की फोटो व पहचान पत्र। |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में फ्री होल्ड पट्टा जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन - 14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

## संक्षिप्त

### 32 विद्यार्थियों को संगीत की डिग्री

**जयपुर** । संगीत आश्रम संस्थान की ओर से शनिवार को शास्त्रीनगर स्थित एआरजी ऑडिटोरियम में हुए विशारद उपाधि समारोह में संगीत की तीनों विधाओं(गायन, नृत्य और वाद्य) के स्टूडेंट्स के चेहरे डिग्री पाकर खिल उठे। समारोह के दौरान संस्थान का सालाना जलसा भी हुआ। कथक विषय में गौरी खंडेलवाल, आध्या काठोतिया, वंशिका अग्रवाल, लावण्या मिश्रा, यशस्वी बिश्नोई, दिनेश कुमार राव और गायन में गर्विता मंगल, साधना रावल, रजनी कुमावत, जीनस कंवर, अमित कुमार सैनी, जयति कुमारी, साना उस्मानी, मानवेन्द्र सिंह तंवर, हबीब खान, विनोद कुमार छाबड़ा, मीना बालोदिया, आदित्य के.अग्रवाल, इन्द्रा कुमारी, शीतल सिन्हा, इन्दु शर्मा, पुरषोत्तम तवानिया, लविन खत्री, अदम्य शर्मा, अक्षिता साहु, उदभय लवानिया, खुशी मथिरिया समेत तबले में दिलशाद खान, विनोद कुमार छाबड़ा, गिटार में दिशा शर्मा, भरतनाट्यम विषय में आन्या खंडेलवाल को विशारद उपाधि प्रदान की गई। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने आगन्तुकों का आभार जताया।

### पक्षियों के लिए 101 परिण्डे बांधे

**जयपुर** । राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति के अध्यक्ष सोमसिंह मीना के जन्मदिन पर जयपुर में विभिन्न स्थानो पर राजस्थान नर्सिंग कौंसिल में भारती रजिस्ट्रार, सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में सुरेश कुमार नर्सिंग अधीक्षक,आर यू एच एस नर्सिंग कॉलेज में डॉ. मदन मोहन प्रधानाचार्य, बजाज नगर अपार्टमेंट गांधी नगर, नेहरू गार्डन में प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार के सानिध्य मे इत्यादि जगह पर बेजुबान पक्षियों के लिए 101 परिंडे बांधे गए। साथ ही राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया। नर्सेज नेता सोमसिंह मीना ने सभी नर्सेज से अपील की प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण करे एवम् वन्य जीव-जंतुओं के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने की अपील की।

### गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगी

**जयपुर** । मालवीय नगर इलाके में सीबीआई अफसर बनकर एक युवक को वॉट्सअप कॉल कर एक मामले में गिरफ्तारी का डर दिखाकर उससे छह लाख रुपए की ठगी कर ली। पुलिस के अनुसार मालवीय नगर निवासी प्रशांत सोनी ने मामला दर्ज करवाया कि 23 मई को उसके पास एक वॉट्सअप कॉल आया। कॉल कर्ता ने स्वयं को सीबीआई अफसर बताया और कहा कि आपके ऊपर चाइल्ड ट्रेकिंग, ह्यूमन ट्रेकिंग और मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हुआ है। इस केस में आपका गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अगर आप बचना चाहते हो तो बताए गए बैंक खाते में रुपए डाल दो। इस डर के चलते पीड़ित ने सबसे पहले 2.95 लाख, इसके बाद 1.90 और फिर 1.20 लाख रुपए खाते में डलवा लिए। इसके बाद भी आरोपी लगातार उसे फोन कर परेशान कर रहे थे। इससे परेशान होकर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पीड़ित ने पुलिस को आरोपियों द्वारा भेजा गया गिरफ्तारी वारंट भी दिखाया है। इसी तरह मुहाना इलाके में बदमाशों ने कार्यालय में घुसकर एक युवक को हथियार दिखाकर उससे 118181 रुपए लूट ले गए। उदयग्रीन रेजीडेंसी निवासी राजवीर चावला ने इस संबंध में मामला दर्ज कराया था।

# बैंकों में फर्जी खाते खुलवाकर साइबर ठगी, ऑनलाइन गेमिंग व सट्टे की अवैध रकम का लेन-देन करने वाला गिरोह पकड़ा

## सी.आई.डी. क्राइम ब्रांच की सूचना पर रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । पुलिस मुख्यालय सी.आई.डी. क्राइम ब्रांच की सूचना पर रामनगरिया पुलिस ने बैंकों में फर्जी खाते खुलवा कर साइबर ठगी, ऑनलाइन गेमिंग एवं सट्टे की अवैध रकम का लेनदेन करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के दो मुख्य आरोपियों सहित 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि आरोपियों ने 733 फर्जी बैंक अकाउंट खुलवकर करोड़ों रुपये की अवैध रकम ट्रांसफर की है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पुलिस ने फर्जी बैंक खातों के डेबिट व क्रेडिट कार्ड एवं चैक बुक व पासबुक का संचालन करने वाले गैंग के मुखिया योगी कृष्ण सोनी पुत्र मुकुट बिहारी (34) निवासी रॉयल सिटी कालवाड़ रोड, हाथोज एवं संदीप बागड़ा उर्फ सैंडी पुत्र सागरमल (30) निवासी व्हाइट हाउस न्यू सांगानेर रोड सोडाला, फर्जी बैंक खाता खोलने वाले आरोपी भाई राजेंद्र कुमार मीणा पुत्र गोपाल लाल (34) व सुरेश कुमार मीणा (32) निवासी गांव जौल थाना टोडाभीम हाल रॉयल प्लेटेनियम अपार्टमेंट जगतपुरा एवं इनके अकाउंट्स संभालने वाले आरोपी लक्ष्य जैन पुत्र चंद्रेश कुमार (22) निवासी



**रामनगरिया पुलिस ने बैंकों में फर्जी खाते खुलवा कर साइबर ठगी और ऑनलाइन गेमिंग व सट्टे की अवैध रकम का लेनदेन करने वाले बदमाशों को दबोचा।**

एसडीसी कोटियार्ड एसकेआईटी कॉलेज के पास जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

एडीजी एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस क्राइम योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य कांस्टेबल गंगाराम को आसूचना प्राप्त हुई की जगतपुरा स्थित रॉयल प्लेटेनियम अपार्टमेंट के फ्लैट में रह रहे युवक फर्जी तरीके से बैंक

- **पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने 733 फर्जी बैंक खातों के जरिए करोड़ों रुपए की हेरा-फेरी की है**
- **आरोपियों के कब्जे से 18 बैंक खातों के आवेदन फॉर्म, 5 चैक बुक, 2 बायोमैट्रिक मशीन, 4 ओटीजी, 34 सिम, 7 आधार कार्ड और 32 क्रेडिट-डेबिट कार्ड जब्त**

खाता खोल उन्हें कमीशन के बदले साइबर ठगों को उपलब्ध करा रहे हैं।

एडीजी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने इस सूचना से रामनगरिया थाना पुलिस को अवगत कराया। थाना पुलिस द्वारा रॉयल प्लेटेनियम अपार्टमेंट के एक फ्लैट में दबिश दी। वहां आरोपी भाई राजेंद्र कुमार मीना व सुरेश कुमार मीना मिले। फ्लैट से पुलिस ने 18 बैंक खातों के आवेदन फॉर्म, पांच चैक बुक,दो बायोमैट्रिक मशीन, चार ओटीजी, 34 सिम, 7 आधार कार्ड एवं 32 क्रेडिट व डेबिट कार्ड बरामद किये है।

### 5 से 20 हजार रुपए तक मिलता कमीशन

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी भाइयों राजेंद्र व सुरेश ने बताया कि पहले उनकी जानकारी योगी कृष्ण सोनी से हुई थी जो फर्जी बैंक अकाउंट खोलने के बदले 5 हजार दिया करता था। जिसमें से 3 हजार अपने पास रखकर बाकी 2 हजार रुपये वे अकाउंट होल्डर को दे देते। इसके बाद उनकी जानकारी संदीप बागड़ा उर्फ सेंडी से हुई जो एक बैंक खाते के 20 हजार तक देता था।

### फर्जी बैंक खाते में मोबाइल नंबर व पता अपना देते

प्रारंभ में इन्होंने अपनी पत्नी, यार-दोस्तों व रिश्तेदारों के फर्जी अकाउंट खोले। उसके बाद गरीब तबके के व्यक्तियों को पैसों का लालच देकर विभिन्न बैंकों में उनके अकाउंट खुलवाये। फर्जी एकाउंट खोलते समय बैंक खाते में मोबाइल नंबर और पता योगी कृष्ण सोनी और संदीप बागड़ा का होता। इस वजह से एटीएम चैक बुक पासबुक की डिलीवरी इनके बताये पते पर ही होती।

### 733 बैंक अकाउंट में मिला करोड़ों का लेनदेन

उपलब्ध कराए गए बैंक खातों तथा उन बैंक खातों में लेनदेन का रिकॉर्ड लक्ष्य जैन किया करता है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी लक्ष्य जैन को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। लक्ष्य के घर मिले लैपटॉप में 733 फर्जी बैंक खातों की डिटेल प्राप्त हुई है। बाद में मुख्य दोनों आरोपी योगी कृष्ण सोनी एवं संदीप बागड़ा उर्फ सैंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों मुख्य आरोपी अन्य शहरों में भी कमीशन के बदले बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले के कांटेक्ट में है, जिसकी जांच की जा रही है।

एडीजी एमएन ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में स्टेट क्राइम ब्रांच के कांस्टेबल गंगाराम की विशेष भूमिका व हैड कांस्टेबल कमल सिंह, शंकर दयाल, रामनिवास एवं कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा की तकनीकी भूमिका रही। गिरफ्तारी की कार्रवाई रामनगरिया थाना पुलिस द्वारा की गई है।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में 50 एम.एल.डी. वर्क शुरू नहीं करने पर फर्म को फटकार

## परकोटे की गलियों में गड्ढ़े खुदे हुए देखकर नाराज हुए निगम आयुक्त

**जयपुर** (कासं)। अमृत मिशन-2 योजना के तहत जयपुर शहर में चल रहे कार्यों निरीक्षण के लिए हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा शनिवार को शहर के दौरे पर रहे। इस दौरान आयुक्त सुराणा ने चारदीवारी में चल रहे सीवरेज संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने परकोटे की

- **मानसून से पहले अमृत मिशन का काम पूरा करने और सीवरेज के लिए खोदे गए गड्ढ़े भरने के निर्देश**

गलियों में जगह-जगह हो रही खुदाई को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा मानसून आने वाला है। संबंधित फर्म को खड्डे को जल्द ढकने के निर्देश दिए, साथ ही निगम अधिकारियों को धीमी गति से काम करने पर फर्म को नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए। इस दौरान आयुक्त अभिषेक सुराणा ने तोपखाना देश चोकडी, ब्रह्मपुरी, विश्वेश्वर जी को चौकडी, गंगापोल, घाटगेट, मोदी खाना, कंवर नगर आदि क्षेत्र में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। वहीं, आयुक्त अभिषेक सुराणा ने जयसिंहपुरा खोर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। प्लांट में 50 एमएलडी का कार्य शुरू नहीं होने पर फर्म को फटकार लगाई। निगम अधिकारियों को फर्म को नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फर्म समय पर काम पूरा करें, धीमी गति से काम पूरा करने पर कंपनी को ब्लेक लिस्टेड करने के भी निर्देश दिए। वहीं वार्ड नंबर 63 और 67 में चल रहे सीवरेज की सफाई कार्य का भी जायजा लिया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने निगम के अधीक्षण अभियन्ता चरण सिंह मीणा को सीवरेज संबंधी कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द नियत समय अवधि ने कराने के निर्देश दिए, साथ ही इस दौरान आयुक्त सुराणा सभी कार्यों की जांच थर्ड पार्टी से करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन किशनपोल योगेश कुमावत, हवामहल जोन के एक्सईएन महेंद्र सिंह, जेईएन मनोज मीणा सहित अन्य निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।



**हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शनिवार को परकोटे का दौरा कर कई प्रोजेक्ट्स का जायजा लिया।**

# फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगने वाले बदमाशों को जुलूस निकाला

**जयपुर** । राजस्थान में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लूट करने वाले बदमाशों का शुक्रवार शाम पुलिस ने जुलूस निकाला। माणक चौक थाना पुलिस ने करीब 2 किलोमीटर बदमाशों की पैदल परेड निकाली। आरोपियों ने जिन-जिन इलाकों में वारदातों को अंजाम दिया था। उन जगहों सहित आस-पास के बाजारों में पैदल परेड निकाली गई।

थानाधिकारी गुरु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लूट मामले में शेख मुख्तार उमर उर्फ मुख्तार हसन, मोहम्मद अली उर्फ साबिर हसन, जुल्फीकार उर्फ जावेद निवासी निवासी ईरानी बस्ती अमन कॉलोनी निशादपुरा भोपाल और उनके टैक्सी ड्राइवर जितेन्द्र कुमार निवासी फरीदबाद हाल आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल, करीब 12 दिन पहले बदमाशों ने जयपुर में अफसर बनकर कोरियर बॉय से लूट लिया था। लूट की वारदात कैलाश नगर झोटवाड़ा निवासी द्वारका प्रसाद शर्मा (35) के साथ हुई थी। रात करीब 8 बजे वह ज्वेलरी का पार्सल लेकर गंगा माता की गली से पैदल आ रहा था। बदमाशों ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर चैक करने

- **गैंग ने जहां लोगों को लूटा था, उन गलियों से बदमाशों को पैदल ले गई पुलिस**

के लिए कहा था। फिर धक्का देकर बैग लूट ले गए थे। पीड़ित ने माणक चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

हजार रुपए का इनाम है। 24 मई को चारों बदमाशों को अरेस्ट किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर के परकोर्ट में चार वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया था।

गुरु भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर भोपाल से 25 लाख रुपए कीमत के डायमंड बरामद किए गए है। आरोपियों ने जिन-जिन इलाकों में वारदातों को अंजाम दिया था। उन जगहों सहित आस-पास के बाजारों में पैदल परेड निकाली गई। पुलिस ने शुक्रवार शाम को सांगानेर गेट से संजय बाजार, जौहरी बाजार, परतानियों का रास्ता, रामलला का रास्ता, आचार वाली गली, गंगा माता मंदिर गली, गोपाल जी का रास्ता से बड़ी चौपड़ तक दो किलोमीटर की पैदल परेड निकाली।

# हनीट्रैप गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । राजधानी में हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाली गैंग के चार बदमाशों को रामनगरिया थाना पुलिस ने अरेस्ट किया है। गैंग के मेंबर महिला के जरिए अमीर लोगों को कॉल करवाकर फांसते थे। मिलने पहुंचने पर गैंग के बदमाश पकड़ कर रुपए वसूल करते थे। डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाली गैंग के ऋषिकेश मीना (26) निवासी मण्डावरी दौसा हाल रामसिंहपुरा फाटक कानोता, सुमन मीना (25) निवासी गंगापुर सिटी हाल जगदीश विहार लूणियावास, मुकेश कुमार मीना (30) निवासी हीरापुरा कोटखावदा और ममता (20) निवासी मण्डावरी दौसा को गिरफ्तार किया है। रामनगरिया थाने के स्पेशल टीम के कॉन्स्टेबल राहुल, मुनेश और लोकेन्द्रपाल सिंह को हनीट्रैप में फांसकर ब्लैकमेल करने वाली गैंग के बारे में पता चला। एसएचओ अरुण कुमार के नेतृत्व में तीनों पुलिसकर्मियों की टीम ने ट्रैप की कोशिश की। लोकेशन के आधार पर ब्लैकमेलिंग गैंग की महिला सहित चारों बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात करना स्वीकार किया। गैंग में शामिल महिला ममता अमीर लोगों को कॉल कर जाल में फंसाती थी।

# होटल को बम से उडाने की धमकी भरा ई-मेल

**जयपुर** । जलमहल के पास आमेर रोड पर स्थित एक होटल को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने से होटल प्रशासन में हडकम्प मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर होटल परिसर की तलाशी ली। लेकिन वहां पर कुछ भी नहीं मिला। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार होटल ट्राइडेंट के जनरल मैनेजर समीर कौल ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी होटल की मेल पर एक धमकी भरा मेल मिला है। इसमें होटल परिसर में बम रख कर उसकी टाइमिंग चालू कर दी है। इस सूचना पर होटल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी ईश्वर चंद्र पारीक ने बताया कि इलाके में स्थित एक होटल को धमकी भरा मेल मिला था। इससे पहले भी जयपुर में कई स्कूलों और एयरपोर्ट को ऐसे धमकी भरे मेल मिल चुके है।


## सार-समाचार

### खम्भ फाड़ प्रगट हुए नृसिंह भगवान



**जयपुर** । चांदपोल बाजार के नींदड़ राव जी का रास्ता स्थित मंदिर श्री नृसिंह जी अग्रवाल पंचायत समिति का तीन दिवसीय पाटोत्सव शनिवार को नृसिंह लीला के साथ शुरू हुआ। मंदिर महंत पं. मनमोहन शर्मा के सान्निध्य में सुबह नृसिंह भगवान सहित अन्य विग्रहों का अभिषेक कर पूजन किया गया। अग्रवाल पंचायत समिति, जयपुर के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने बताया कि शनिवार शाम को सजीव नृसिंह लीला का प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने इस लीला के दर्शन किए। भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान नृसिंह खंब फाड़कर प्रकट हुए मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। नृसिंह भगवान की आरती के बाद गाजे-बाजे के साथ नृसिंह भगवान की स्वरूप झांकी मंदिर से रवाना होकर चांदपोल के विभिन्न मार्गों से गुजरी। मार्ग में रंगीन आतिशबाजी की गई। चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्रजी मंदिर, हनुमानजी मंदिर, सतगुरु मंदिर सहित जगह-जगह नृसिंह भगवान की आरती और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। लोगों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर शर्बत, शिकंजी, आमरस का वितरण किया। विभिन्न मार्गों से होते हुए नृसिंह भगवान पुनः मंदिर पहुंचे। यहां महाआरती हुई। दूसरे दिन रविवार को वराह लीला का मंचन होगा। धरती को रसातल में जाने से बचाने के लिए भगवान विष्णु वराह का अवतार लेंगे। इस झांकी का भी सजीव मंचन होगा।

### 3200 किलो वेजिटेबल सॉस नष्ट कराया



**जयपुर** । चिकित्सा विभाग मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चला रहा है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में शनिवार को कानोता क्षेत्र में कार्रवाई कर 3200 किलो वेजिटेबल सॉस नष्ट करवाया गया। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि जयपुर द्वितीय क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गौरव धारा कॉलोनी, कानोता स्थित मैसर्स रिद्धि सिद्धि इंडस्ट्रीज के कारखाने पर छापा मारा गया। यहां 3200 किलो वेजिटेबल सॉस लगभग 25 प्लास्टिक के ड्रमो में रखा पाया गया। यह सॉस कद्दू के पल्प से तैयार किया गया था। इसमें घटिया एवं अखाद्य रंग मिलाकर सॉस तैयार किया जा रहा था। इस सॉस की 900 ग्राम की पैकिंग का मूल्य मात्र 25 रुपए था, जबकि बाजार में ब्रांडेड कंपनियों की सॉस की बोतल की कीमत इससे काफी अधिक है। फैक्ट्री में साफ सफाई की स्थिति भी ठीक नहीं हो पाई गई। मौके पर ना तो फूड लाइसेंस पाया गया और ना ही किसी कर्मी का मेडिकल फिटनेस और ना ही पानी की जांच रिपोर्ट पाई गई। मौके पर इस वेजिटेबल सॉस का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नमूना लेने के पश्चात समस्त माल को मौके पर ही नष्ट करवाया गया । कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव, नन्दकिशोर कुमावत व राजेश कुमार नागर शामिल रहे।

### 'आशा-सेतु पुस्तक का लोकार्पण'



जयपुर, (का.सं.)। पैरोकार प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक आशा-सेतु का लोकार्पण् समारोह का भव्य आयोजन रविवार को वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकारों की सक्रिय साझेदारी के बीच हुआ। पुस्तक का संपादन डॉ. कृष्ण कल्कि द्वारा किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम 26 मई को राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति के विशाल सभागार, जेएलएन मार्ग में आयोजित किया गया। दरअसल आशा-सेतु पुस्तक प्रखर पत्रकार, लोकसेविका, वाणिज्य सेतु एवं गरीबों पत्रिका की संपादक आशा पटेल के जीवन, सार्वजनिक जीवन, पत्रकारिता यात्रा, कर्म लेखन, उनके संपर्क में आने वाले लोगों की प्रतिक्रिया, रचनात्मक बानगियां, जिजिविषा आदि पर आधारित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चन्द्र छाबड़ा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने आशा पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने आप में विश्वास ओर संकल्प की ऐसी जीवन शक्ति है उनमें विरोध् नहीं विद्रोह हैं। वह स्वयं को राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण को समर्पित सैनिक मानती है। मुख्य अतिथि मिनिएचर आर्ट के वरिष्ठ कलाकार पद्म तिलक गीताई ने आशा के बारे में काफी पुराने संस्मरण सुनाये।

# जीरो सेटबैक पर चार मंजिला अवैध इमारत बनाकर पडौसी की हवा-रोशनी बंद कर दी

## शास्त्री नगर इलाके में ताम्बी पेट्रोल पंप के नजदीक अवैध निर्माण बना नासूर



-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । शास्त्री नगर इलाके में ताम्बी पेट्रोल पंप के नजदीक जीरो सेटबैक पर 4 मंजिला अवैध इमारत बनाकर निर्माणकर्ता ने पडौसी परिवार की हवा और रोशनी ही बंद कर दी। पीड़ित विधवा लक्ष्मी राठी ने अवैध निर्माण पर आपत्ति जताते हुए 'वैंटिलेशन' बंद करने की शिकायत की तो अवैध इमारत बनाने वाला उनसे गाली-गलौच और मारपीट पर उतारू हो गया। इसकी शिकायत लेकर पीड़िता स्थानीय पुलिस और नगर निगम प्रशासन के पास पहुंची, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़िता लक्ष्मी राठी का कहना है कि वह प्लॉट नंबर 10बी, ताम्बी पेट्रोल पंप के सामने सैन साहब की छतरी (पीतल फैक्ट्री) में रहती है। उनके पति का 5 वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया, पडौसी परिवार ने पहले तो जीरो सेटबैक पर इमारत बनानी शुरू की, फिर ऊपरी दो मंजिल प्लॉट से

- **आरोप है कि पडौसी विधवा महिला ने अवैध निर्माण पर आपत्ति जताई तो भूखंड मालिक गालीगलौच व मारपीट पर उतारू हो गया**
- **पीड़िता की शिकायत के बावजूद ना तो स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई की और ना ही नगर निगम प्रशासन ने**

बाहर निकालते हुए उनके घर की रोशनी और हवा बंद कर दी। जबकि उनके मकान में जाने-आने के लिए मात्र 2-3 फीट की गली है। ऐसे में यहां रोशनी-हवा बंद होने से काफी दिक्कतें हो रही है। उन्होंने जब इस अवैध निर्माण पर आपत्ति जताई तो निर्माणकर्ता रानू शर्मा, सुधीर शर्मा, सुबोध शर्मा और सुनीता शर्मा ने परेशान करने के उद्देश्य से अपने मकान के सीवरेज पाइप भी हमारी 3 फीट की गली में उतार दिए। यह पाइप लिकेज कर रहे हैं, इस वजह से यहां बदबू के कारण काफी दिक्कतें हो रही है। लक्ष्मी राठी का आरोप है कि गत 8 मई को पडौसी निर्माणकर्ता ने उनकी खिड़की का टेपर भी सरिए से तोड़ दिया, इस पर जब हमने आपत्ति जताई तो निर्माणकर्ता परिवार ने गाली-गलौच की और फिर मारपीट पर उतारू हो गए। इसकी शिकायत जब स्थानीय महिला पुलिस थाने में की गई तो पुलिस ने सिर्फ पी.सी.आर. मौके पर भेजकर लीपापोती कर दी। उधर हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय और जोन कार्यालय में गत 13 मई को इस अवैध निर्माण की शिकायत की थी, लेकिन आज तक निगम प्रशासन ने भी यहां कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई।

# परिजनों ने डांटा तो तीन बहनों ने छोड़ा घर, पुलिस ने ढूंढा

**जयपुर** । हरमाड़ा इलाके में परिजनों की डांट पडने पर तीन नाबालिग बहनों ने घर छोड़ दिया। परिजनों ने बच्चियों के लापता होने की जानकारी पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने आनन-फानन में बालिकाओं को लेकर सर्च अभियान शुरू किया। बच्चियों की खोज में पचास से अधिक पुलिसकर्मी जुट गए। डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस ने करीब तीन घंटे में बालिकाओं को खोज निकाला। बालिकाएं शुक्रवार शाम को शौच करने के बहाने घर से निकल गई थी। खोजने के दौरान बालिकाएं एक झाड़ी में छिपकर बैठी मिली। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने काउंसलिंग के बाद तीनों बच्चियों को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पष्चिम अमित कुमार ने बताया कि सनसिटी के पास झुग्गी बस्ती निवासी दिनेश भोपा ने शुक्रवार रात 12 बजे हरमाड़ा थाने में फोन उसकी तीन नाबालिग बेटियों के लापता होने की सूचना दी थी। दिनेश भोपा ने पुलिस को सूचना दी। उसकी बेटियां गोलू (11), नैना (5) और काली (3) शुक्रवार शाम शौच जाने की कहकर निकली थी। इसके बाद तीनों बच्चियां वापस घर नहीं लौटी थी।



## Garden Wildlife Week

Garden Wildlife Week, observed in the first week of June, is a lively celebration of the natural world found in our gardens. This week encourages people to appreciate and protect the birds, insects, and plants in their backyards. The celebration highlights the vital role that these creatures play in keeping our environment healthy. The week promotes awareness about the importance of fostering wildlife-friendly habitats. Gardens can be havens for a variety of creatures. People are encouraged to create safe spaces by planting native flowers and installing bird feeders. This helps animals thrive in urban settings.

#HEATWAVE-ALERT

# Avoid eye stroke, dry eye syndrome or allergies in summer

As temperatures soar and days lengthen, your eyes may feel gritty, sore, and tired. Blurry vision, burning, and watering can indicate eye strain from heatwaves. The intense heat affects your eyes as well as your skin.





Heatwaves can harm eye health, causing dryness, irritation, and blurred vision. Intense heat and UV exposure can lead to sunburn of the eye and worsen *dry eye syndrome*. Dehydration reduces tear production, increasing dryness and discomfort. High pollen counts can trigger allergic reactions, making eyes red, itchy, and watery.

Extreme temperatures and UV radiation during heatwaves can lead to several eye conditions, including,

- **Dry eye syndrome:** High temperatures and dehydration reduce tear production, leading to dryness, irritation, and a gritty sensation.
- **Eye allergies:** Heatwaves often coincide with higher pollen counts, which can trigger allergic reactions, causing red, itchy, and watery eyes.
- **Stye:** A common issue, arising from heat exposure is the development of a stye, a small, painful, red lump, that typically emerges from the base of the eyelash or under the eyelid. This condition can cause discomfort and requires attention to reduce symptoms and prevent further complications.

Here are some effective tips to protect your eyes from the harsh rays and the above eye conditions.

*Wear UV blocking sunglasses*: Just like you protect your skin with sunscreen, shielding your eyes from harmful ultraviolet (UV) rays is also important. Prolonged exposure to UV rays can increase the risk of cataracts and macular degeneration. Invest in high-quality sunglasses that block 99-100 per cent of both UVA and UVB rays. Polarised lenses are a bonus as they reduce glare, making it easier to see on bright days.

*Keep your eyes moisturised*: Heatwaves often lead to dehydration, which can reduce tear production and cause dry eyes. Ensure that you drink plenty of water throughout the day. Using artificial tears or lubricating eye drops can also help maintain moisture levels in your eyes.

*Limit exposure to AC*: While air conditioning provides much-needed relief from the heat, it can also dry out the air and your eyes. Taking breaks from air-conditioned environments can also help maintain your eyes' natural moisture balance.

*Watch what you eat*: Your diet plays a significant role in eye health. Foods, rich in omega-3 fatty acids, vitamins C and E, and zinc can help reduce the risk of age-related vision problems, and keep your eyes healthy. Include plenty of leafy greens, fish, nuts, and fruits into your meals to give your eyes the nutrients they need, to combat heatwave-induced stress.

*Practice eye hygiene*: Wash your hands frequently. With increased outdoor activities during heatwaves, sweat and environmental pollutants can easily irritate your eyes. It can introduce bacteria and cause infections like conjunctivitis or styes. Wearing a hat or cap with a brim can also provide additional protection against the sun and reduce the amount of sweat and debris that reaches your eyes.

*Take a screen-break*: Staring at digital screens for extended periods can exacerbate eye strain, especially in the heat. Follow the 20-20-20 rule, 'every 20 minutes, look at something 20 feet away for at least 20 seconds.' This practice helps reduce eye strain and gives your eyes a chance to rest and recover.



# Either We Of Flamingoes




Time and again, environmental problems are neglected and avoided stating lack of infrastructure, facilities, dedicated workforce, etc. What we believe is that a problem, minor and easily resolvable at one point, only aggravates and becomes a big challenge, when it is not dealt with at the budding stage. It is high time that forest administration and deputation of work is done in a way that it actually puts an end to troubles and punishes the troublemakers. If, Nalsarovar, a site of national and international importance turns into a 'mortuary' instead of a haven for the birds, who will be answerable for the devastation?



Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

On one hand, we have bird-lovers and conservationists taking huge efforts to conserve the migratory birds and provide a suitable environment for their sustained survival, and on the other, are the so-called 'educated' predators, who crave for their meat and habitat.

Clearly, a lot needs to be done to sensitize the masses on respecting the diversity of our planet and giving them a chance to exist. It was reported around 2011 that the beautiful flamingoes, feeding and breeding in India's Western state of Gujarat, are the latest wildlife species, that may soon lose their homes to urban development. The state government had plans to construct a concrete road right through the *Kutch wildlife Sanctuary*, jeopardizing the lives of flamingoes and wild ass population of the area. The area under threat is known as the only breeding colony of flamingoes in India. As per reports, the Wildlife experts, associated with *National Board of Wildlife*, had firmly said a no to the project, when the proposal was brought for discussion.

The 'mudflats' of *Rann of Kutch* is a unique habitat home to some endemic species of India. Nowhere else in South Asia, both greater and lesser flamingoes congregate for breeding. The road plan, though, could have directly killed the entire fragile ecosystem, in turn harming the flamingoes, wild ass and many other flora and fauna of the area. Conservationists were shocked and alarmed with the project. At another site, *Nalsarover* in Gujarat, which for many avians around the world is a home away from home, where they spend the cold winter months. Designated as a 'wetland' of international importance, the lake, however, is turning into a living hell. Reason being the nets, sprawling across the wide lake, and cast to bring the carefree flights of the bird to an abrupt end. Forest department officials say that the number of nets, seized by them in the past few months, has reached an all-time high. Shockingly, almost 600 nets a month are left here to capture birds like the flamingo visiting the lake.



Bamboo poles hold the net.



Unsuspecting birds get trapped.



Brutal blow on the head.



Taken away to become meal.

## Killer Webs

Nalsarovar, and the wetlands around it, were declared a *bird sanctuary* in 1969. Spread over 120 sq.kms, the lake and the extensive reed beds and marshes are an ideal habitat for aquatic plants and animals. The lake attracts a large variety of birds like Plovers, Sandpipers and Stints all around the year. But the best time to visit this site is during the winter months between September and February, when birds flying from Siberia and Central Europe flock the water body. Greater flamingoes are, undoubtedly, the most attractive of these winter visitors.

Sadly, the birds, that fly thousands of miles to get respite from the chilly winter of their home country, face untimely and a brutal death on arrival to this sanctuary. Fishing nets, that seem harmless, stuck on two bamboo poles erected on the water body, are actually the death traps for the flying avian. Birds, swooping on the lake floor, accidently get caught in them. Once the birds are caught, they are either killed or their wings and legs are broken. The officials say that they have sometimes caught local villagers in the process of tying the nets, but most of them get away saying that the nets are for fishing purposes only. The birds are most commonly caught for food. Admitting that there is staff crisis, a senior forest department official said that Nal Sarovar is so large, it is spread over two districts of Gujarat, Ahmedabad and Surendranagar. There is nothing that the forest guards can do against the villagers who poach with impunity.

## #FLYING AWAY





Flamingo Birds, Bishnoi village, near Jodhpur, Rajasthan, India.



## A Mortuary

Time and again, environmental problems are neglected and avoided stating lack of infrastructure, facilities, dedicated workforce, etc. What we believe is that a problem, minor and easily resolvable at one point, only aggravates and becomes a big challenge, when it is not dealt with at the budding stage. It is high time that forest administration and deputation of work is done in a way that it actually puts an end to troubles and punishes the troublemakers. If, Nalsarovar, a site of national and international importance turns into a 'mortuary' instead of a haven for the birds, who will be answerable for the devastation?

Coming back to our state and the problems at our end, the following factors have been attributed for the threatening of wetland eco-system of *Sambhar lake*,

1. The path of the fresh water has been restricted.
2. Because of the drought, the Government made a policy to stop the water low by making checked dams and anicuts for agriculture or to improve water table for water harvesting. Because of this, the water flow to the lake was completely stopped from the catchment area.
3. With the low rainfall, percolation became lesser and sub-soil brine reached 18 to 24° Be.
4. When the lake is filled with rainwater, the fresh water percolation in the subsoil resulted in salinity gradient and conversion of rainwater into high-density brine takes place.
5. Dead algae in the brine contributed to the total organic carbon in the salt.

To revive the present condition, rainwater should reach to the lake from the catchment area. However, during summer, the lake will completely become dry and the salt, deposited in the lakebed, will also be dried. In Rajasthan, in that particular area, there is lot of gale, storms, and heavy stormy wind during the month of May and June, which will take the salt through wind to nearby area, and that area will also become salty. These observations are discussed in the light of available field data on Sambhar salt lake.

The production of salt has also declined, which appears to be largely due to algal contamination of ponds (Lall, 1987). Despite its importance, waterfowl habitat, Sambhar, is known as a source of salt. It is the amongst the largest producers of salt in India, about 2.5 lakh MT is being extracted annually by *Sambhar Salts Limited* from surface water of lake and over 15 lakh to 20 lakh MT by private sectors by sub-soil brine by making borewells. Almost 8,000 ha. area of the lake has been appropriately given to salt pans. The plans to increase the salt production threaten to further disturb the lake's ecosystem.

In 1985, a flood situation occurred in Sambhar, which resulted in increasing the fishery resources, thus, inviting winged visitors to this lake. Later on, the situation remained for a year and due to high productivity, fishery resources were increased and also marketed. In 1992, again, the lake experienced a very heavy rain. The fishery resources were again increased and after survival in the first stage, when the salinity increased to 1 to 1.2° Be, the fisheries were threatened and ultimately died, and it had no commercial value. With the lapse of time, the salt content increased and diversity of the organisms decreased. The green algae, which were dominating initially in the fresh water, have completely disappeared. The flamingos, which were visiting lake during the season, have migrated to the other feeding ground. When the river water increased in salinity, the density also increased, with a result that the leading salt manufacturers were tapping the resource and some low and marginal salt producers were also drawing the brine at the periphery of the salt lake from subsoil for salt production. The salt production became a lucrative business, with a production capacity of 2.5 lakh MT by Sambhar Salts Limited, by surface water of lake and about 15 to 20 lakh MT by private sector, by tapping sub-soil brine on the periphery of lake. The irony of the situation is that whatever is being done, ultimately salt is obtained as product. Effluent, in the form of bittern, instead of draining outside or using for another activity either biological or chemical, is recycled in the resource itself and the quality of salt gradually decreases. In addition, the lake is contaminated with the other organic compounds, which get mixed with the fine silt of the lake, decreasing the quality of salt.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#AROUND-D-WORLD

# World's Most Beautiful Castles

Romantic and somewhat mystical, places that spark our imagination and conjure visions of long-ago knights…

What is it about castles that fascinates so many people around the globe? A lot of the allure derives from the history and human drama, that played out within the walls, as well as the astonishing architecture that features on so many castles. But they're also romantic and somewhat mystical, places that spark our imagination and conjure visions of long-ago knights in shining armour and powerful warrior queens.

What makes a castle 'a castle' is that it combines the functions of defence and dwelling. It's a fortification and a stately home, rolled into one. Creating a building, which is both comfortable and defensible, is difficult. The ingenious ways, in which castle-designers reconciled this balance, is always intriguing.

Although, we normally associate castles with European history, it's actually an architectural form found around the world, in nations as varied as Japan and India, Morocco and Mexico.

Many are now hubs of living history, where modern visitors can watch jousting and other ancient combat forms, listen to medieval music or watch artisans demonstrate the arts, crafts and everyday skills of a thousand years ago.

Read on to find out more about some of the world's most beautiful castles, fortified homes that are both, a feast for the eyes and a time trip back to the bygone age during which they were created.



## Pena Palace, Portugal

Another offspring of the Romantic Movement that swept 19th-century Europe, *Pena* crowns a hilltop near Sintra, Portugal. Commissioned by King Ferdinand II on the site of a ruined monastery, dedicated to the Virgin of Pena, the castle is a flamboyant blend of various historic styles including Gothic, Moorish and Renaissance details. The castle's vivid red-and-yellow colour pattern, and its flashy clock tower endow Pena with a much more playful air than the somber castles found elsewhere in Europe.

## Kalmar Castle, Sweden

Founded in the waning years of the Viking Age, *Kalmar Castle* traces its roots to a 12th-century defensive tower, overlooking the Kalmar Strait on the Baltic Sea. Four centuries later, King Gustaf and his sons transformed Kalmar into a splendid royal residence that (with the help of renovation) looks much the same today as it did in 1592.

## Palace of the Grand Master of the Knights of Rhodes, Greece


This classic medieval castle towers above the island of Rhodes in the Aegean Sea. Originally built as a Byzantine citadel, it was reworked into its present Gothic form by the crusading Knights of St. John, when Rhodes served as the headquarters of their grandmaster. During the brief Italian occupation of the Dodecanese Islands, Benito Mussolini used the castle as a holiday home. Its permanent archaeological exhibitions feature relics from ancient Greece and the early Christian period.

## Ksar of Aït-Ben-Haddou, Morocco

This massive mudbrick structure, on the edge of the Sahara, has starred in more than a dozen movies and television shows, including 'Game of Thrones,' 'Gladiator' and 'The Man Who Would Be King.' The complex features a fortified lower town along the Asif Ounila river, where people still reside, and a partially ruined hilltop citadel. Berber-style guest houses provide accommodation for visitors to a ksar, originally built in the 17th century as an overnight stop for caravans, travelling between Marrakech and the Sudan.

## Amber Fortress, India

Erected in the early 17th century by the Mughal ruler of Rajasthan, the *Amber Fortress* crowns a hilltop near Jaipur, its stout walls reflected in the waters of Maota Lake. The palace complex, inside the walls, revolves around courtyards flanked by exquisite examples of *Rajput* architecture like the *Maharaja's* Apartments, *Sukh Niwas* (Hall of Pleasure) and *Diwan-i-Aam* (Royal Audience Hall). Although, it was once fashionable to ride an elephant up the steep entrance road, visitors are now advised to walk or take a 4x4 taxi.




## Himeji Castle, Japan



Located about 30 minutes by bullet train, west of Osaka and Kobe, *Himeji* rises above the Inland Sea and is considered the epitome of the Japanese feudal castle. Both, a Japanese national treasure and World Heritage Site, the elegant whitewashed structure is also called 'White Heron Castle' because of its resemblance to a great bird taking flight. Completed in the early 17th century, Himeji offers daily guided tours in Japanese and English.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# विधायक ने अस्पताल का जायजा लिया, अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई

## निरीक्षण में एक ही कक्ष में दो चिकित्सक रोगियों को दवा पर्ची लिखते मिले, रोगी भर्ती वार्ड और अन्य डॉक्टर कक्ष में कूलर पर्याप्त नहीं मिले

**मांडलगढ़, (निसं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडलगढ़ का शनिवार को विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गम्भीर अव्यवस्थाएं और अनियमितताएं निकल कर सामने आई। यहां डॉक्टरों के पद रिक्त, होने के साथ रोगियों के लिए जन सुविधाओं का टोटा नजर आया। इस मामले को लेकर विधायक ने नाराजगी जताते हुए बीसीएमएचओ को खरी-खोटी सुनाई। बीसीएमएचओ ने बताया कि अस्पताल बजट में महज 17 हजार की राशि डिपॉजिट है, कैसे व्यवस्थाएं सुधारें।

मांडलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल अस्पताल का जायजा लेने पहुंचे तो एक ही कक्ष में दो चिकित्सक रोगियों को दवा पर्ची लिखते मिले। वहीं रोगी भर्ती वार्ड और अन्य डॉक्टर कक्ष में कूलर पर्याप्त नहीं मिले। इन अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक ने नाराजगी जताई और चिकित्सा अधिकारी को खरी-खोटी सुनाई। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा व्यवस्थाओं और रोगियों के बेहतर इलाज के प्रति गम्भीर है। अस्पताल में उक्त अव्यवस्थाएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री से वार्ता कर जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने के प्रयास किए जाएंगे। उपखण्ड स्तर पर करीब 50 हजार की आबादी के लिए महज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर्याप्त नहीं है। वहीं जिला मुख्यालय अस्पताल भी 60 किमी दूर पड़ता है। यहां उपखण्ड क्षेत्र में दो नेशनल हाइवे मार्ग निकल रहे हैं। ट्रॉमा सेंटर की भी महत्ती आवश्यकता है।



मांडलगढ़ अस्पताल के औचक निरीक्षण में अव्यवस्थाएं देख विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने बीसीएमएचओ को खरी-खोटी सुनाई।

- अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने चिकित्सा अधिकारी को खरी-खोटी सुनाई
- विधायक ने कहा कि जल्द जिला अस्पताल में क्रमोन्नत कराने के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी


विधायक ने बीसीएमएचओ गोपाल यादव को निर्देश दिए कि अस्पताल भवन के पीछे रिक्त पड़ी भूमि पर नए वार्ड बनाने का नक्शा और अनुमानित लागत अतिशीघ्र तैयार करें, ताकि सरकार से बजट आवंटन कराया जा सके।

गौरतलब है कि एक माह पूर्व भीलवाड़ा कलेक्टर निमित मेहता और कुछ दिन पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर भीलवाड़ा और मांडलगढ़ एसडीएम ने भी अस्पताल का निरीक्षण किया, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई है। कोई नया प्लान तैयार नहीं कराया गया। मांडलगढ़ सीएचसी में प्रतिदिन 300 रोगी आते हैं। जिसमें करीब 30-35 रोगी प्रतिदिन भर्ती होते हैं। यहां फिजिसियन, ऑर्थोपैडिक व शिशुरोग विशेषज्ञ व महिला चिकित्सक के साथ नर्सिंग स्टाफ की कमी चल रही है। इसके चलते कई रोगियों को उक्त डॉक्टर के अभाव में जिला अस्पताल के रेफर कर दिए जाते हैं। इस रेफर प्रक्रिया में कई रोगी अपनी जान गवां बैठते हैं। अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महज एक हैं, करीब 6 चतुर्थ कर्मचारी चाहिए। रोगियों के लिए 25 बेड के दो वार्ड बने हैं। जिसमे महिला वार्ड भी शामिल है। मौजूदा हालात में 50 बेड के वातानुकूलित वार्ड की आवश्यकता है। स्टोर रूम के अभाव में दवाइयों के सैकड़ों कर्टन अस्पताल के बरामदे और वार्ड में रखना पड़ रहा है। रोगियों के तमिरदारों के लिए सुलभ शौचालय, टॉयलेट, बाथरूम नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी गोपाल यादव ने बताया कि 4 दशक पुरानी अस्पताल की बिल्डिंग में मरम्मत, रंगाई पुताई की सख्त जरूरत है। वहीं भवन की बिजली फिटिंग पुरानी होने से आए दिन फॉल्ट आता है, जिससे चिकित्सा स्टाफ के साथ रोगियों को भीषण गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ती है और जरनेटर चलाने के लिए डीजल का बजट पर्याप्त नहीं मिल रहा है। 50 लाख की कीमत का एक अन्य जरनेटर काफी समय से खराब पड़ा हुआ है।

# खाद्य तेल लेकर जा रहे ट्रक में आग लगी, लाखों का नुकसान

## चलते ट्रक के पहिए में पंचर हो जाने के बाद सड़क पर घर्षण के बाद आग लग गई थी



शाहपुरा में आग लगने से तेल से भरा ट्रक जलकर राख हो गया।

**शाहपुरा, (निसं)।** देर रात खाद्य तेल लेकर जा रहे चलते हुए ट्रक में आग लग गई। देखते ही देखते जिला कलेक्टर के बंगले के बाहर आग ने विकराल रूप ले लिया। आग से पूरा ट्रक जलकर राख हो गया।

जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने तुरंत नगर परिषद आयुक्त को सूचना दी। सूचना पर शाहपुरा नगर परिषद सहित जहाजपुर नगर पालिका और आगूचा माइंस की दमकलों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, वहीं

- कलेक्टर के बंगले के बाहर आग ने विकराल रूप ले लिया, ड्राइवर जलते ट्रक को ही शहर से बाहर ले जाने का प्रयास किया

ट्रक जलकर राख हो चुका था। ट्रक केकड़ी से भीलवाड़ा की ओर जा रहा था। ट्रक में सरसों के तेल के टीन भरे हुए थे। चलते ट्रक के पहिए में पंचर हो जाने के बाद सड़क पर घर्षण के बाद उसमें आग लग गई। ड्राइवर जलते ट्रक को ही शहर से बाहर ले जाने के प्रयास किया, परंतु पुलिस थाने से आगे निकलते ही आग में विकराल रूप ले लिया।

सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक रमेश तिवारी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। देर रात से सड़क पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। यदि समय रहते बाहर से फायर ब्रिगेड नहीं आती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# स्वाति सिंह की गायकी से शिल्पग्राम गुलजार हुआ

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा शिल्पग्राम में शनिवार को आयोजित गुलजार-ए-गजल॰ कार्यक्रम के पहले दिन स्वाती सिंह एवं दल ने अपनी प्रस्तुति दी। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि गुलजार-ए-गज़ल॰ कार्यक्रम में शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर देहरादून से पैशन क्लब ऑफ म्यूजिक की स्वाति सिंह एवं दल द्वारा गजलों की प्रस्तुति दी गई। अंत में दर्शकों की फरमाईश पर दमा दम मस्त कलंदर की प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। अंत में कलाकारों का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम में तबले पर आदित्य बिजलवान, बांसुरी पर भक्तचरण, ईलेक्ट्रिक गिटार पर दीपक थापा, बास गिटार पर जोनाथन साहू, कीबोर्ड पर अमन कुमार, वाद्ययंत्र पर रोहन रावत एवं समन्वयक मेहुल गुप्ता ने सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश चांदवानी ने किया।

# इस्लामपुर प्रिंसिपल रामकृष्ण महरिया ने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु मांगी

## जांच के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप, तबियत खराब होने से निजी अस्पताल में भर्ती हुए

**झुंझुनूं, (निसं)।** इस्लामपुर सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल रामकृष्ण महरिया ने राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की मांग की है। वहीं जांच के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। प्रिंसिपल रामकृष्ण महरिया शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है।

महरिया का आरोप है कि दो दिन से उन्हें जांच के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसके कारण उनकी तबियत भी खराब हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक करीब दो साल से रामकृष्ण महरिया का उनकी ही स्कूल में पदस्थापित एक महिला शिक्षिका के अवकाश स्वीकृत करने के मसले पर विवाद चल रहा है। लगातार एक-दूसरे की शिकायत थाने तक पहुंच गई थी। पिछले दिनों रामकृष्ण महरिया ने डीईओ मुख्यालय सुभाष ढाका, सीबीईओ महेंद्र जाखड़ और शिक्षिका के खिलाफ जातिगत दुर्भावना से प्रताड़ित करने जैसे आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसके खिलाफ महिला शिक्षिका ने भी प्रिंसिपल रामकृष्ण महरिया, एडीईओ रवींद्र कृष्णियां, समसा एपीसी कमलेश तेतरवाल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी महेंद्र धायल आदि के खिलाफ प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया था। दोनों तरफ से दर्ज हुए मामले के बाद बीकानेर शिक्षा निदेशालय ने भी इस मामले की जांच शुरू की। दो दिन से शिक्षा निदेशालय बीकानेर से संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण ब्रह्मानंद महर्षि के नेतृत्व में टीम झुंझुनूं आई हुई है।

रामकृष्ण महरिया का आरोप है कि पहले दिन भी टीम ने उन्हें प्रताड़ित किया और परेशान किया। रात 12 बजे तक उनसे पूछताछ की गई। इसके बाद अगले दिन सुबह वापिस पहले तो उन्हें डाइट में बुलाया और फिर वापिस शिक्षकों का रिकॉर्ड लाने के लिए, इस्लामपुर भेजा। रास्ते में तबियत खराब हो गई। जिससे वह अस्पताल पहुंच गए।



अस्पताल में भर्ती रामकृष्ण महरिया।

# एक साथ चार घरों में आगजनी के मामले का खुलासा

## लड़के के पिता ने घर में लगाई थी आग, शांतिभंग में गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** धम्बोला थाना पुलिस ने खिरखाइया गांव में एक साथ चार घरों में आगजनी के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आग लगाने के आरोप में लड़के के पिता को गिरफ्तार किया है। जिसने लड़की के परिवार को फंसाने के लिए खुद के घरों में आग लगा दी थी। आठ महीने पहले गांव का लड़का और लड़की प्रेम संबंधों के चलते भाग गए थे।

धंबोला थानाधिकारी ने बताया कि

- लड़की के परिवार को फंसाने की रची थी साजिश

धंबोला थाना क्षेत्र के जोरावरपुरा खिरखाईया गांव में शुक्रवार को आगजनी की घटना हुई थी। आग लगने से खिरखाईया गांव में कांति पुत्र नाना रोत के एक साथ चार घर जल गए थे। आग लगने की घटना को लेकर आठ महीने पहले कांति का लड़का और गांव की एक लड़की के भाग जाने के बाद बदले की भावना से आग लगाने की आशंका जताई गई थी। लड़का और लड़की के भागने के बाद लड़के का परिवार भी घर छोड़कर चला गया था। दो दिन पहले ही लड़के के पिता कांति अपने घर आए थे और आगजनी की वारदात हुई।

इसे लेकर लड़के के पिता लड़की के परिवार पर आगजनी करना का आरोप लगा रहे थे। जिस पर पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही थी। थानाधिकारी ने बताया की घटना को लेकर कांति से पूछताछ की तो वह सही जवाब नहीं दे सका। जिस पर उससे सख्ती से पूछताछ करने पर खुद ही अपने घरों में आग लगाने की वारदात कबूल कर ली। आरोपी ने लड़की के परिवार के लोगो को फंसाने किए खुद के घरों में आग लगाई। पुलिस ने मामले में आरोपी को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# जलदाय विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**डूंगरपुर, (निसं)।** झौंथरी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बेडसा रामसोर गांव के लोगों ने जनता जल मिशन योजना के काम में हुई गडबडी व पेयजल समस्या को लेकर पानी की टंकी के पास प्रदर्शन किया। लोगो ने 2 साल पहले बनी टंकी से अभी तक पानी की सप्लाई नहीं होने के आरोप लगाए। वहीं टंकी से पानी सप्लाई करने की मांग रखी है। जिले की बेडसा पंचायत की सरपंच रेखा रोत ने बताया की जनता जल मिशन में वर्ष 2018-19 में बेडसा, खतेली, रामसोर व कांगुडवा काली घाटी में एक-एक पानी टंकी बनाने व एक-एक कुएं खोदने की स्वीकृति हुई थी। वहीं, चारों काम 2022 में पूरे हुए। योजना में चारों गांवों में जलदाय विभाग को 1200 कनेक्शन करने थे, लेकिन विभाग 600 कनेक्शन कर पाया।

# चार संदिग्ध लाशों का पुलिस ने अंतिम संस्कार करवाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीषण गर्मी के बीच शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिली संदिग्ध चार लाशों का पुलिस ने अंतिम संस्कार करवाया।

जानकारी के अनुसार गत 29 मई को जोधडास रोड पर एक महिला और पुरुष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार दोनो पति पत्नी थे और अज्ञात कारणों के चलते उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनो के शव को एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा कर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए लेकिन अब तक भी शिनाख्त नहीं होने पर आज उनका अंतिम संस्कार करवाया गया। इसी तरह रेलवे फाटक के निकट टेंपू स्टेंड के पास 29 मई को ही एक और संदिग्ध लाश मिली थी, जिसका भी आज अंतिम संस्कार करवाया गया। वही एक अन्य लाश 29 मई को ही दादाबाड़ी क्षेत्र में मिली थी जिसकी भी शिनाख्त नहीं होने पर आज संबंधित थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद हरीसेवा धाम की और से सार्वजनिक तौर पर अंतिम संस्कार करवाया गया।

गौरतलब है की भीषण गर्मी के मौसम में तेजी से बढ़ते तापमान के बीच शहर में लगातार संदिग्ध मौत का आंकड़ा बड़ा है। हालांकि चिकित्सा विभाग इन मौतों को गर्मी से हुई मौत मानने को तैयार नहीं है, लेकिन पुलिस और प्रत्यदर्शियो का कहना है की विगत दिनों में हुई एक दर्जन से अधिक संदिग्ध मौत भीषण गर्मी के चलते हिट वेव से हुई है।

# राष्ट्रीय पक्षी मोर की बचाई जान

**बांसवाड़ा, (निसं)।** बडोदिया क्षेत्र के नवाटापरा करजी गांव में विगत दो दिनों से गर्मी से परेशानी के हालात में गर्दन लटकाए राष्ट्रीय पक्षी मोर एक ही स्थान पर संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। जिसकी सूचना सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वनपाल को दी। जिस पर वनरक्षक सुखराम डामोर एवं केटलगार्ड नारजी नवाटापरा पहुंचे और राष्ट्रीय पक्षी मोर के संदिग्ध हालात की जानकारी लेते हुए मोर को इलाज के लिए अपने साथ ले गए। मेडिकल के बाद मोर की हालत ठीक है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस तरह कोई भी मोर एवं वन्य जीव संदिग्ध हालत में दिखाई दे तो जानकारी वन्य जीव विभाग को दें।


# लकड़ी से भरी पांच पिकअप व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**झुंझुनूं, (निसं)।** एसपी राजर्षि राज वर्मा ने लकड़ी तस्करों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। बीते दो दिनों से धरपकड़ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि लकड़ी तस्करी को रोकने के लिए

- लकड़ी तस्करों के खिलाफ झुंझुनूं एसपी के निर्देश पर अभियान शुरू

वन विभाग, राजस्व विभाग और परिवहन विभाग को साथ लेकर पुलिस काम कर रही है। इसके लिए गुढ़ागौड़जी, सुलताना, सूरजगढ़ और पचेरी कलां में नाके लगाए गए हैं। जहां पर बीते दो दिनों में सुलताना, पचेरी कलां, चिड़ावा और सूरजगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच पिकअप और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध लकड़ियों के साथ जब्त किया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लकड़ी तस्करी समेत अन्य अवैध मामलों में लिप्त गाड़ियों को चिह्नित किया जा रहा है। जिसके तहत भी कुल 15 गाड़ियों को एमवी एक्ट में सीज किया गया है। इनमें सुलताना पुलिस ने 5, चिड़ावा पुलिस ने चार और गुढ़ागौड़जी पुलिस ने तीन गाड़ियों को सीज किया है। इन सभी गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन और इन गाड़ियों के मालिकों-चालकों के लाइसेंस निरस्त करने के लिए डीटीओ को लिखा जा रहा है, क्योंकि इन गाड़ियों को लगातार अवैध धंधों में काम लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



पुलिस ने अवैध लकड़ी से भरी पिकअप व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की।

# ढाई साल से बिछड़े 80 वर्षीय बुजुर्ग को बेटे से मिलाया

## विमला देवी सेवा समिति की टीम ने बुजुर्ग को परिजनों को सौंपा

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर के आश्रम विमला देवी सेवा समिति की टीम ने कर्नाटक के बितुर से ढाई वर्ष पूर्व लापता हुए गुरुनाथ पुत्र गंगाराम को शनिवार को राजगढ़ एसडीएम एवं राजगढ़ एसएचओ के सानिध्य में परिजनों परिजनों को सौंपा गया।

आश्रम के मनीष शर्मा ने बताया कि 24 मई की दोपहर दो बजे के लगभग सुरतपुरा जंक्शन से प्वाइंट मैन सचिन स्वामी की कॉल आई तथा उन्होंने मनीष शर्मा को बताया है कि एक बुजुर्ग व्यक्ति ट्रेन से नीचे उतर गए हैं और हालात भी खराब है। जिस पर सादुलपुर के आश्रम श्रीमती विमला देवी सेवा समिति की टीम सुरतपुरा जंक्शन पहुंची। जहां पर एक 80 वर्षीय बुजुर्ग को देखा और उस बुजुर्ग व्यक्ति का नाम व पता पूछा, लेकिन वह कुछ बता नहीं पाये। जिस पर टीम उसे अपने आश्रम में लेकर आई। मगर बुजुर्ग की अवस्था को देखते हुए शाम को हॉस्पिटल दिखाया गया।

जिसके बाद दूसरे दिन उस बुजुर्ग व्यक्ति ने अपनी लड़की का पता बताया, जो महाराष्ट्र के संगम गांव में रहती है। जिस पर आश्रम की टीम ने जिला कंट्रोल रूम में जानकारी देकर वहां के नजदीकी थाने के नंबर लिए। थाने प्रभारी को सूचना दी और उन्होंने आश्रम की टीम से कांटेक्ट किया औ उनको एक वीडियो भेजा गया। जिस पर वीडियो व्हाट्सएप देखकर बुजुर्ग के परिजनों ने अपनी भांजे हरमंत को सादुलपुर भेजा, जो कि संगम के रहने वाले हैं। जिसके बाद बुजुर्ग के पुत्र राजकुमार और ए.एस.आई. अनिल कुमार मय कांस्टेबल बालाजी कर्नाटक जिला बिदर से लेने के लिए राजग सादुलपुर आश्रम पहुंचे। जिनको उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ सुशील कुमार सैनी एवं राजगढ़ एस.एच.ओ. पुष्पेंद्र सिंह झांझड़िया की मौजूदगी में परिजनों से मिलन करवा कर ढाई वर्ष से लापता 80 वर्षीय गुरुनाथ पुत्र गंगाराम को उनके परिजनों को सौंप दिया।


इसी दौरान संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन मोहत, पार्षद राहुल पारीक, भाजपा युवा नेता कृष्ण भाकर, काशीराम शर्मा, मनीष डोरवाल, अनिल मोहता, पवन गटानी, मनोज पूनिया, मूलाराम शर्मा, राजेश, ईश्वर सैनी व धर्मपाल शर्मा आदि लोग गणमान्यजन उपस्थित रहे।



कर्नाटक के बितर से लापता 80 वर्षीय बुजुर्ग को उनके परिजनों से मिलवाया।

# रिश्वत में थानाधिकारी ने आईफोन और रीडर ने पन्द्रह हजार रुपये मांगे

## थानाधिकारी और रीडर को रिश्वत लेते भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार किया




आरोपी एसएचओ राजेश कुमार यादव व कांस्टेबल अजीत सिंह।

- **दर्ज प्रकरण में मदद करने एवं मुल्जिम नहीं बनाने की धमकी देकर आई फोन दिलवाने एवं कानि. द्वारा 15 हजार रूपयों की रिश्वत राशि मांगी थी**
- **कार्रवाई के दौरान कानि. अजीत सिंह द्वारा परिवादी से रिश्वत की राशि के रूप में मांगे गये 15 हजार रूपये बाद में लेने के लिये कहा, इसलिये रिश्वत राशि का आदान-प्रदान नहीं हो सका**

**जयपुर/कोटपूतली, (निसं)।** जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई निरन्तर जारी है। उल्लेखनीय है कि एसीबी ने विगत दिनों कोटपूतली एसडीएम कार्यालय में कार्यरत एनएचएआई भूमि अवाप्ति शाखा के संविदा लेखाकार ओमप्रकाश मीणा को 17 हजार रूपयों की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। वहीं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को जयपुर ग्रामीण टीम ने कोटपूतली-बहरोड़ में कार्रवाई करते हुये पुलिस थाना (सदर) बहरोड़ जिला कोटपूतली-बहरोड़ के (पुलिस उपनिरीक्षक) थानाधिकारी राजेश कुमार एवं पुलिस कांस्टेबल अजीत सिंह को परिवादी से आई-फोन का पैकेट रिश्वत के रूप में लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जयपुर ग्रााीण टीम ने परिवादी ने शिकायत दी कि पुलिस थाना सदर बहरोड पर दर्ज प्रकरण में मदद करने एवं आरोपी नहीं बनाने की धमकी देकर थानाधिकारी (पुलिस उपनिरीक्षक) राजेश कुमार एक आई-फोन दिलवाने एवं पुलिस कांस्टेबल अजीत सिंह पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहे हैं। एसीबी जयपुर ग्रामीण टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए थानाधिकारी (पुलिस उपनिरीक्षक) राजेश कुमार और कांस्टेबल अजीत सिंह को एक आई-फोन को पैकेट रिश्वत के रूप में लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल अजीत सिंह द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि के रूप में मांगे गये पन्द्रह हजार रुपये बाद में लेने के लिये कहा। इसलिये रिश्वत राशि का आदान-प्रदान नहीं हो सका।

एसीबी की कार्रवाई से सदर थाने में हडकम्प मच गया। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अपना फोन बंद कर मौके से फरार हो गये। इसमें तीन दिन पहले भी एबीसी ने कार्रवाई का प्रयास किया था लेकिन एसएचओ के रीडर के रूप में कार्यरत कानि. अजीत सिंह रिश्वत नहीं ले पाया था। मामले में एसीबी की टीम एसएचओ व रीडर के घर पर भी जांच कर रही है। कार्रवाई के दौरान एसएचओ व उसका रीडर मुंह छुपाते हुये भी नजर आये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार किये गये एसएचओ राजेश यादव पूर्व में कोटपूतली सीओ सर्किल के सरूण्ड थाने में भी एसएचओ के रूप में कार्यरत रह चुके हैं। इससे पूर्व कोटपूतली थाने में भी कार्य कर चुके हैं। उप महानिरीक्षक कालूराम रावत के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ व कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री ने गिर्राज जी के दर्शन किए

**भरतपुर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार की देर सायं ब्रज के लोकदेवता एवं आस्था से भरपूर श्री गिर्राज जी महाराज, पूंछरी का लौठा, श्रीनाथ जी महाराज एवं मुखारबिंद दर्शन करने आए, जहां रात्रि को विश्राम कर सुबह श्री नाथ मन्दिर कर मंगला आरती में शामिल हुए। गाय को हरा चारा, बन्दरों को फल व चना खिलाया तथा पक्षियों को परिण्डे लगा कर चुग्गा डाला। जिसके बाद श्रीनाथ जी मन्दिर एवं मुखारबिंद मन्दिर पहुंच कर दुग्धाभिषेक किया। दोनों मन्दिरों में पण्डितों के द्वारा मंत्रोचाराण और पंचामृत से अभिषेक कराया।

सीएम शर्मा ने गिर्राज जी महाराज, पूंछरी का लौठा व श्री नाथ जी महाराज के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करने के बाद देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। साथ ही गिर्राज जी महाराज एवं इन्द्रदेव से बरसात की प्रार्थना की। सीएम शर्मा की अगवानी गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, पूर्व सांसद व भरतपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली, प्रदेश मंत्री भानूप्रताप सिंह राजावत, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, जिला महामंत्री मोहन रारह, पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र गोयल, उद्योगपति यश अग्रवाल, गौरव बंसल छोटू, उद्योगपति निरपेश गुप्ता कुम्हेर वाले आदि ने अगवानी की।

# डॉ. संजय धनखड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## डॉ. संजय धनखड़ के किडनी कांड को लेकर बड़ा एक्शन

- **सी.सी.टी.वी. कैमरों की जांच होगी, गवाहों के बयान लिए जाएंगे : एस.पी.**
- **'धनखड़ के अलावा कोई और भी दोषी मिलता है तो उसके खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी'**

**झुंझुनूं, (निसं)।** डॉ. संजय धनखड़ के किडनी कांड को लेकर बड़ा एक्शन हुआ है। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी द्वारा गठित की गई चिकित्सकों की टीम की जांच रिपोर्ट आने के बाद आखिरकार पीड़ित महिला ईद बानो के पर्चा बयान के आधार पर कोतवाली थाने में डॉ. संजय धनखड़ के खिलाफ इलाज में लापरवाही बरतने के आरोपों के साथ एफआईआर दर्ज हो गई है।

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि पहले दिन से झुंझुनूं पुलिस इस मामले को गंभीरता के साथ ले रही है। मेडिकल बोर्ड की जांच रिपोर्ट में डॉ. संजय धनखड़ की मेडिकल नेगलिजेंस सामने आई है। इसके बाद कोतवाली में एफआईआर दर्ज हो गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शहर कोतवाल पवन चौबे को सौंपी गई है। इस मामले में सभी तथ्यों पर अनुसंधान होगा। किडनी के गायब होने की बात हो या फिर ईलाज में लापरवाही के तथ्य हो, सभी अनुसंधान में शामिल होंगे। जल्द ही अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज जब्त किए जाएंगे, इसके अलावा गवाहों के बयान होंगे। मामले में डॉ. संजय धनखड़ के अलावा कोई और भी दोषी मिलता है तो उसके खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी।

जानकारी के अनुसार इस मामले में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल भी सख्त नजर आ रही है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने भी गलत ऑपरेशन करने वाले डॉ. संजय धनखड़ का राजस्थान मेडिकल कौंसिल से रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के लिए चिकित्सा विभाग को पत्र लिखा है, जिसके बाद डॉ. धनखड़ प्रेक्टिस नहीं कर पाएंगे। डॉ. धनखड़ के खिलाफ लापरवाही का कोई यह पहला मामला नहीं है। लगातार डॉ. धनखड़ के खिलाफ लापरवाही के आरोप लगते रहते हैं।

## 21 लाख के गबन का आरोपी कैशियर गिरफ्तार

- **पुलिस ने आरोपी कैशियर को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया**

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग के नवगठित केकड़ी जिले में 21 लाख रुपए का गबन करने वाले बैंक कैशियर को केकड़ी शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी कैशियर को शनिवार को न्यायालय में पेश कर 7 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है।

केकड़ी शहर थानाधिकारी धोलाराम ने बताया कि जयपुर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक रामबाबू कुमावत ने गत 11 अप्रेल को सिटी थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अप्रेल को बैंक कैशियर सोनू धामुनिया समय पर बैंक नहीं पहुंचे। धामुनिया के मोबाइल पर कॉल किया तो फोन स्विच ऑफ मिला। अन्य बैंक कर्मचारी ने धामुनिया के घर जाकर पता किया, लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। धामुनिया की ऑफिस दराज व दूसरी अलमारी खोलने पर उसमें कैश की चाबियां प्राप्त हुई। इस संबंध में बैंक के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया तथा उनके निर्देश पर अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में तिजोरी खोल कर देखी तो उसमें 21 लाख 29 हजार 961 रुपए 46 पैसे की राशि कम मिली। पुलिस ने बैंक प्रबंधक कुमावत की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। अनुसंधान में जुटी पुलिस ने सोनू धामुनिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 7 दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया गया।

## मादा हिरण की मौत

**जैसलमेर, (निसं)।** शनिवार सुबह देगराय ओरण के समीप भीखसर सरहद पर मादा हिरण की मौत हो गई। ओरण का तालाब सुखने के पश्चात् इस सप्ताह निरंतर तीसरी मौत हुई है। हिरण प्यास के कारण दर-दर भटक कर खत्म हो रहे हैं और श्वानों के शिकार हो जाते हैं।

रविवार सुबह हिरण को तड़पता देखकर पशुपालक चुतराराम ने वन्यजीव प्रेमी सुमेरसिंह भाटी सावता को सूचना दी। भाटी तुरंत मौके पर पहुंचे थोड़ी देर में मादा हिरण ने दम तोड़ दिया। वन विभाग को सुचित करने पर वन विभाग टीम से सुदामाराम मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों विजयसिंह, लक्ष्मणसिंह, कवराजसिह सोभागसिह के साथ मिलकर मादा हिरण को दफनाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण जीव पानी की प्यास की भेंट चढ़ रहे हैं।

## जंगल में लगी आग, 300 से ज्यादा पेड़ झुलसे

- **आग से कीकर, सफेदा सहित अन्य प्रजाति के पेड़ झुलसे**

**बज्जू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में आग की घटनाओं पर विराम नहीं लग रहा है। शुक्रवार को बीकमपुर के पास वन क्षेत्र में आग लग गई। बीकमपुर की रोही में इंदिरा गांधी मुख्य नहर की 1058 आरडी पर आग लगने से करीब 300 से ज्यादा पेड़ झुलस गए।

जानकारी के अनुसार बज्जू कस्बे से करीब 40 किलोमीटर दूर आरडी 1056 से 1058 के बीच दोपहर करीब तीन बजे वन क्षेत्र में अचानक आग लग गई। आग से कीकर, सफेदा सहित अन्य प्रजाति के 300 पेड़ झुलस गए। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेन्द्रपाल मीणा, ग्रामीण रघुवीरसिंह, देवीसिंह भाटी, पर्वतसिंह, पदमाराम सहित ग्रामीण के अलावा वन विभाग के कविराज, राजकुमार, किशोर सिंह, भंवराराम, चेतनराम, उम्मेद खां, जेते खां, हीरालाल आदि मौजूद रहे। आग लगने के बाद विभाग कर्मचारियों व ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पानी के टैंकरों से पानी बुझाने का कार्य शुरू किया और 2 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाई। ग्रामीणों ने बताया कि करीब तीन घंटे देरी से दमकल पहुंची। तब तक आग पर काबू पा लिया था। इसके बाद धुएं को बुझाने का कार्य किया। आग लगने से करीब एक किलोमीटर दायरे में पेड़ झुलस गए। इसके बाद ग्रामीणों ने 3 टैंकरों की मदद से आग बुझाने का कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया कि 2 दमकलों ने भी देर शाम तक बुझाया।



**राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने शनिवार को हाड़ौती प्रवास पर कोटा पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यभान सिंह दद्दू के निधन और भाजपा युवा मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष युधिष्ठिर खटाना के पिता सत्यनारायण खटाना के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और परिवारजनों को ढांढ़स बंधाया।**

# कार सवार युवक का बोलेरो में आए लोगों ने अपहरण किया

## मारपीट कर कार, मोबाइल, नगदी, सोने की अंगूठी छीनने का आरोप

**सादुलपुर, (निसं)।** कार के सामने बोलेरो जीप लगाकर युवक का अपहरण करने तथा कार को छीन कर ले जाने एवं बंधक बनाकर मारपीट करने और ढाई हजार रुपए नगद, एक सोने की अंगूठी छीनकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि विजेंद्र सिंह जाट उम्र 27 साल निवासी थान मठुई ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 30 मई को वह तथा उसकी बुआ का लड़का सोनू शाम को कार लेकर एन.एच. 52 पर स्विमिंग पूल पर नहाने गए थे। वहां से नहाकर वापस अपनी कार के पास आए तो उनकी कार के पीछे एक बोलेरो जीप खड़ी थी। जिसमें संजय पूनिया निवासी बैरासर बड़ा, मनोज कुमार, सुरेंद्र कुमार गोस्वामी निवासी राजगढ एवं दो-तीन अन्य व्यक्ति बैठे थे। उसने संजय को कहा कि उसे गाड़ी निकालनी है। आप बोलेरो जीप को थोड़ी पीछे कर लो तब संजय ने कहा कि गाड़ी नहीं हटेगी पैदल ही यहां से भाग जाओ। उसके बाद जैसे तैसे करके अपनी कार को निकालकर वहां से रवाना होकर करीब रात्रि 11.30 बजे भगत सिंह होटल पर खाना पैक करवाकर वापस कार के पास आए तो वहीं बोलेरो जीप में सवार लोग आ गए। लेकिन वे खाना लेकर कार में सवार होकर रवाना हो गए। बोलेरो में सवार लोग उनका पीछा करने लगे तथा बोलेरो जीप से से उनकी कार को रोकने का प्रयास करने लगे। इसी बीच उन्होंने पुलिस को भी सूचना दे दी। घबराकर बचाव के लिए कार को एक गली में घुसा दिया। बोलेरो में सवार लोगों ने उनकी कार को रोक लिया तथा उसे वह सोनू को कार से नीचे उतार लिया तथा दोनों के मोबाइल फोन तथा कार की चाबी संजय ने छीन ली।

मारपीट कर बोलोरो गाड़ी में जबरदस्ती उसे डाल लिया। तब तक सोनू मौका पाकर डर के मारे वहां से भाग गया तथा उसे मारपीट करते हुए सुरेंद्र कुमार गोस्वामी के घर ले गए। वहां से गाड़ी को एक व्यक्ति हाईवे की तरफ लेकर चला गया। उसे कमरे में रस्सी से बांध दिया। उसके बाद सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट की। उसकी जेब से ढाई हजार रुपए नगद तथा हाथ में पहनी हुई एक सोने की अंगूठी छीन ली। कुछ समय बाद सभी ने उसे पुनः गाड़ी में डाल लिया। तथा हाईवे की तरफ मारपीट करते हुए लेकर गए, लेकिन हाइवे पर को पुलिस की गाड़ी की बत्ती जलती हुई आती दिखाई दी तो उसे वही पटक कर बोलोरो गाडी लेकर भाग गए। आरोपी सुरेंद्र गोस्वामी की मोटरसाइकिल स्टार्ट नहीं हुई, जिसके कारण पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में 11वीं की छात्रा से गैंगरेप के एक आरोपी को क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं एक नाबालिग भी डिटेन किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीड़िता के पिता ने मुख्य आरोपी सहित 6 जनों पर बेटी को अपने जाल में फंसाकर ब्लैकमेल कर रेप करने और अश्लील फोटो से 5 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया था। गिरफ्तार आरोपी इरफान पुत्र इब्राहिम (19) है। पिता ने शिकायत में बताया कि अक्टूबर 2023 में उसकी बेटी की कोचिंग सेंटर पर एक लड़की से दोस्ती हुई थी। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने गैंगरेप सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# खेतों में दो व्यक्तियों के शव मिले, जांच शुरू

## पुलिस टीम ने मौका-मुआयना किया, शवों की नहीं हुई पहचान

**खेतड़ी, (निसं)।** पचेरीकलां थाना क्षेत्र के नावता के पास खेतों में शनिवार को दो व्यक्तियों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शवों की शिनाख्तगी के लिए बुहाना के सामुदायिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

पचेरी कलां थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि नावता के पास हरियाणा सीमा स्थित खेतों में दो व्यक्तियों का शव मिलने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मौका मुआयना करने पर सामने आया कि शव एक-दो दिन पुराने लग रहे हैं तथा उसकी वह वेषभूषा से साधु होने की बात सामने आई है। मृतक व्यक्तियों के शरीर पर साधुओं के अनुसार कम ही कपड़े पहने हुए थे। इसके अलावा दोनों के शव एक-दो दिन पुराना होने के कारण उसमें काफी बदबू भी आ रही है। इस दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ की तो उसकी पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद पुलिस ने खेतों में पर मिले शवों को बुहाना के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। अज्ञात व्यक्तियों के शव की शिनाख्त को लेकर पुलिस की एक टीम ने सीमावर्ती गांव गोद बलाहा में जाकर भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया। वहीं झुंझुनू, नीमकाथाना जिले के अलावा पड़ोसी राज्य हरियाणा के थाना क्षेत्रों में भी फोटो व सूचना दी गई है, लेकिन अभी तक परिजनों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस की ओर से कंट्रोल रूम के नंबर भी जारी किए गए है। थानाधिकारी ने बताया कि शव की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे है। परिजनों का पता लगने पर शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## गुढ़ा में लू से एक व्यक्ति की मौत

**सांभरझील, (निसं)।** गुढ़ा में घर के मुखिया की भीषण गर्मी से मौत होने की जानकारी सामने आई है। मृतक का परिवार बीपीएल में चयनित है। मृतक महेंद्र एक लवणीय ईकाई में नमक का कार्य करता था।

बताया जा रहा है कि तेज गर्मी के कारण अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसको कुचामन उप जिला चिकित्सालय में ले जाया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया। उप जिला चिकित्सालय की रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सा अधिकारी ने मरीज को गर्मी और लू ताप से बीमार होना बताया।

परिवारजन उसे जयपुर सवाई मानसिंह अस्पताल ले गए जहां गुरूवार रात को साढे आठ बजे उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नि के आलावा सात बच्चें है। बड़े बेटे जयचंद वर्मा ने बताया कि हम अभी तीन भाई और तीन बहने हैं। सत्रह वर्ष का एक छोटा भाई करीब दस साल पहले बीमारी से ग्रसित होकर मर गया था। तब से गरीबी में जीवन कट रहा है। मजदूर का लवण श्रमिक कार्ड बना हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार ने सरकार से विभिन्न योजनाओं से जोड़ने तथा आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## जोधपुर में गर्मी का सितम जारी

**जोधपुर, (कासं)।** नौतपा का आठवां दिन भी जोधपुर के लोगों को गर्मी से परेशान कर रहा है। शनिवार को पारा 41 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह पिछले 7 दिनों के मुकाबले 8 डिग्री कम है लेकिन लोगों को इसके बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। गर्मी के हालात पिछले सात दिन भी इसी तरह बने हुए हैं। जोधपुर में शुक्रवार को तापमान की करें तो तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया था। हीट स्ट्रोक से एमडीएम हॉस्पिटल में भर्ती किए गए मरीजों में से 5 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। धीरे-धीरे तापमान नीचे आने से लोगों को रात के समय थोड़ी सी राहत मिली है। हालांकि मौजूद विभाग जून महीने में एक बार फिर से गर्मी के तेवर तेज होने का अनुमान बता रहा है। दूसरी तरफ जोधपुर के कई क्षेत्र पानी की किल्लत से जूंझ रहे हैं। जोधपुर की पॉश कॉलोनियों, शहर के आस-पास के क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र पेयजल के लिए परेशान हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा टैंकर से सप्लाई की जा रही है लेकिन बावजूद इसके यह सप्लाई नाकाफी ही साबित हो रही है। जोधपुर शहर में भी कई कॉलोनियां ऐसी है जहां लोगों को पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

# चूरू में आई तेज आंधी से खेतों में सोलर प्लेट व टीनशेड उड़े

## निकटवर्ती गांव खासोली में ओलावृष्टि भी हुई, मौसम ठंडा हुआ

**चूरू, (कासं)।** चूरू में शनिवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। दोपहर बाद आसमान में बादल छा गये। दोपहर करीब तीन बजे आई तेज आंधी के बाद जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इसी के साथ निकटवर्ती गांव खासोली में ओलावृष्टि भी हुई। इसके बाद मौसम कुछ ठंडा हो गया। लोगों को प्रचण्ड गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली।

तीन दिन पहले जहां दोपहर को गर्मी का तापमान 47 डिग्री के पास पहुंच गया था। वहीं शनिवार को गर्मी का पारा 43.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले शुक्रवार रात्रि को भी मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। रात्रि को आंधी के बाद हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम ठंडा हो गया। शनिवार दोपहर आई तेज आंधी के कारण राजगढ़ रोड पर स्थित मोहनलाल त्रिवेदी के फार्म हाउस पर टीनशेड उड़ गया। जिससे टीनशेड के अंदर कट्टों में रखे गेहूं, सरसों और मेथी खराब हो गई। फार्म हाउस के मालिक मोहनलाल त्रिवेदी ने बताया कि आंधी से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। इसी तरह ग्राम खांसोली के खेतों में भी आंधी से सोलर प्लेटें और पेड़ सहित तारबंदी टूट गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो गया। इस सीजन की पहली बार आयी आंधी के बाद लोगों को भीषण गर्मी व लू से राहत मिली। दिन में भी आसमान में बादलों की आवाजाही होने से तेज धूप का असर कम दिखाई दिया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।



**चूरू में आयी तेज आंधी से ग्रामीण अंचल में लगी सोलर प्लेटें उड़ गई।**

## आंधी के साथ बारिश हुई

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर उपखण्ड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ के असर से धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश तो कहीं बरसात के साथ ओले गिरे। कहीं-कहीं बरसात से 50 डिग्री के आसपास पहुंचे तापमान के कारण लू व भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। हालांकि तेज गर्मी के कारण लोगों के साथ-साथ जानवरों का भी बुरा हाल हो गया। सादुलपुर के जनाऊ खारी गांव निवासी मनीष कुमार पूनियां ने बताया कि दोपहर 3.30 बजे के आसपास एक दम से बदले मौसम के चलते अच्छी बरसात हुई तथा बरसात के साथ ओले भी गिरे। इसी क्रम में नेतराम मेहरा ने बताया कि सादुलपुर उपखण्ड में हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला, जिसके चलते दोपहर बाद 3.45 बजे के आसपास धूल भरी आंधी के साथ मेघ गर्जना के साथ हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ। इस दौरान राघा बड़ी, राघा छोटी, भाकरां सुधिवास, खैरु बड़ी, बालाण, बीराण, भोजाण, कामाण, जीराम बास व खैरु छोटी आदि गांवो में कहीं धूल भरी आंधी एवं कहीं हल्की बारिश बूंदाबांदी हुई।

## मिनी ट्रक ने टैंपो को टक्कर मारी, मासूम की मौत

- **दो महिलाओं सहित तीन जने घायल**

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर के सदर थाना क्षेत्र में राजाखेड़ा बाईपास के पास एक मिनी ट्रक ने टैंपो को टक्कर मार दी। हादसे में टैंपो सवार दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए, जिनमें से एक मासूम को इलाज के लिए रेफर किया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जिला अस्पताल धौलपुर में पहुंचे घायलों के परिजनों ने बताया कि एक टैंपो पहाड़ी मरैना से सवारियों को लेकर धौलपुर के लिए निकला था, टैंपो में दो महिलाओं सहित चार लोग सवार थे। सदर थाना क्षेत्र में तगावली मोड़ पर टैंपो के पहुंचते ही सामने से आ रहे मिनी ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में टैंपो सवार सभी लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर लाया गया, जहां से 12 वर्षीय मासूम सोमेश पुत्र मनोज निवासी लुहारी की हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया, लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में घायल हुई महिला बबीता पत्नी दिनेश और शिवानी पत्नी गौरी शंकर निवासी पहाड़ी के साथ टैंपो चालक आकाश पुत्र प्रेम सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया गया है, जिनका इलाज किया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### जया को मिले 93.83 प्रतिशत अंक

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा के निकटवर्ती भादरपुरा ग्राम की निवासी छात्रा जया कुमावत पुत्री चौथमल कुमावत ने माध्यमिक परीक्षा में 93.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता हासिल की है। मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली छात्रा जया के पिता दुकान करते है वहीं माताजी गृहिणी है। बावजूद इसके ग्रामीण अंचल में रहने वाली छात्रा जया ने कडी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ इस मुकाम को प्राप्त किया है।



जया कुमावत

### उपेन यादव पीड़ित परिवार से मिले

शाहपुरा, (निसं)। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव ने शाहपुरा नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 में स्थित ढाणी नई कोठी में आगजनी घटना की पीडिता मन्ना देवी पत्नी स्वर्गीय संतोष सैनी व पीडित परिवार से मुलाकात की और आगजनी से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पीडित परिवार को नुकसान का मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद यादव शाहपुरा तहसीलदार से मुलाकात करके पीडित परिवार को नुकसान का पूरा मुआवजा दिलवाने की माँग की।

### छह एसी अस्पताल में लगाई

खाटूश्यामजी,(निसं)। श्रीश्याम मंदिर कमेटी खाटूश्यामजी द्वारा उपजिला अस्पताल के सभी वार्डो लैब और ओपीडी में दो दो टन की 6 एसी लगाई गई है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डा गोगराज सिंह निठारवाल ने बताया कि श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री प्रताप सिंह चौहान ने मरीजों को गर्मी से राहत देने के लिए 6 एसी अस्पताल में लगाई गई है। जिसके लिए अस्पताल प्रशासन ने श्री श्याम मंदिर कमेटी का आभार व्यक्त किया है।

### भंडारे में पाई पंगत प्रसादी

सांभरझील, (निसं)। श्यामी की ढाणी के हंस आश्रम में भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी का आनंद लिया। समाजसेवी पोखर मल यादव ने बताया कि इस मौके पर हंस आश्रम के पीठाधीश्वर लक्षानन्दजी महाराज के सानिध्य में रात्रि में सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर संत शंकरपुरीजी महाराज, भजनालालजी महाराज सहित कई संतजन उपस्थित रहे तथा सैकडों भक्तों ने सत्संग का आनंद लिया।

### भाजपाइयों ने लगाऐ 51 परिंडे

अलवर, (निसं)। सेवा ही संगठन अभियान के तहत शनिवार को अलवर शहर विधानसभा, माधव मंडल के बूथ संख्या 51 पर पक्षियों के लिए 51 परिंडे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, वार्ड पार्षद सुनील चौधरी मंडल उपाध्यक्ष शंकर लाल सैनी, मंडल मंत्री गणेश छीलवाल, जय गोयल, जीतू, निखिल कुमार, शेखर, जॉनी, विशाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

### अवैध चेजा पत्थर से भरा वाहन जब्त

टोंक, (निसं)। थाना बरोनी क्षेत्र में सोहेला सेन्ट सोल्जर कॉलेज के सामने हाईवे से एक ट्रेक्टर-ट्रोली को अवैध चेजा पत्थर से भरे हुए को जप्त किया। थानाधिकारी बरोनी ओमप्रकाश ने बताया कि सोहेला के हाईवे के सामने स्थित सेन्ट सोल्जर कॉलेज के सामने से चेजा पत्थर से भरे हुए एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त कर वाहन चालक व मालिक के एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

### डोडा पोस्त के साथ एक गिरफ्तार

मालपुरा, (निसं)। डिग्गी थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी रोकथाम को लेकर चलाये गये अभियान के तहत कार्यवाही करते हुये मुखबीर की सूचना पर 1 किलो 610 ग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ आमलीसुख निवासी रामराज पुत्र किशन गुर्जर को गिरफतार किया गया।

# बोरिंग मशीन से लदे ट्रेलर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

■ केबिन व बोरवेल मशीन डीटीएस जलकर खाक

पावटा, (निसं)। भाबरु थाना क्षेत्र के ग्राम आंतेला में होटल शिवा ढाबा से कुछ दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर शनिवार को सुबह करीब 4.40 पर जयपुर की ओर जा रही बोरवेल मशीन लदी ट्रेलर में अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। उधर से गुजर रहे वाहन एकाएक बीच सडक पर रुक गए।

वहीं ट्रेलर में आग लगने की सूचना भाबरु थाना पुलिस को दी गई। जिस पर भाबरु थाना पुलिस ने आगजनी की घटना की सूचना पावटा प्रागपुरा व शाहपुरा पालिका की फायर बिग्रेड को दी। करीब 30 मिनट तक ट्रक का अगला हिस्सा व उसमे लदी ट्यूबवेल बोरिंग मशीन डीटीएस धू-धू कर जलती रही। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया। वही ट्रक चालक विजय सिंह ने आनन-फानन में ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई अन्यथा किसी बडी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। शाहपुरा नगरपालिका अग्निशमन प्रभारी बाबूलाल गुर्जर व पावटा अग्निशमन प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जयपुर दिल्ली हाइवे पर गाडी में आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया तब जाकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

जयपुर दिल्ली हाइवे पर टोल कंपनी के पास आपातकालीन स्थिति के लिए फायर बिग्रेड जैसी सुविधाए तक नहीं है लेकिन टोल वसूलने में सबसे आगे है। टोल प्लाजा पर कई दर्जन कर्मचारियों की तैनाती के साथ ही हजारों वाहन प्रतिदिन टोल से गुजरते हैं। लाखों रुपए का रोजाना टोल टैक्स लोगों से वसूला जाता है मगर टोल प्लाजा पर आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड जैसी सुविधाए तक नहीं है। मौके पर पहुंची भाबरु थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।



ट्रेलर में आग लगने के बाद पावटा-प्रागपुरा व शाहपुरा पालिका की फायर बिग्रेड ने काफी प्रयास कर आग पर काबू पाया।

### कैबिनेट मंत्री ने जनसुनवाई की

मालपुरा, (निसं)। राजस्थान सरकार में जलदाय मंत्री व मालपुरा क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी शनिवार को मालपुरा क्षेत्र के दौरे पर रहे। मंत्री ने कुराड बन्नी के भैरू मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात मंत्री ने जनसुनवाई करते हुये मौजूद ग्रामीणों व किसानों से सीधा-संवाद कर उनकी समस्याऐं जानी। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में चल रहे नौतपा हीटवेब से निपटने के लिये आमजन को भी सरकारी मशीनरी का सहयोगी बनना होगा। राजस्थान सरकार द्वारा हिटवेब की चपेट मे आये प्रदेशवासियो की मदद के लिये सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा प्रबंध किये गये है। बीते दिन मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टरों व संभागीय आयुक्त की बैठक ले प्रदेश मे पानी, बिजली व चिकित्सा को लेकर किसी भी प्रकार की कौताही बरतने की मिली शिकायत पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी पर सख्त कार्यवाही के निर्देश देने के साथ-साथ अधिकारियों को मुख्यालय नहीं छोडने के लिये पाबंद किया है। मंत्री ने भैरूजी के दरबार में ढोक लगाते हुये इस बार प्रदेश मे मानसून के जल्दी आने की कामना की।

# सी.एम.एच.ओ. ने हीट स्ट्रोक व मौसमी बीमारी से ग्रसित रोगों की जानकारी ली

■ अस्पताल का निरीक्षण कर बिजली, पानी, दवा की व्यवस्था देखी

किशनगढ़बास, (निसं)। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट ने किशनगढ़बास ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाहदुरपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और चिकित्सकों एवं स्टाफ से हीट स्ट्रोक मौसमी बीमारी से ग्रसित रोगों के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अस्पताल निरीक्षण पर पहुंचे जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट ने अस्पताल में बिजली पानी सफाई एवं दवा स्टोर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को देखा। बिजली पानी तथा दवा को लेकर डॉक्टर व स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पानी सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट ने बताया कि शनिवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार किशनगढ बास ब्लॉक के बहादुरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रभारी को बिजली पानी दवा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉक्टर स्टाफ उपस्थित मिला। इसी के साथ राष्ट्रीय टीवी मुक्त राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण एवं एपी एजीकी कार्यक्रम के तहत जानकारी ली गई। अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाने पर पांच दिवस में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा हीट स्ट्रोक को लेकर प्रचार प्रसार सामग्री तथा जन जागरूकता के निर्देश दिए हैं।



जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर पर निरीक्षण के उपरांत डॉक्टर स्टाफ से जानकारी ली।

# सोने की चेन चोरी मामले में दो महिला गिरफ्तार

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे के कुंज विहार स्थित एक घर से सोने की चेन चोरी किये जाने के मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार करते हुये चोरी किया गया माल बरामद किया है।

एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि कुंज विहार निवासी अनिल पुत्र बाबूलाल शर्मा ने थाने पर दर्ज करवाया कि करीब दो-तीन माह पूर्व उनके मकान से माताजी की करीब 27 ग्राम वजनी सोने की चौन चोरी हो गई थी। इस सम्बंध में कस्बे के बाजार में जानकारी की तो पता चला कि स्वर्णकार सुरेन्द्र कुमार सोनी की दुकान पर एक महिला सोने की चैन बेचने आई थी। जिस पर दुकान के सीसीटीवी कैमरे चेक किये तो विगत 23 मई की शाम करीब 7-7.30 बजे एक महिला दुकान पर आकर सोने की चैन दिखाकर उसके बदले अन्य आभूषण बनवाने का ऑर्डर देकर चैन वापस लेकर चली गई।

पुलिस ने मामला दर्ज करते हुये उक्त दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज प्राप्त कर चैन बेचने आई महिला की पहचान कर उक्त महिला रीना देवी (22) पत्नी संजय नायक व घर से चौन चुराने वाली महिला फन्ना देवी (48) पत्नी मांगेराम नायक दोनों निवासी नायकों का मौहल्ला, कृष्णा टॉकिज के पास, कोटपूतली को गिरफ्तार करते हुये उनके पास से चोरी की गई चौन द्वारा बनवाये गये आभूषण क्रमशः एक जोडी टॉप्स, कानों की दो छोटी बालियां, ओम का एक बड़ा व एक छोटा लॉकेट, 6 सोने के मणिये व 56 हजार रूपयों की नकदी बरामद की है।



कोटपूतली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया।

# हाईवे पर सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने से बढ़ी दुर्घटनाएं

पावटा, (निसं)। एनएच 48 पर सडक किनारे खडे वाहनों से हादसे की आशंका बनी रहती है। पिछले दिनो में अलग-अलग स्थानों पर खडे वाहनों से दुर्घटनाए हो चुकी हैं। हाईवे के किनारों पर वाहनों को खडा न करने के आदेश के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक किनारे वाहन चालक अपने वाहन खडे कर रहे है। सडक किनारे वाहन खडे होने के कारण हादसे बढ रहे है।

हाईवे पर आए दिन सडक किनारे वाहन खडे होने से दुर्घटना हो रही है। आए दिन होने वाले हादसों के बाद भी पुलिस एनएचएआई अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। दिल्ली-जयपुर हाईवे पर तेज गति से वाहन सरपट दौडते है। जिसमें लंबी दूरी के बडे वाहन सडक किनारे होटल-ढाबे सहित वाहन रिपेयरिंग की दुकानों पर रूकते हैं। जहां चालक खलासी आराम करने के साथ भोजन, वाहन रिपेयर का कार्य भी कराते हैं। ऐसे में वाहनों को सडक किनारे खडा करते हैं। जिसके कारण तेज गति से आ रहे वाहन ओवरटेक करने पर सडक पर खडे वाहनों से टकरा जाते हैं। हाईवे पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए सडक खाली रखी जानी चाहिए। हाईवे पर सडक किनारे वाहनों की कतार लगी रहती है। वाहन चालक नियमों को ताक पर रखकर वाहनों को किनारे लगाकर खडे हो जाते है। हाईवे किनारे खडे वाहन हादसों का कारण बन रहे है। पिछले बुधवार को ही प्रागपुरा फ्लाईओवर पर एक केमिकल से भरे खराब कंटेनर से हरियाणा रोडवेज की बस धमाके के साथ जा टकराई। हादसे में कई लोग घायल हुए थे। जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर मनोहरपुर टोल टैक्स में वाहनों द्वारा टोल लिया जाता है।

सडक किनारे खडे वाहनों के कारण हादसों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है, इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। समय-समय पर अभियान चलाकर सडक किनारे खडे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है तो इनसे होने वाली दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# एस.डी.एम. ने मेंटेनेंस रिकॉर्ड, लोड शेडिंग, शटडाउन आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया

■ विद्युत कटौती से आमजन को राहत देने के लिए कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियों को निरीक्षण के आदेश दिए थे

खैरथल, (निसं)। बढते तापमान के चलते गर्मी को मध्य नजर रखते हुए आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला की और से जारी निर्देश पर खैरथल तिजारा जिले के विद्युत सब स्टेशनों का किशनगढ़बास तिजारा मुंडावर खुशखेडा व कारोली का एसडीएम ने निरीक्षण किया व विद्युत आपूर्ति से संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली।

जिला कलेक्टर ने बताया कि शनिवार को एसडीएम मूल चंद लूणिया ने किशनगढ़बास में 220 केवी पावर सब स्टेशन का निरीक्षण कर स्थिति का अवलोकन किया। एसडीएम सुरेंद्र प्रसाद ने मुंडावर 132 केवी विद्युत सब स्टेशन एसडीएम सत्यनारायण ने 220 केवी पावर ग्रेड सब स्टेशन खुशखेडा व एसडीएम संजीव कुमार ने 132 केवी विद्युत सब स्टेशन तिजारा व 132 केवी सब स्टेशन करौली का निरीक्षण कर विद्युत स्थिति का जायजा लिया है।

विद्युत सब स्टेशनों पर अलग-अलग निरीक्षण के लिए पहुंचे एसडीएम ने वहां की स्थिति का अवलोकन किया। जीएसएस में उपयोग किए जा रहे उपकरणों का मेंटेनेंस रिकॉर्ड, लोड शेडिंग, शटडाउन, फॉल्ट ट्रिपिंग की विद्युत अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और बिजली आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने बताया कि निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने लोड शेडिंग, फॉल्ट ट्रिपिंग, शटडाउन के बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सोपी है। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस निरीक्षण अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे और किसी भी प्रकार की तकनीकी या अन्य समस्याओं को समय रहते सुलझाया जा सके, जिससे आम नागरिकों को गर्मी के मौसम में बेहतर और निरंतर बिजली मिल सके। रिपोर्ट का अवलोकन कर विद्युत अधिकारियों को समय रहते समाधान करने के निर्देश दिए जाएंगे।



एसडीएम मूलचंद लूणिया ने खैरथल तिजारा जिले के विद्युत सब स्टेशनों का, किशनगढ़बास तिजारा मुंडावर खुशखेडा व कारोली का निरीक्षण किया

## सार-समाचार

### डॉ. धनकड़ का सेवानिवृत्ति पर सम्मान



मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत चिकित्सक एसएस धनकड के सुखद सेवानिवृत्ति पर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मोहित माथुर के मुख्य आतिथ्य एवं चिकित्सा प्रभारी मनोहरपुर नरेंद्र भदाला की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शाहपुरा ब्लॉक के चिकित्सकों और नर्सिंग कर्मियों ने सेवानिवृत चिकित्सक धनकड का माल्यार्पण करवा सांफा पहनाकर सम्मान किया एवं प्रतीक हजरत चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम को ब्लाक सीएमएचओ शाहपुरा विनोद शर्मा, चिकित्सा एल एन सैनी, नवीन केशुका, शहीद कई लोगों ने संबोधित कर डॉक्टर सुरेंद्र धनखड के द्वारा चिकित्सालय के लिए करवाए कार्यों की सराहना की। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता संपूर्णानंद शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, ताला से बफाती खान आदि उपस्थित थे।

### धनराज जिलाध्यक्ष व हंसराज महामंत्री



टोंक, (निसं) राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील टोंक के चुनाव 1 जून को डाक बंगले में प्रदेश संरक्षक सैयद महमूद शाह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह नरूका व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनारायण चौधरी की देखरेख में संपन्न हुए। जिला मंत्री हंसराज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्व सम्मति से धनराज सिंह राजावत को जिला अध्यक्ष, हंसराज चौधरी को जिला महामंत्री चुना गया है। इसी तरह जिला संरक्षक तुलसीराम मीणा, सभा अध्यक्ष इरफान, कार्यकारी जिला अध्यक्ष भवानी शंकर निराला चुनें गए है। बैठक में नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष व मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। चुनाव के बाद शिक्षक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन की मजबूती हेतु नए सिरे से कार्य योजना बनाकर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी शिवपाल मीणा, रामदेव चोपड़ा, प्रेमचंद मीणा, रामकिशन बैतुक, रामकरण मीणा, नरेंद्र जग्रवाल, टोंकतहसील इकाई के अध्यक्ष राजाराम जाट, मंत्री रूपनारायण जाट, मालपुरा से अध्यक्ष गोपाल जाट, उनियारा अध्यक्ष हरीराज मीना, देवली से अध्यक्ष बजरंग लाल वर्मा, निवाई से रतनलाल जाट, टोंक से बलवंत सिंह, राज सिंह नरूका एवं सैकडों शिक्षकों ने भाग लिया।

### दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

टोंक, (निसं)। करीब 15 माह पुराने नाबालिग लडकी से दुष्कर्म मामले में टोंक पोक्सो कार्ट ने आरोपी सूरजकरण उर्फ प्रवीण को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को 11 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है। पोक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक मोहम्मद मियां गुलजार ने बताया कि टोंक के मालपुरा थाने में 3 अप्रेल 2023 को एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था, रिपोर्ट में नाबालिक लड़की ने सूरजकरण उर्फ प्रवीण के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष की और से आरोपी के खिलाफ न्यायालय में 15 गवाह और 38 दस्तावेज पेश किए गए, पोक्सो कोर्ट विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन शर्मा ने आरोपी सूरजकरण उर्फ प्रवीण को दुष्कर्म का दोषी मानते हुए 20 साल की सजा और 11 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

### कोठ्या की ढाणी में पेयजल संकट

निवाई, (निसं)। गांव मूण्डिया की कोठ्या की ढाणी में अवैध कनेक्शन के चलते पिछले कई वर्षो से पानी नहीं आने से पेयजल संकट बना हुआ हैं। ढाणीवासीयों ने प्रदर्शन करके पानी पहुंचाने के लिए मांग की है। ग्रामीण रामस्वरूप मीणा ने बताया कि अवैध कनेक्शन होने के कारण ढाणी में पिछले कई वर्षो से पाइंटों में पानी नहीं आने के कारण ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पडता है। ढाणी में बोरिंग लगे हुए हैं जिनमें भी फ्लोराइड पानी आता है जो पीने लाइक नहीं है। परेशान होकर महिलाए दूर दराज स्थित हेंण्डपंपों व कुओं से पानी लाने के लिए मजबूर है। जिसको लेकर मंगलवार को महिलाए एकत्रित होकर प्रदर्शन कर बीसलपुर पानी चालू करवाने की मांग की है। माउंडा की ढाणी में एक पाइंट लगा हुआ है जो भी 4 महीने से बंद पडा है। हेंडपंप में खारा पानी आता है जिसकों मजबूरी में पीना पड रहा है। वही दूसरी और कोठ्या की ढाणी में कई वर्षो से बीसलपुर नल पाइंट बंद पडे है। बीसलपुर पानी सुचारु रुप से चालू करवाने के लिए बीसलपुर के अधिकारी, पंचायत प्रशासन व सरपंच को कई बार अवगत करा दिया लेकिन समाधान नहीं हुआ और स्थिति जस की तस बनी हुई।

### व्याख्याता की सेवानिवृत्ति पर समारोह

फुलेरा, (निसं)। ग्राम पंचायत काजीपुरा में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता रामेश्वर लाल कुमावत की सेवानिवृत्ति पर एक समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्या निधि चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच नवरतन कुमावत रहे। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता रामेश्वर कुमावत का माला साफा व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इसी क्रम में कुमावत का बरडोती सरपंच मूलचन्द गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी मनीष कुमार प्रजापति, कनिष्ठ सहायक रूपनारायण कुमावत, रघुनाथ सिंह ने भी माला और साफा पहनाकर और तस्वीर भेट कर स्वागत किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश देवतवाल, लक्ष्मण लाल, कमलेश, विनोद, बजरंग लाल, मोहन लाल जलान्धरा, दौलत राम नागा, कुन्दनमल आदि मौजूद रहे।

# रामहेत यादव को ट्रक ने मारी टक्कर, पैर फ्रैक्चर

■ अलवर टेल्को चौराहे पर हुआ हादसा, घर से साइक्लिंग करने के लिए निकले थे

किशनगढ़बास, (निसं)। पूर्व विधायक रामहेत यादव को अलवर टेल्को चौराहे पर पीछे से आए एक ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से घायल हुए पूर्व विधायक के एक पैर में फैक्चर आने पर अलवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद वन मंत्री संजय शर्मा पूर्व विधायक यादव को इलाज के लिए सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर ले गए। यादव अल सुबह करीब 5 बजे साइकिलिंग करने के लिए घर से निकले थे।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ट्रक लगने की टक्कर से घायल होने की खबर जैसे ही वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल किशनगढ़बास नगर पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल खैरथल नगर पालिका अध्यक्ष हरीश रोघा सहित कार्यकर्ताओं व उनके चाहने वालों को मालूम पड़ी तो अस्पताल पहुंचे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भाजपा के राष्ट्रीय नेता ओम माथुर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित केंद्र और प्रदेश के नेताओं ने फोन पर पूर्व विधायक रामहेत से बात की। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जप्त कर लिया है। अलवर गीतांजलि हॉस्पिटल के डॉक्टर मुकेश ने बताया कि पूर्व विधायक के एक पैर की दो हड्डियां फैक्चर हुई है। खतरे की कोई बात नहीं है। जयपुर उपचार के लिए ले जाया जा रहा है।



विराट कोहली को पूरी स्वतंत्रता के साथ खेलना होगा। मैं चाहूंगा कि विराट और रोहित साथ में ओपनिंग करें। इसलिए मेरी पसंद टॉप क्रम में विराट और रोहित होंगे।
- सौरव गांगुली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान, विराट कोहली के बारे में कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **खुशी कादयान**



नेपाल में आयोजित साउथ एशियन अंडर-12 लॉन टेनिस प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत की खुशी कादयान ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। खुशी कादयान ने प्रतियोगिता में अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नेपाल, मालदीव, बांग्लादेश की टीमों को एकतरफा मुक़ाबले से हराते हुए टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रतियोगिता में आठ देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। ख़ुशी कादयान की इस स्वर्णिम जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्वकप फुटबॉल इतिहास को पहली हैट्रिक अर्जेंटीना के खिलाड़ी गुलियो स्टेविल ने मैक्सिको के खिलाफ की थी।

## दोस्ताना मैच में भारतीय महिला टीम उज्बेकिस्तान से हारी

ताशकंद, 1 जून। भारतीय महिला टीम को यहां बुन्योदकोर स्टेडियम में पहले मैत्री मैच में उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। लैंगम चाओबा देवी द्वारा प्रशिक्षित भारतीय टीम इस समय दो मैत्री मैच खेलने के लिए उज्बेकिस्तान में है। पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद, स्ट्राइकर खबीबुलेवा डोएरा ने हैट्रिक बनाकर मेजबान टीम को शुक्रवार को आसान जीत दिला दी। पहले हाफ में भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के हमलों का संयम से सामना किया। आशालता देवी की अगुवाई में रक्षापंक्ति ने एक अनुशासित रेखा बनाए रखी और पूरे अवधि के दौरान गोल नहीं होने दिया। दूसरे हाफ में खेल चार मिनट बाद पासा पलट गया जब संजू को बॉक्स के अंदर हैंडबॉल के लिए दंडित किया गया। क्रॉस को रोकने के प्रयास में गेंद डिफेंडर की बांह पर लगी। इस बीच खाबीबुलेवा डोयरा ने मेजबान टीम का खाता खोलने में कोई गलती नहीं की। डोयरा ने जल्द ही 75वें मिनट में दूसरा गोल करके खेल में अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। डोएरा ने 89वें मिनट में लोट पिक के साथ अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत और उज्बेकिस्तान के बीच दूसरा मैत्री मैच 4 जून को खेला जाएगा।

## अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप का उत्साह देख खुश हूं : कोहली

अमेरिका, 1 जून। भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने कभी अमेरिका में क्रिकेट खेलने के बारे में नहीं सोचा था और वहां टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन दुनिया में इस खेल के बढ़ते प्रभाव को दिखाता है। आगामी दो जून से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी अमेरिका और वेस्टइंडीज कर रहे हैं। बता दें कि, कोहली शुक्रवार शाम न्यूयॉर्क पहुंच और अब वह टूर्नामेंट की तैयारियों में लग गए हैं। उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास, मुंबई द्वारा एक्स पर जारी एक वीडियो में कहा कि, सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम अमेरिका में किसी भी तरह का क्रिकेट खेलेंगे। लेकिन अब ये बात हकीकत बनने जा रही है। कोहली ने आगे कहा कि आईसीसी दुनिया के अन्य हिस्सों में क्रिकेट का प्रसार और विस्तार करना चाहती है और अमेरिका में टी20 वर्ल्ड कप के आयोजन के दूरगामी परिणाम होंगे। भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में ग्राप-ए में शामिल है जिससे आयरलैंड, अमेरिका, पाकिस्तान और कनाडा की टीमें मौजूद हैं। भारत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ इस वैश्विक टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद टीम 9 जून को अपने चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगी।

## त्रिशा-गायत्री की जोड़ी सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में हारी

कल्लांग, 1 जून। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 के महिला युगल सेमीफाइनल में शनिवार को जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया। आज यहां जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा की जोड़ी से 47 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में त्रिशा-गायत्री की भारतीय जोड़ी को 23-21-21-11 से हराया। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में दो अंकों की बढ़त के साथ शुरुआत की। लेकिन इसके बाद त्रिशा- गायत्री को मैच में काफी संघर्ष करना पड़ा। जापानी जोड़ी ने 16-12 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय जोड़ी ने कड़ी टक्कर देकर स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। इसके बाद नामी-चिहारू की जोड़ी ने लगातार अंक हासिल कर 23-21 से पहला गेम जीत लिया। जापानी जोड़ी ने दूसरे गेम में अपनी लय बरकरार रखते हुए भारतीय जोड़ी पर आठ अंकों से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद त्रिशा और गायत्री की जोड़ी मैच में बढ़त बनाने की सारे प्रयास विफल रहे और जापानी जोड़ी ने 17-4 से बड़ी बढ़त बनाते हुए आसानी से 21-11 से दूसरा गेम जीतकर टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## नेपाल और नीदरलैंड टी-20 विश्वकप में कर सकते हैं उलटफेर : गिलक्रिस्ट

बारबडोस, 1 जून। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट का मानना है कि नेपाल और नीदरलैंड टी20 विश्व कप में बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी टीमों के खिलाफ चौंकाने वाले परिणाम दे सकते हैं। नेपाल और नीदरलैंड को बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। गिलक्रिस्ट का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के कारण नेपाल की टीम काफी मजबूत हो गई है। गिलक्रिस्ट ने शनिवार को एसईएन रेडियो से कहा,“मेरा मानना है कि नेपाल एक ऐसी टीम है जो अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। उसके पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो पिछले कुछ वर्षों से लगातार बड़ी लीग में खेल रहे हैं। ” नेपाल को हालांकि विश्व कप से पहले बड़ा झटका लगा है क्योंकि उसके लेग स्पिनर संदीप लामिछाने अमेरिका का वीजा नहीं मिलने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। नीदरलैंड की टीम ने 2022 में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कपमें दक्षिण अफ्रीका को हराकर उलटफेर किया था और गिलक्रिस्ट का मानना है कि इस टीम को हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा,“ नीदरलैंड की टीम हमेशा चुनौती पेश करती है तथा वह फिर से उसी ग्रुप में है जिसमें दक्षिण अफ्रीका है।

# भारत ने विश्व चैम्पियन जर्मनी को घुटनों पर बैठाया

**भारत एफआईएच प्रो. लीग 2023-24 में 13 मैचों में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा**



लंदन, 1 जून। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के अंतिम चरण के पहले मैच में शनिवार को विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-0 से हराया। ली वैली स्टेडियम में खेले गये मैच में भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (16वें मिनट में), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने गोल किए। वहीं, जर्मनी एक भी गोल नहीं कर सका। भारत एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में 13 मैचों में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय टीम ने शुरू से ही मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। मैच शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही भारत को पहला गोल करने का मौका मिला, लेकिन टीम सफल नहीं हुई। वहीं जर्मनी को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम एक भी मौके का फायदा नहीं उठा सकी और पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में गोल की तलाश में उतरी भारतीय टीम ने 16वें मिनट में अपना पहला गोल किया।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-0 कर दिया। भारत ने बढ़त के साथ आक्रामकता के साथ खेलते हुए जर्मनी पर अपना दबदबा बनाए रखा और पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 1-0 ही रहा। जर्मनी ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन वह उसे भुनाने में सफल नहीं रही। दूसरे हाफ में जर्मनी ने अटैक के साथ शुरुआत की और मौके ढूंढने शुरू कर दिए, लेकिन भारतीय डिफेंस ने अच्छे प्रदर्शन की बदौलत उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। तीसरे क्वार्टर में जर्मनी ने पेनल्टी कॉर्नर अपने नाम किया, लेकिन टीम स्कोर बराबर करने में नाकाम रही।

41वें मिनट में सुखजीत सिंह फील्ड गोल करते हुए अपनी टीम की बढ़त को दोगुना करने में सफल रहे। इस गोल के दो मिनट बाद ही गुरजंत सिंह भी गोल दागने में सफल रहे, जिसके साथ भारत ने 3-0 की बढ़त बना ली। तीसरे क्वार्टर में भारत ने दो गोल किए, जबकि जर्मनी एक भी मौके का फायदा नहीं उठा सका। चौथा क्वार्टर गोल रहित रहा। आत्मविश्वास से लबरेज़ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और जर्मनी को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। जर्मनी ने एक बार फिर गोल करने की कोशिश की, पी आर श्रीजेश ने इसे रोक दिया। जर्मनी ने अटैक करना जारी रखा और तीन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन गोल करने में कामयाब नहीं हुए। भारत ने 3-0 की बढ़त के साथ जीत दर्ज की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अगला मैच 2 जून को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

# दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से लिया संन्यास



नई दिल्ली, 1 जून। टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले लिया है। विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक ने 1 जून को अपने 39वें जन्मदिन पर संन्यास का ऐलान किया। कार्तिक हालिया आईपीएल सीजन में आरसीबी के लिए खेलते दिखे थे। कार्तिक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपने दो दशक से ज्यादा लंबे क्रिकेटिंग करियर को याद किया है।


कार्तिक ने पर लिखा, पिछले कुछ दिनों में मुझे जो स्नेह, समर्थन और प्यार मिला है, उससे मैं अभिभूत हूं। इस चीज को संभव बनाने वाले सभी फैंस के प्रति मेरी गहरी कृतज्ञता और हार्दिक धन्यवाद। काफी समय तक इस पर विचार करने के बाद मैंने क्रिकेट से हटने का निर्णय लिया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं, अपने खेल के दिनों को पीछे छोड़कर आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हो रहा हूं।

कार्तिक कहते हैं, मैं अपने कोचों, कप्तानों, चयनकर्ताओं, टीममेट्स और सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस लंबी यात्रा को सुखद और आनंददायक बनाया है। मैं खुद को उन कुछ भाग्यशाली लोगों में से एक मानता हूं जिन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। इतने सारे फैंस और दोस्तों की सद्भावना अर्जित करने के लिए मैं और भी भाग्यशाली हूं।

कार्तिक ने आगे कहा कि, इन सभी वर्षों में मेरे माता-पिता मेरी ताकत और समर्थन के स्तंभ रहे हैं और उनके आशीर्वाद के बिना मैं आज जो कुछ भी हूं, वह नहीं होता। मैं दीपिका का भी बहुत आभारी हूं, जो खुद एक पेशेवर खिलाड़ी हैं। हमारे महाने खेल के सभी फैंस को बहुत-बहुत धन्यवाद। आपके समर्थन और शुभकामनाओं के बिना क्रिकेट और क्रिकेटर्स का अस्तित्व वैसा नहीं होता।

दिनेश कार्तिक का इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू एमएस धोनी से पहले हुआ था। कार्तिक ने नवंबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में किया था। वहीं धोनी ने अपना टेस्ट डेब्यू चेन्नई में श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर 2005 में किया। धोनी का वनडे डेब्यू दिसंबर 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में था। हालांकि, टी20 डेब्यू धोनी और डीके का एक ही मैच में था, जो साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला गया था।

# कोर्डा को हरा कर अल्कराज रोलांड गैरोस के अगले दौर में



पेरिस, 1 जून। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ ने फ्रेंच ओपन में रोलांड गैरोस 2024 के 16वें राउंड में शनिवार को अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में 4-6, 6(5)-7, 3- से हरा दिया। पहले सेट में की शुरुआत में ही अलकराज ने कोर्डा की सर्विस ब्रेक कर दी, लेकिन कोर्डा ने तेज जवाबी हमला बोलते हुये स्कोर को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। अलकराज ने 4-4 पर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया और सेट 4-6 से जीत लिया। दूसरे सेट में अल्काराज़ ने कोर्डा की सर्विस तोड़कर 1-1 से बराबरी कर ली और कोर्डा के प्रतिरोध के बावजूद अपनी बढ़त बरकरार रखी। सेट का समापन तनावपूर्ण टाई-ब्रेक में हुआ, जिसमें अलकराज 5-7 से विजयी रहा। अलकराज ने तीसरे सेट में अपना दबदबा बनाया, कोर्डा की शुरुआत में ही सर्विस ब्रेक की और अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए 3-6 से जीत हासिल की। अगले दौर में उनका सामना बेन शेल्टन और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## माइक टायसन से यू ट्यूबर जेक पॉल का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से हुआ स्थगित

लॉस एंजिल्स, 1 जून। माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल से रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया है। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है।

टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे तो उन्हें चिकित्सा इलाज की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आने की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है। जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं। साथ ही बयान में कहा गया कि माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें।

# डीपी मनु ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन की भाला फेंक स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक



चीनी ताइपे, 1 जून। भारतीय एथलीट डीपी मनु ने शनिवार को एथलेटिक्स ओपन 2024 टूर्नामेंट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। ताइवान के चीनी ताइपे में आज हुयी स्पर्धा में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डीपी मनु ने भाला फेंक फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 81.58 मीटर की दूरी दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

अप्रैल में इंडियन ग्रां प्री-1 जीतने और पिछले महीने फेडरेशन कप में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहने के बाद यह मनु का सत्र का तीसरा पोडियम फिनिश था। चीनी ताइपे के चेंग चाओ-त्सुन को 76.21 मीटर दूरी के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक, उनके हमवतन हुआंग चाओ-हंग ने 71.24 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। डीपी मनु ने फाइनल में अपना पहला प्रयास 78.32 मीटर का दर्ज करने के बाद बढ़त बना ली। उन्होंने तीसरे थ्रो में 80.59 मीटर की दूरी के साथ धीरे-धीरे अपनी बढ़त में सुधार किया।

चौथे प्रयास में फाउल के बाद मनु ने पांचवें प्रयास में अपने थ्रो की दूरी बढ़ाकर 81.52 मीटर कर ली और अंतिम प्रयास में 81.58 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ अपने प्रदर्शन को समाप्त किया। मनु को अभी भी भाला फेंक में 85.50 मीटर का थ्रो करते हुए पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड को पूरा करना बाकी है। हालांकि, वह एथलीट रैंकिंग के आधार पर भी पेरिस 2024 में जगह बना सकते हैं। इस बीच, भारत की नित्या रामराज ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.23 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीता। उन्होंने दिन की शुरुआत में हीट में 13.12 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड दर्ज किया।

## ओलंपिक गेम्स के दौरान होने वाला आतंकी हमला टला

फ्रांस, 1 जून। फ्रांस ने 2024 ओलंपिक में फुटबॉल मैचों को निशाना बनाने की आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। फ्रांसीसी अधिकारियों ने एक आतंकवादी हमले को सफलतापूर्वक रोक दिया है, जो पूर्वी फ्रांस के लॉयर विभाग के एक शह सेंट एटिने में 2024 ओलंपिक खेलों के दौरान फुटबॉल मैचों को टारगेट करने की साजिश रची जा रही थी। फ्रांसीसी मंत्रालय के अनुसार आंतरिक मामलों के विभाग ने चेचन मूल के एक 18 वर्षीय संदिग्ध को विफल आतंकी साजिश के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। फ्रांसीसी अधिकारियों ने पेरिस में इस ओलंपिक खेलों के दौरान फुटबॉल मैचों को निशाना बनाकर आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में एक 18 वर्षीय चेचन नागरिक को गिरफ्तार किया, क्योंकि खेलों से पहले वैश्विक तनाल के बीच फ्रांस अपने उच्चतम स्तर के सुरक्षा अलर्ट पर है। फ्रासीसी आंतरिक मंत्रालय के अनुसार, संदिग्ध को इस्लामवादी प्रेरित हमले की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## यूएसए और कनाडा के बीच मैच से होगा ट्वटी-20 विश्वकप का आगाज

टेक्सास, 1 जून। अमेरिका के टेक्सास स्थित ग्रांड प्रेयरी स्टेडियम में यूएसए और कनाडा के बीच आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के ऐतिहासिक उद्घाटन मैच के साथ इस आयोजन के नौवें संस्करण की शुरुआत होगी। टेक्सास में उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर पूरे अमेरिका में नए दर्शकों के लिए क्रिकेट को प्रसारित किया गया। अमेरिका पहली बार आईसीसी विश्व कप आयोजन की सह-मेजबानी कर रहा है। उत्साह का केंद्र बिंदु एक लाइटिंग प्रोजेक्शन शो था, जिसमें न्यूयॉर्क शहर के रॉकफेलर सेंटर बिल्डिंग में अब तक के सबसे बड़े आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सभी 20 कप्तान शामिल थे।

## अभ्यास मैच में श्रीलंका और अफगानिस्तान की जीत

फ्लोरिडा, 1 जून। श्रीलंका और अफगानिस्तान ने अभ्यास मैचों के अंतिम दिन जीत के साथ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी तैयारी को धार दी। दासुन शनाका ने आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका की 41 रन की जीत में चार विकेट लिए, जबकि गुलबदीन नायब के तेज अर्धशतक की बदौलत अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड को 55 रन से हरा दिया। भारत और बांग्लादेश शनिवार को एक अभ्यास मैच खेलेंगे, जिसके बाद विश्वकप का पहला नियमित पहला मुकाबला डलास में अमेरिका और कनाडा के बीच खेला जायेगा। फ्लोरिडा में श्रीलंका ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन चौथे ओवर में उसके एक के बाद एक दो विकेट गिर गये। कप्तान वानिंदु हसरंगा (26) और शनाका (23) ने शुरुआत की, लेकिन आयरलैंड का आक्रमण अनुशासित रहा और एक समय श्रीलंका सात विकेट पर 125 रन बनाकर संघर्ष की स्थिति में आ गया था। बैरी मैक्कार्थी ने 31 रन देकर दो विकेट झटके।

## जयपुर के 11 वर्षीय रुद्रदमन मेरतिया का फर्स्ट ओपन क्लासिकल एफआईडीआई रेटिंग चैस टूर्नामेंट में धमाका

जयपुर, 1 जून। जयपुर में चल रही जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस द्वारा प्रस्तुत नौ चक्र की फर्स्ट जयपुर ओपन क्लासिकल एफआईडीआई रेटिंग चैस टूर्नामेंट में आज सातवें चक्र के बाद राज भोसले, बंगाल के अर्पण दास, दिल्ली के वंदन अलंकार, पुडुचेरी के एस बद्रीनाथ और असम के दोबोशनिक डे 6.5 अंक बनाकर बढ़त पर रहे। वहीं प्रथम दोनों बोर्ड पर पहले चारों खिलाड़ियों की बाजी बराबर रही और दोवोशनिक डे ने भी उत्तर प्रदेश के गोपाल कृष्ण (5.5) को हराकर 6.5 अंक बना लिए। आयोजन सचिव, जयेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि आज का मुख्य आकर्षण रहा 19वें बोर्ड पर रुद्रदमन मेरतिया (5.5) के हाथों दो बार के पूर्व नेशनल ए खिलाड़ी मध्य प्रदेश के फीडे मास्टर एस के राठौर की हार।

चैस पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, अमित गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के अन्य प्रमुख परिणामों में महाराष्ट्र के श्रायन मजूमदार ने राजस्थान के दिव्यांशु बावेल को; उदयपुर के अरुण कटारिया ने महाराष्ट्र के श्रुति काले को; बिहार के किशन कुमार ने हरियाणा के पृथ्वी शर्मा को; बिहार के सुधांशु रंजन ने दिल्ली के अमर्त्य कुमार को; बीकानेर के शेर सिंह ने जयपुर के उज्जवल दीप को; महाराष्ट्र के अर्णव कोली ने हरियाणा के चंदन चावला को; जयपुर के नारायण जोशी ने महाराष्ट्र के आशीष चौधरी को; हरियाणा के देवार्श ने आंध्र के कोला भावन को; महाराष्ट्र के राम विशाल ने जयपुर के भव्य गुप्ता को; बिहार के कुमार गौरव ने झारखंड के शौर्यदीप्त सरकार को; गुजरात के शुभ ने सनी बेदी को; उत्तराखंड के अद्विक सिंह ने गुजरात के स्नेह दवे को; बंगाल के आर्किस्मान पात्रा ने मध्य प्रदेश के मीतांश दीक्षित को; जयपुर के पंचरत्न हर्ष ने महाराष्ट्र के शांतनु को और मुकेश मंडलोई ने जयपुर के तक्ष जैन को हराया।

# वर्ल्डकप वॉर्मअप मैच : इंडिया ने 183 रन का टारगेट दिया

## 50 रन के अंदर बांग्लादेश की आधी टीम आउट, अर्शदीप को दो विकेट

अमेरिका, 1 जून। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इकलौते वॉर्मअप मैच में इंडिया ने बांग्लादेश को 183 रन का टारगेट दिया है। नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में इंडिया ने टॉस जीता और बल्लेबाजी में 2 एक्सपेरिमेंट किए। पहला-सैमसन को ओपनिंग भेजा, वो सिर्फ 1 रन बना पाए। दूसरा-पंत को 3 नंबर पर भेजा और उन्होंने फिफ्टी लगाई। हार्दिक पंड्या ने करीब 200 के स्ट्राइक रेट से 40 रन बनाए। सूर्य कुमार ने 31 रन की पारी खेली, स्ट्राइक रेट 172 से ऊपर था। जवाबी पारी में बांग्लादेश ने 10 ओवर में 5 विकेट पर 49 रन बना लिए हैं। तंजीद हसन और शाकिब अल हसन क्रीज पर हैं। अक्षर पटेल ने तौहीद हृदोय को रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। तौहीद 13 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह ने सौम्य सरकार (0 रन) और लिटन दास (6 रन) को पवेलियन भेजा। सिराज ने कप्तान नजमुल हसन शांतो (0 रन) का विकेट लिया।



## अल हिलाल के हाथों फाइनल मुकाबला हारने के बाद भावुक हुए रोनाल्डो

जेद्दा। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे। अल नासर को यह हार सऊदी प्रो लीग सत्र के समापन के चार दिन बाद मिली है। अल नासर प्रो लीग में अल हिलाल के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। अल हिलाल ने 14 अंकों के बड़े अंतर से अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ा था।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को सी.एम.ओ. में गृह विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि, राज्य सरकार भू-माफिया, बजरी माफियाओं, मादक पदार्थों के तस्करों एवं परीक्षा नकल गिरोहों का पूरी तरह से सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, पुलिस एवं प्रशासन के प्रति आम जन में विश्वास और सुदृढ होना चाहिये।*

# ‘आमजन को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है’

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने कार्यालय में गृह विभाग के बड़े अफसरों की समीक्षा बैठक में कहा

- **मुख्यमंत्री ने खनन माफिया, ड्रग माफिया, भूमाफिया, नकल माफिया और तमाम संगठित अपराधों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।**
- **मुख्यमंत्री ने महिलाओं के खिलाफ अपराध में जल्दी कार्यवाही करने और गौ तस्करी के खिलाफ अभियान चलान के निर्देश दिए।**
- **मुख्यमंत्री ने इसी क्रम में पुलिस अधिकारियों से जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखने की अपील भी की।**

जयपुर, 1 जून (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में गृह विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि, पुलिस के प्रति आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम होना चाहिए। पुलिस द्वारा अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई से देश में राज्य की पहचान अच्छी कानून व्यवस्था वाले प्रदेश के रूप में स्थापित होगी। शर्मा ने कहा कि, राज्य सरकार संगठित अपराध, भू-माफिया, बजरी माफिया, मादक पदार्थों के तस्करों तथा नकल गिरोह का पूरी तरह सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने 5 पड़ोसी राज्यों से समन्वय स्थापित कर अंतर्राज्यीय अपराधियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री शर्मा ने अवैध खनन रोकने के लिये संबंधित विभागों को संयुक्त अभियान चलाने, महिलाओं के खिलाफ अपराध पर समयबद्ध रूप से कार्यवाही करने तथा गो-तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस को जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार रखकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।

शर्मा ने कहा कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में आपराधिक घटना होने पर संबंधित पुलिस अधिकारियों की पूर्णतया जवाबदेही सुनिश्चित होगी। राज्य सरकार अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करेगी तथा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को नशीले पदार्थों के चंगुल से मुक्त कराना हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग तथा पुलिस विभाग की राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर तक कमेटियों का गठन कर नशा मुक्ति अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को और तेज करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर क्राइम की प्रभावी रोकथाम के लिए विशेषज्ञों की सेवाएं ली जायें तथा पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में विशेष प्रशिक्षण दिलाया जाये। उन्होंने अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनन्द कुमार को साइबर क्राइम बहुल जिलों के लिए अतिरिक्त पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से आमजन को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए भी कहा।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बताया कि, राज्य सरकार द्वारा चलाई गई 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत पुलिस को अपराध पर अंकुश लगाने में विशेष कामयाबी मिली है। अभियान के तहत संगठित अपराधियों और नकल गिरोह से जुड़े कई प्रमुख मुजरिमों की गिरफ्तारी, मादक पदार्थों की तस्करी में कमी, सरकारी सम्पत्ती को अतिक्रमण से मुक्ति जैसी कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

## इंडिया गठबंधन...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कांग्रेस ने कहा कि, वो एग्ज़िट पोल्स को गैर जरुरी मानती है क्योंकि, कुछ ही दिनों में मतगणना होने वाली है, भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा अपनी हार की मौन स्वीकृति बताया है। इसी दौरान, कांग्रेस ने टेलीविजन पर होने वाली एग्ज़िट पोल्स की बहस में हिस्सा लेने का निर्णय ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी दौरान, तमिलनाडु की कन्याकुमारी में स्थित विवेकानंद रॉक मैमोरियल पर 45 घंटे का “ध्यान सत्र” पूरा कर लिया और अब वे वापस दिल्ली आ रहे हैं।

# सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आज

## सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रेल को वोटिंग हुई थी, मतगणना सुबह 6 बजे शुरु होगी

- **सिक्किम में मुख्य रूप से सत्तारूढ़-सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और उसके प्रमुख विपक्षी, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच मुकाबला है। भाजपा सिर्फ 5 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है।**
- **अरुणाचल प्रदेश में भाजपा गठबंधन की जीत मानी जा रही है, क्योंकि, यहां मतदान से पहले ही भाजपा 10 सीटें जीत चुकी है। इन 10 सीटों पर किसी भी विपक्षी उम्मीदवार ने नामांकन दर्ज नहीं करवाया था।**

नई दिल्ली, 1 जून। सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार को आएंगे। सिक्किम विधानसभा की 32 सीटों के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ वोटिंग हुई थी। मालूम हो कि सिक्किम में लोकसभा की केवल एक सीट है। मतगणना 2 जून को सुबह 6 बजे शुरू होगी। लोकसभा वोटों की गिनती 4 जून को होगी। सिक्किम में मुख्य रूप से सत्तारूढ-सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और उसके प्रमुख विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच मुकाबला है। भारतीय जनता पार्टी लगभग 5 सीटों पर लड़ाई में है। इसके अलावा सिटिजन एक्शन पार्टी भी मैदान में थी, जो धीरे-धीरे एक ताकत के रूप में उभर रही है।

सिक्किम में एसकेएम लगातार दूसरी बार सत्ता बरकरार रखने के प्रयास में है। एसडीएफ साल 2019 तक 25 साल तक सत्ता में रहा जो अब वापसी की कोशिश कर रहा है। पार्टी अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग गोले सहित एसकेएम नेताओं ने दावा किया कि यह चुनाव उनके लिए आसान रहेगा। उन्होंने कहा कि सिक्किम के मतदाता पार्टी को 5 साल का कार्यकाल देंगे। एसकेएम के प्रवक्ता जैकब खालिंग राय ने कहा, हम 32 में से 26 से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं। राज्य के वोटर्स एसडीएफ को एक और मौका नहीं देने वाले हैं, जिसका 25 साल का लंबा कार्यकाल भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से भरा था।

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भी मतों की गिनती 2 जून को सुबह 6 बजे शुरू होगी। अरुणाचल में 19 अप्रैल को विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ हुए थे। अधिकारी ने कहा, ‘2 जून को विधानसभा चुनाव और 4 जून को लोकसभा चुनाव के मतों की गिनती के लिए 2000 से अधिक कर्मी तैनात किए जाएंगे।’ मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती दो जून को सुबह 6 बजे शुरू होगी।

लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती 4 जून को सुबह आठ 8 बजे शुरू होगी। सैन ने कहा, इस बार हमने एक जिले के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना एक साथ कराने का फैसला किया है और दोपहर तक परिणाम घोषित करने का प्रयास करेंगे। मतगणना की जानकारी प्रसारित करने के लिए सभी मतगणना केंद्रों में मीडिया केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

## ‘गृह मंत्री शाह...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जयराम रमेश ने जोर देकर कहा: “इसे बिल्कुल स्पष्ट होने दें: जनता की इच्छा रंग लायेगी और 4 जून को श्री मोदी, श्री शाह तथा भाजपा सत्ता से बाहर जाएगी और इंडिया जनबंधन विजयी होगा।”

## रानीखेत उर्स मेले में आंधी तूफान से गिरा पेड़, एक की मौत, आठ घायल

अल्मोड़ा/नैनीताल, 1 जून (वार्ता)। उत्तराखण्ड की पर्यटक नगरी रानीखेत में शनिवार को उर्स मेले में आये आंधी तूफान से एक पेड़ की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत गई जबकि आठ अन्य लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीखेत में कालू सिद्ध बाबा की मजार पर आज उर्स मेले का आयोजन चल रहा था। दोपहर में मौसम में यकायक परिवर्तन आया और आंधी तूफान चलने लगा।

इसी दौरान एक पेड़ धराशाई हो गया जिसकी चपेट में नौ लोग आ गए। इनमें से संजू देवल की मौत हो गई जबकि अन्य घायल हो गए जिनमें कृष्णा, सरताज, हिमांशु, मेघा, राजपाल, नबी अहमद और नासिर शामिल हैं।

## मायावती का खाता भी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चुनाव 2022 में बसपा ने प्रदेश की 403 सीटों में से केवल 1 सीट पर जीत दर्ज की। हालांकि, उसका वोट शेयर 12.9 फीसदी था, जो यूपी में जाटव वोट बैंक के आसपास था। यूपी में दलितों की आबादी 21 फीसदी के करीब है। इसमें जाटव वोटरों का शेयर करीब 13 फीसदी है।यूपी चुनाव 2022 में बसपा का सबसे कम वोट शेयरों में से एक था। लोकसभा चुनाव में जब बसपा को यूपी में एक भी सीट नहीं मिली थी, तब उसका वोट शेयर 19.77 फीसदी था। 2017 के विधानसभा चुनावों में जब उसने 19 सीटें जीतीं, तो उसे 22.23 फीसदी वोट मिले। लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा ने सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने आगे बढ़कर मायावती के साथ चुनावी गठबंधन किया था। हालांकि, अब मायावती दलित पॉलिटिक्स पर अपनी पकड़ को उस स्तर पर बनाए रखने में कामयाब होती नहीं दिख रही हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में बसपा का वोट शेयर 2022 के भी नीचे जाने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है।

चुनाव सर्वेक्षण रिपोर्ट इस बात की तरफ इशारा कर रहे हैं कि मायावती अपनी दलित राजनीति की जमीन को गंवा रही हैं। यूपी की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर खाता नहीं खोल पाने की स्थिति में खड़ी दिख रही। वहीं, बसपा के कैडर वोटों का बंटवारा एनडीए और इंडिया के बीच होता दिख रहा है। बहुजन समाज पार्टी के वोट बैंक पर समाजवादी पार्टी और भाजपा कब्जा जमाती दिख रही है। खाद्यान्न योजना के तहत 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज वितरण ने दलित वर्ग में बड़ा असर दिखाया है। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की इस योजना को गरीब तबके में बड़ा प्रभाव डाला है।

## 13 दल शामिल हुए इंडिया...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा संजय सिंह और राघव चड्ढा मौजूद थे। द्रमुक नेता टी.आर. बालू, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव व संजय यादव, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एल.) के नेता चम्पई सोरेन और कल्पना सोरेन, जे. एण्ड के. की नैशनल कॉन्फ्रैंस के नेता डॉ. फारूख अब्दुल्ला, सी.पी.आई. के सीताराम येचुरी, शिव सेना (ठाकरे ग्रुप) के नेता अनिल देसाई, सी.पी.आई. (एम.एल.) के दीपांकर भट्टाचार्य, बिहार की विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी उपस्थित थे।

खड़गे ने मीटिंग में बताया कि संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है और सभी पार्टियों के नेता एवं कार्यकर्ता एकदम चौकस हैं।

# 63 अभियंताओं ने सिंचाई परियोजनाओं का दो दिवसीय फील्ड विज़िट किया

## जलसंसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने अभियंताओं को इस संबंध में निर्देश दिये थे

- **प्रदेश में भारी गर्मी और लू के हालात के मद्देनज़र सिंचाई परियोजनाओं पर कार्यरत श्रमिकों के लिए समुचित व्यवस्था करने के उद्देश्य से फील्ड विज़िट के निर्देश दिए गए।**
- **इंजीनियर्स ने 30 व 31 मई को फील्ड विज़िट किया तथा वहीं रात्रि प्रवास भी किया और अब वे अपनी रिपोर्ट हाई अथॉरिटी को भेज रहे हैं।**

जयपुर,1 जून। जल संसाधन विभाग के 63 अधिशासी अभियंताओं ने प्रदेश की सिंचाई परियोजनाओं का 30 एवं 31 मई, 2024 को फील्ड विज़िट किया एवं उसी स्थान पर ही रात्रि विश्राम किया। प्रदेश में तेज गर्मी व लू के हालात हैं इसलिए अतिरिक्त मुख्य सचिव, जलसंसाधन मंत्रालय, अभय कुमार ने इन अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वे सिंचाई परियोजनाओं का दौरा करे और वहीं प्रवास भी करे। इंजीनियर्स ने परियोजना स्थल पर छाया, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति की व्यवस्थाएं देखी ताकि वहां के श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों को भीषण गर्मी में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। अभियंताओं ने वहां मौजूद अधिकारियों को इस संबंध में माकूल व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

जल संसाधन मंत्रालय के मुख्य अभियंता भुवन भास्कर ने बताया कि फील्ड निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को कार्य की भौतिक और वित्तीय प्रगति, किसी भी समस्या और उसके समाधान के उपाय सुझाने के साथ निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यह रिपोर्ट संबंधित ज़ोनल मुख्य अभियंता और अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य सचिव, जलसंसाधन अभय कुमार को प्रस्तुत की जाएगी।

उन्होंने बताया कि फील्ड विज़िट के दौरान अधिकारियों ने साइट पर श्रमिकों के लिए छांव और पेय जल की उपलब्धता देखी और श्रमिकों के साथ आने वाले बच्चों की देखभाल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तथा उचित निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री मोदी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय “सूर्य अर्घ्य” दिया। ‘सूर्य अर्घ्य’ आध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ी एक परंपरा है, जिसमें भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर ध्यान लगाते समय मोदी भगवा वस्त्र पहने हुए थे।

‘सूर्य अर्घ्य’ आध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ी एक परंपरा है, जिसमें भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि दिन में प्रधानमंत्री ने एक लोटे से समुद्र में सूर्य को जल अर्पित किया और माला जपी।

उन्होंने बताया कि मोदी भगवा वस्त्र पहने हुए थे और उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। वह अपने हाथों में ‘जाप माला’ लेकर मंडपम के चारों ओर चक्कर लगाते दिखे।

कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए मशहूर है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।

# राहुल गांधी ने पत्र लिखकर राष्ट्रपति से अग्निवीर योजना में हस्तक्षेप करने की मांग की

## राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के नाम लिखा यह पत्र एक्स पर पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि, अग्निवीर योजना सेना में भर्ती होने के इच्छुक देशभक्त युवकों के साथ अन्याय है, इसलिए उन्हें इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए

- **राहुल गांधी ने कहा, “माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी, अग्निपथ योजना में मूलभूत दोष - सैनिकों के एक नये काडर का निर्माण है, जिसमें कम वेतन, कम लाभ है, इसलिए समान कार्यों के लिए समान वेतन पर काम करने की उम्मीद की जाती है।**

नयी दिल्ली, 1 जून (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अग्निवीर योजना को भेदभावपूर्ण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए कहा है कि यह योजना सेना में भर्ती होने के इच्छुक देशभक्त युवकों के साथ अन्याय है, इसलिए उन्हें इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।

गांधी ने 31 मई को राष्ट्रपति को लिखा यह पत्र शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि श्रीमती मुर्मू चुनी हुई सरकार के नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, लेकिन वह देश की तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर हैं। यह योजना अत्यंत गंभीर है इसलिए इस मुद्दे पर वह राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने का आग्रह कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, “मैं आपसे अपील करता हूं कि आप अपने प्रतिष्ठित कार्यालय का उपयोग अग्निवीर सैनिकों के साथ न्याय करने के लिए करें। आप सुनिश्चित करें कि अग्निवीर सैनिकों को हमारी मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले किसी भी सैनिक के समान लाभ मिले।”

राहुल गांधी ने कहा, ”माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी, अग्निपथ योजना में मूलभूत दोष - सैनिकों के एक कम कैडर का निर्माण है जिसमें कम वेतन, कम लाभ हैं इसलिए समान कार्यों के लिए समान वेतन पर काम करने की उम्मीद की जाती है। उन्होंने अपने पत्र में पंजाब के रामगढ़ सरदारन गांव के 23 साल के शहीद अग्निवीर अजय कुमार का जिक्र किया और कहा कि वह उनके गांव गए थे। यह बहादुर सैनिक नियंत्रण रेखा पर शहीद हुआ था और उनके परिवार के लोगों को उनकी शहादत पर गर्व है।

कांग्रेस नेता ने लिखा कि वह शहीद अजय कुमार की छह बहनों से भी मिले, लेकिन उन्हें यह सुनकर गहरा आघात पहुंचा कि शहीद अग्निवीर को शहादत पर वह सम्मान नहीं मिल रहा है जो अन्य सैनिकों को मिलता है। शहीद के परिजनों को सामाजिक सुरक्षा नहीं दी जा रही है, जो दुखद है इसलिए अग्निवीरों के लिए भी वही योजना लागू होनी चाहिए जो स्थाई सैनिकों के लिए है।

## एग्ज़िट पोल्स बंगाल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

यह ताकतवर की मनमानी के खिलाफ सामान्य जन का खामोश विरोध है। राज्य की पूरी पुलिस फोर्स के सत्तारूढ़ पार्टी के सहयोग में आगे आने के बावजूद स्थिति में मौलिक बदलाव हुआ।

तृणमूल के सीनियर नेताओं की संलिप्तता से हुए एक के बाद एक घोटालों, घोटालेबाजों को किसी और के नहीं, बल्कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के सहयोग, उनकी मनमानी और एक ही राग अलापने से परहेज ना करने ने ही संभवता वोटर्स की भावनाओं को उत्तेजित किया होगा।

ममता बनर्जी मतदाताओं को धमकाकर अपनी बात मनवाने में बदमाशों और दबंगों पर निर्भर रहीं। जब संदेशखाली में सत्ता और पद के दुरूपयोग की कलई खुल गई, तब भी सत्तारूढ़ सरकार ने उन्हें स्वीकार करने से इन्कार किया। ममता बनर्जी संदेशखाली के मुख्य अपराधी के समर्थन में खुलकर सामने आ गई और राज्य की पुलिस ने भी मुख्य संदिग्ध शेख शाहजहाँ को विभिन्न बहाने बनाकर गिरफ्तार करने से मना कर दिया था। सामान्य गलतियों को छोड़ दें तो बंगाल में भाजपा नेताओं की संगठनात्मक क्षमता परिणामों में भी झलकती है। पिछले कुछ वर्षों में, भाजपा ने जमीनी स्तर पर पार्टी का संगठन विकसित किया है। इसी के आधार पर वह जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की अटूट निष्ठा का दावा करती है। जमीनी स्तर पर तृणमूल कांग्रेज ने अपने गुंडों की मदद से भाजपा के दमन का हरसंभव तरीका अपनाया, भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्याएं गईं कार्यकर्ताओं को उनके घर से बाहर खदेड़ दिया, उनके परिवार वालों को धमकियां दी गई और उनको आजकल राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही न्यूनतम आधारभूत सुविधाओं से भी वंचित किया गया।

शुभेन्दु अधिकारी व दिलीप घोष जैसे पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं ने पार्टी के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में जोश फूंका और पार्टी को राजनैतिक आधार पर संगठित किया। यह भारत के सभी राजनीतिक दलों के लिए जबरदस्त सबक है कि भले ही भ्रष्ट व अमानवीय पार्टी को सरकारी मशीनरी के आकाओं का समर्थन प्राप्त हो, वह जनता द्वारा अस्वीकृत करने व विद्रोह करने पर जीवित नहीं रह सकती है।

## मई में जी.एस.टी. संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली, 1 जून (वार्ता)। गुड्स एण्ड सर्विसेज़ (जी.एस.टी.) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 157090 करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने अप्रैल मई में कुल मिलाकर जीएसटी राजस्व संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित राजस्व की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2024 में पहली बार जीएसटी संग्रह रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुये 210267 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपये की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था। वित्त मंत्रालय ने आज मासिक जी.एस.टी. संग्रह के आंकड़े जारी किये जिसके अनुसार रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा है।

# आम चुनावों के अंतिम चरण में 59 प्रतिशत मतदान, बंगाल व पंजाब में छिटपुट हिंसा

## प.बंगाल में सर्वाधिक 69.89 प्रतिशत वोट डाले गये तथा बिहार में मत प्रतिशत सबसे कम 49.35 प्रतिशत रहा

- **पंजाब के जालंधर के गांव मंसूरपूर मंडाला के पोलिंग बूध पर खूनी झड़प में आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियारों से हमला कर एक पोलिंग एजेंट, तजिंदर सिंह को घायल कर दिया। पुलिस ने इस घटना के संबंध में 12 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया है।**

नयी दिल्ली, 1 जून (वार्ता)। लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 59 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। कुछ स्थानों पर स्थानीय आवश्यकता के अनुसार मतदान बंद होने के समय में परिवर्तन किया गया।

निर्वाचन आयोग ने अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद को संपन्न बनाने में सहयोग के लिये मतदाताओं, राजनीतिक दलों, मतदान मशीनरी और इसमें शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

निर्वाचन आयोग द्वारा शाम साढ़े सात बजे उपलब्ध करायी सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान की गति के मामले में आगे रहा और वहां सर्वाधनिक 69.89 प्रतिशत वोट डाले गये। बिहार में मत प्रतिशत 49.35 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। ओडिशा विधानसभा के आखिरी चरण में 42 सीटों पर 62.76 प्रतिशत वोट डाले गये।

लोकसभा की इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे, बहुजन समाज पार्टी ने 56 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे जबकि भाजपा 51 तथा कांग्रेस 31 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सातवें और अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

पंजाब के जालंधर के गांव मंसूरपुर मंडाला के पोलिंग बूध पर खूनी झड़प में आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियारों से हमला कर एक पोलिंग एजेंट तजिंदर सिंह को घायल कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोलिंग बूथ पर आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियार से हमला कर तजिंदर सिंह को घायल कर दिया है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में 12 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया है। वर्ष 2019 के चुनावों में इन सीटों पर सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 39.03 मत प्रतिशत के साथ 30 सीटें, विपक्षी गठबंधन को 37.52 प्रतिशत के साथ 19 सीटें मिली थीं। आठ सीटें अन्य दलों के खातें में गयी थीं। लोकसभा की 543 सीटों पर सात चरणों में हुये मतदान की प्रक्रिया आज संपन्न हो गयी। मतगणना चार जून को होगी।

आज जिन प्रमुख सीटों पर मतदान कराया गया, उनमें उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट भी है, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला कांग्रेस के अजय रॉय के बीच है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अकाली दल के नेता हरसिमरत कौर बादल (बठिंडा) और बैजयंत पांडा (भाजपा) केन्द्रपाड़ा, ओडिशा, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी (डायमंड हार्बर), भाजपा के रविशंकर प्रसाद ( पटना साहिब) और अभिनेत्री कंगना रानौत ,(मंडी हिमाचल प्रदेश) के भाग्य का फैसला आज के मतदान से होने जा रहा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908